भोपाल, शनिवार 29 मार्च 2025 haribhoomi.com

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



बैंकॉक में भूकंप के दौरान एक ऊंची इमारत की छत पर बने स्वीमिंग पूल से पानी गिरता नजर आया।

## बैंकॉक में बहुमंजिला इमारत पत्ते की तरह ढह गई



### म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत में हिली धरती

# 7.7 के झटके से 5 देश 'डोले'

**144** की मौत
**110** दबे
**700** से अधिक घायल

- म्यांमार में भूकंप के झटके 6 बार आए, 10 किमी गहराई में था केंद्र
- म्यांमार में इमरजेंसी लागू हुई, भारत ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार की दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। म्यांमार में 7.7 व 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद छह क्षेत्रों और राज्यों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, जिसका केंद्र देश के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास था। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई इमारतें ताश के पत्तों की तरह धराशाई हो गईं। कई इमारतें ढह चुकी हैं। एक्सप्रेसवे को नुकसान पहुंचा है और पुल गिर गए ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी



### भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय सूचना नहीं

*बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने थाईलैंड में भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर +66 618819218 जारी किया है। दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि थाई अधिकारियों के साथ समन्वय में स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। अब तक किसी भी भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।*

### पीएम मोदी ने जताई चिंता

## भारत ने की मदद की पेशकश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आपदा पर गहरी चिंता जताई और एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि भारत हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने लिखा, सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं, भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में हमने अपने अधिकारियों को तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के संपर्क में रहने को कहा है।

### थाईलैंड में भूकंप के बावजूद होगा बिम्सटेक शिखर सम्मेलन

## पीएम मोदी का दौरा फाइनल, श्रीलंका भी जाएंगे

थाईलैंड में भूकंप के बावजूद बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन होगा। इसमें भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल के पहले सप्ताह में थाईलैंड जाएंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड जाएंगे। पीएम मोदी 3 से 4 अप्रैल तक थाईलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की थाईलैंड की तीसरी यात्रा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 5वीं-8वीं के परिणाम: 90 से 92 फीसदी बच्चे हुए पास

# 5वीं में 2 और 8वीं में तीन प्रतिशत अधिक बच्चे पास



### राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिंह ने जारी किए परिणाम

▶▶ इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1 लाख 12 हजार 323 शासकीय और निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 23 लाख विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कक्षा पांचवी-आठवीं की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। शुक्रवार दोपहर 1 बजे राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिंह ने परीक्षा पोर्टल का रिजल्ट बटन क्लिक कर परिणाम घोषित किया।

इस परिणाम में प्रदेश के स्कूलों की कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 92.70 प्रतिशत रहा, जो कि, विगत वर्ष के परिणाम प्रतिशत 90.97 से लगभग 2 प्रतिशत अधिक है। वहीं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 90.02 रहा है जो कि पिछले वर्ष के परिणाम प्रतिशत 87.71 से लगभग 3 प्रतिशत अधिक रहा है।



**कक्षा 5वीं की परीक्षा में बालिकाओं ने टॉप किया**

### बालिकाएं रहीं आगे

कक्षा 5वीं की परीक्षा में बालिकाओं ने टॉप किया। बालिकाओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 94.12 रहा। जबकि बालकों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 91.38 रहा। यानि बालिकाओं की तुलना में करीब 3 प्रतिशत बालक कम उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 8वी में बालिकाओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 91.72 रहा। जबकि बालकों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 88.41 रहा है। इसमें भी 3 प्रतिशत का अंतर है।

### 5वीं में शहडोल व डिंडौरी और 8वीं में इंदौर-नरसिंहपुर आगे

परिणामों में कक्षा 5वीं में टॉप 10 संभाग क्रमशः शहडोल, चंबल, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन और सागर रहे। वहीं कक्षा 5वीं के परिणामों में टॉप 10 जिले क्रमशः डिंडोरी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, अनूपपुर, झाबुआ, सीधी, सीहोर, अलीराजपुर और छिंदवाड़ा रहे। वहीं कक्षा 8वी के परिणामों में टॉप 10 संभाग क्रमशः इंदौर, नर्मदापुरम, शहडोल, चंबल, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन ▶▶ शेष पेज 4 पर


### इतने बच्चे परीक्षा में हुए थे शामिल

इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1 लाख 12 हजार 323 शासकीय और निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 23 लाख विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिनमें से 95 हजार 417 विद्यालय ग्रामीण तथा 16 हजार 906 विद्यालय शहरी क्षेत्रों के हैं। इनमें 86 हजार 553 शासकीय, 25 हजार 101 निजी विद्यालय एवं ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366




### सिकंदर ने एडवांस बुकिंग में कमाए 9.67 करोड़



**मुंबई।** एक्टर सलमान खान की फिल्म सिकंदर 30 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल जैसे तमाम एक्टर्स नजर आने वाले हैं। सलमान खान के फैंस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार काफी बेसब्री से कर रहे हैं। खबर है कि सलमान खान की फिल्म की एडवांस बुकिंग 25 मार्च से शुरू हो चुकी है। एडवांस बुकिंग अभी स्लो चल रही है। जहां फिल्म के अभी तक 147518 टिकट्स बिक चुके हैं। जिससे 4.3 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ है। ब्लॉक सीट्स मिलाकर सिकंदर की एडवांस बुकिंग की बात करें तो इसने टोटल 9.67 करोड़ के आसपास का कलेक्शन कर लिया है। सलमान की लास्ट रिलीज टाइगर 3 साल 2023 में आई थी। अब सिकंदर का इंतजार है।

### कांग्रेस पार्षद पुत्र सहित 5 पर केस

## शेयर ट्रेडिंग एप के नाम पर 1 करोड़ 7 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

- 70 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ और पकड़ाए

धार पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग एप के नाम पर विभिन्न बैंकों की शाखाओं में फर्जी दस्तावेज और फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी तरीके से 1 करोड़ 7 लाख रुपए के लेन-देन करने में शामिल धार के पांच लोगों पर ठगी का मामला दर्ज किया है। ये लोग म्यूल खातों की राशि इधर-उधर करते थे। बदले में कमीशन मिलता था। शुक्रवार को कांग्रेस नेता व महिला पार्षद के बेटे लईक पुत्र रईस शेख निवासी पिंजारवाड़ी धार सहित पांच लोगों की तलाश शुरू कर दी है। मुख्य आरोपियों लईक अपने नौकर और सहायक जावेद उर्फ राजा के माध्यम से अन्य आरोपियों के खातों से साइबर ठगी के माध्यम से आए रुपयों को निकलवाता ▶▶ शेष पेज 4 पर



### नेपाल में हालात बेकाबू!

## काठमांडू में सेना उतरी, पुलिस फायरिंग में 2 की मौत, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

- राजशाही बहाली की मांग, शाम 5 से रात 10 बजे तक कर्फ्यू

राजशाही बहाली की मांग को लेकर पड़ोसी नेपाल जल उठा है! राजधानी काठमांडू में शुक्रवार को भारी हिंसक झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुए टकराव में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा घायल हुए। हालात को काबू में लाने के लिए नेपाली सेना को तैनात किया गया है। कोटेश्वर, टिंकुने, बनेश्वर और एयरपोर्ट जोन में शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। कुछ इलाकों में किसी को भी घूमने-फिरने की इजाजत नहीं होगी। कर्फ्यू के बावजूद, वैध टिकट वाले यात्रियों को एयरपोर्ट जाने की अनुमति दी जाएगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### मध्यप्रदेश की महिलाओं को मिली बड़ी सौगात

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जताया आभार

## 290 करोड़ की लागत से प्रदेश में बनेंगे 8 वूमेन वर्किंग होस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर मध्य प्रदेश की महिलाओं के लिए एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने राज्य के आठ जिलों में वूमेन वर्किंग हॉस्टल बनाने की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत 290.25 करोड़ रुपए की लागत से इन हॉस्टल्स का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में भी एक वूमेन वर्किंग हॉस्टल की स्थापना होगी, जिसकी लागत 76.46 करोड़ रुपए है। केंद्रीय महिला एवं बाल



विकास राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर ने इस पहल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य की महिलाओं के लिए एक नई दिशा का निर्धारण होगा और यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इनवूमेन वर्किंग हॉस्टल में महिलाओं को रहने, खाने और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। खासकर धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में बनने वाले हॉस्टल से वहां काम करने वाली महिलाओं को एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण मिलेगा, जो उनके जीवन को और बेहतर बनाएगा।

### 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ रुपए की राशि पहुंची

मंदसौर, खरगोन, शहडोल, दतिया और सीहोर जिले की हितग्राहियों से की चर्चा

## मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोंछती है और उनका सहारा बनती है संबल योजना



**मुख्यमंत्री ने सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को वर्चुअली संबोधित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए पैसा जरूरी होता है। प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोंछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत प्रदेश के 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में 550 करोड़ रुपए की राशि सिंगल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5,927 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए एक मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयः योजना में शामिल किया गया है। गरीब बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रुपए देने की व्यवस्था की है।



## नवरात्रि पर स्लीपर और एसी श्रेणी में सीटें खाली नहीं कुछ ट्रेनें पहले से हैं कैंसिल

# वेटिंग में भक्त.. देवी स्थलों की ओर जाने वाली मालवा, पंजाब, श्रीधाम और झेलम एक्सप्रेस में 10 अप्रैल तक नो-रूम, अधिकांश ट्रेनों में डेढ़ सौ से 230 की वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहा है। इसके चलते राजधानी भोपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी व मैहर देवी के दर्शन के लिए ट्रेनों में बुकिंग कराई है, जिसके चलते अधिकांश ट्रेनों में डेढ़ सौ से 230 की वेटिंग देखने को मिल रही है। कुछ ट्रेनों में तो नो-रूम की स्थिति है। ऐसे में अब बर्थ के लिए यात्रियों को तत्काल टिकट का सहारा है।

भोपाल सहित देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नवरात्रि पर प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर माता के दर्शन करने के लिए जाते हैं। इस बार वैष्णो देवी, मैहर की ओर जाने वाली ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। इन तीर्थ स्थलों पर झेलम एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, अंडमान एक्सप्रेस, पंजाब मेल, पठानकोट एक्सप्रेस, मंगला एक्सप्रेस, स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस, रेवांचल आदि ट्रेनें जाती हैं, लेकिन इन ट्रेनों में स्लीपर व एसी के किसी भी श्रेणी में कन्फर्म सीटें नहीं मिल रही है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति वैष्णो देवी जाने वाली ट्रेनों की है।




### एकाएक वेटिंग लिस्ट पहुंची 230 पर

यहां जाने वाले यात्रियों को दिल्ली से जम्मू जाने वाली ट्रेनों में भी कन्फर्म बर्थ नहीं मिल रही है। यात्रियों को एक दिन पहले तत्काल कोटे से ही कन्फर्म सीट मिलने की उम्मीद है। उसमें भी अधिक मांग होने के कारण गिने चुने यात्रियों को ही कन्फर्म टिकट मिल सकेगा। कुछ दिन पहले एसी व स्लीपर श्रेणी में इस ट्रेन में क्रमशः 40 से लेकर 150 तक बर्थ आसानी से उपलब्ध हो रही थीं, लेकिन नवरात्रि के चलते वैष्णो देवी के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं के कारण झेलम एक्सप्रेस की एसी और स्लीपर श्रेणी में एका-एक खासी वेटिंग मिल रही है, जबकि मालवा एक्सप्रेस में मां वैष्णो के दर्शन करने वालों के लिए एसी श्रेणी में आरएसी और स्लीपर में वेटिंग का टिकट मिल रहा है। जम्मूतवी-कटरा तरफ जाने वाली झेलम व मालवा में यह संख्या क्रमशः 110 से लेकर 230 या उससे अधिक पर पहुंच रही है।

### पीतांबरा पीठ दतिया जाने वाली ट्रेनों में भी वेटिंग

भोपाल से पीतांबरा पीठ दतिया जाने के लिए ट्रेनों में वेटिंग मिल रही है। वहीं, मैहर जाने के लिए भोपाल से शुरू होने वाली ट्रेन रेवांचल एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग मिल रही है। हालांकि रेलवे की ओर से करीब डेढ़ दर्जन लंबी दूरी की ट्रेनों को हाल्ट देकर मैहर जाने वालों को राहत दी गई है, लेकिन उनमें भी वेटिंग के हालात हैं।

## हनुमान जयंती मेले के लिए भोपाल-इटावा के बीच 7 फेरे के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

12 अप्रैल को हनुमान जयंती धूमधाम से देशभर में मनाई जाएगी। इसके चलते इटावा में मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में देशभर से श्रद्धालु शामिल होते हैं। यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा भोपाल-इटावा-भोपाल अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन (01601/01602) चलाई जा रही है। इस विशेष ट्रेन का संचालन कुल 7 फेरे में किया जाएगा। यह ट्रेन भोपाल से 30 मार्च, 1, 3, 5, 7, 10 एवं 12 अप्रैल 2025 को और इटावा से भी इन्हीं तारीखों पर चलाई जाएगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए रेलवे की अधिकृत पूछताछ सेवा 139 से ट्रेन की सही स्थिति की जानकारी लें।

### यह रहेगा ट्रेन का रूट और समय

गाड़ी संख्या 01601 ट्रेन भोपाल स्टेशन से सुबह 04:50 बजे प्रस्थान करेगी और अपने मार्ग में विदिशा, गंज बासौदा, मंडी बामौरा, बीना, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, बदरवास, कोलारस, शिवपुरी, मोहाना, घाटीगांव, पनिहार, ग्वालियर, शनिचरा, मालनपुर, जांवल, सोनी और भिंड स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन इटावा स्टेशन पर शाम 04:55 बजे पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 01602 ट्रेन इटावा स्टेशन से शाम 05:40 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग में भिंड, सोनी, जांवल, मालनपुर, शनिचरा, ग्वालियर, पनिहार, घाटीगांव, मोहाना, शिवपुरी, कोलारस, बदरवास, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना, मंडी बामौरा, गंज बासौदा और विदिशा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन भोपाल स्टेशन पर सुबह 08:05 बजे पहुंचेगी।

## खबर संक्षेप

### बोहरा समाज के 30 रोजे पूरे होने के बाद कल मनाएंगे ईद

**भोपाल।** रविवार को बोहरा समाज अपने तीस रोजे पूरे होने के बाद ईद मनाएगा। इस दिन समाज के लोग नमाज अदा करने के साथ एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश करेंगे। समाज के प्रवक्ता इब्राहिम अली दाउदी का कहना है कि रविवार को समाज के लोग ईद मनाएंगे। इस मौके पर समाज के धर्मगुरु को संदेश भी सभी तक पहुंचाया जाएगा। इधर शुक्रवार को अलविदा रोजे के साथ ही 27 रोजे पूरे हो गए हैं। अब रविवार को ईद का चांद रौयते हिलाल कमेटी देखेगी। चांद नजर आने के बाद सोमवार को ईद मनाई जाएगी, जबकि चांद नहीं दिखने पर मंगलवार को ईद मनाई जाएगी।

### स्टार्टअप के प्रति रुचि बढ़ाने 'इनोवेट एक्स' का आयोजन



**भोपाल।** शुक्रवार को भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन और ओरिएंटल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में 'इनोवेट एक्स' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृतिका ठाकुर श्रीवास्तव (मैनेजिंग डायरेक्टर इकोहोलिक्स, योगेश खाकरे डब्ल्यू 3 यूनिवर्सिटी एवं सीओओ, स्मार्ट सिटी भोपाल) और स्वप्निल त्रिपाठी (फाइनेंस ऑफिसर, डब्ल्यू 360आई) उपस्थित थे। सीईओ, सेरेब्रल लैब प्राइवेट लिमिटेड, महेंद्र जोशी ने इन तीनों उद्यमियों से उनके जीवन और कार्य प्रणाली के बारे में चर्चा की।

### एसीआरएसआई का 28वां एन्डोल्युमिनार कोर्स एवं फैकल्टी परीक्षा 2 से

**भोपाल।** एसोसिएशन ऑफ कोलोन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया द्वारा एम्स भोपाल में दो से छह अप्रैल तक 28वां एन्डोल्युमिनार कोर्स एवं फैकल्टी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी भोपाल सर्जिकल सोसायटी द्वारा की जाएगी। भोपाल सर्जिकल सोसायटी के मीडिया प्रभारी डॉ. आईके चुघ ने बताया कि इस आयोजन के तहत पहले तीन दिनों तक कोलोप्रोक्टोलाजी पर देशभर के प्रतिष्ठित सर्जन्स व्याख्यान देंगे और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद एफएसीआरएसआई फैकल्टी परीक्षा होगी, जिसमें विशेषज्ञ सर्जनों की योग्यता का आंकलन किया जाएगा। आयोजन में एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक डॉ अजय सिंह, भोपाल सर्जिकल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, डॉ. बैजाल कांके, डॉ. शशांक पुरवार, डॉ. वीरेश सक्सेना, डॉ. अशोक लल्ला, डॉ. सुनील रामचंद्र पवार और डॉ. मीना कुमारी कोलसावाला सहित कई वरिष्ठ सर्जन शामिल होंगे। डॉ चुघ ने कहा कि इस आयोजन से भोपाल को सर्जरी के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी और उभरते सर्जनों को अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी मिलेगी।

## राजधानी के माता मंदिरों में की विशेष तैयारियां, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

# सर्वार्थ सिद्धि, इंद्र योग और रेवती नक्षत्र में चैत्र नवरात्र कल से... इस बार 8 दिन होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

चैत्र नवरात्रि यानी शक्ति की साधना का महापर्व रविवार 30 मार्च से शुरू होगा। कलश स्थापना का मुहूर्त सुबह छह बजकर 13 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। इस बार आठ दिनों के नवरात्रि होंगे। दरअसल तृतीया तिथि क्षय होने के कारण दूसरा और तीसरा नवरात्रि 31 को ही माना जाएगा। पांच अप्रैल को अष्टमी और छह को नवमी पूजन किया जाएगा। शहर के मंदिरों को भी रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया जा रहा है, जहां पर नित्य भजन व कीर्तन चलेंगे। इस महापर्व के साधक शक्ति की देवी की आराधना और मंत्र जाप आदि से मां दुर्गा को प्रसन्न करेंगे। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से सर्वार्थ सिद्धि, इंद्र योग और रेवती नक्षत्र में होगी। इसके बाद पूरे 8 दिनों में चार दिन रवियोग तथा तीन दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। यह सभी योग पूजा और खरीदारी के लिए शुभ माने जाते हैं। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी आरंभ भी होगा। नौ स्वरूपों की होगी पूजा नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-आराधना की जाएगी।

### चैत्र नवरात्र पर हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा



#### घट स्थापना मुहूर्त

चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च, 2025 को शाम 4 बजकर 27 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए चैत्र नवरात्र की शुरुआत 30 मार्च से होगी।

रामजीवन दुबे ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का आरंभ इस साल रविवार से हो रहा है, यानी कि इस साल मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। ऐसा होने से धन धान्य में वृद्धि होती है और देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होता है। मां दुर्गा हाथी से आएंगी और हाथी से ही प्रस्थान करेंगी। यह बहुत ही शुभ माना जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मां दुर्गा की मन से पूजा करने पर हर मनोकामना सिद्ध हो सकती है।

### व्रत में शुचिता रखें

पं. रामजीवन दुबे ने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान शुचिता का पालन करना अत्यावश्यक है। नवरात्रि के दौरान व्रत रखने से त्याग और तपस्या की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपने माता-पिता को भगवान मानकर उनकी सेवा करता है, उन्हें साक्षात ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### नौ देवियों के नाम और आराधना से प्राप्त फल

- शैलपुत्रीः इच्छा व संकल्प शक्ति की प्राप्ति होती है।
- ब्रह्मचारिणीः मन के विकार दूर होते हैं, सभी पापों का नाश होता है।
- चंद्रघंटाः मन से अशांति दूर होती है।
- कुष्मांडाः धन-धान्य की प्राप्ति होती है।
- स्कंध माताः घर की महिलाएं सुख, समृद्धि एवं आरोग्य प्राप्त करती हैं।
- कात्यायनीः ऐश्वर्या की वृद्धि होती है।
- कालरात्रिः बड़े से बड़ा भय दूर होता है।
- महागौरीः संतान के कार्यों में सफलता मिलती है।
- सिद्धिदात्रीः अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

### चैत्र नवरात्र में पूजा विधि

*नवरात्रि पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व होता है। प्रतिपदा तिथि पर सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पूजा स्थल की साफ-सफाई करके कलश स्थापना करें। इस बात का खास ध्यान दें कि कलश स्थापना के समय आपका मुंह पूर्व या उत्तर दिशा में होने चाहिए। साथ ही कलश को ईशान कोण में रखें।*

### कलश यात्रा के साथ 7 अप्रैल से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा

मां शीतला माता मंदिर पर आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर सात अप्रैल को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महिलाएं पीले रंग की साड़ी में 251 कलश लेकर चलेगी। कलश यात्रा मां शीलता मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालु फूल बरसाकर स्वागत करेंगे। श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समिति के पदाधिकारियों की बैठक कार्यक्रम के संरक्षक विजय सिंह और कथा वाचक पंडित सुशील पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विजय सिंह ने बताया कि समिति द्वारा 251 कलश एवं श्रीफल नौ दुर्गा के पावन पर्व पर घटस्थापना के दिवस पर महिलाओं को वितरित किए जाएंगे। सात अप्रैल को महिलाएं अपने घर से कलश में गंगाजल या मां नर्मदा जल भरकर कलश यात्रा में शामिल होंगी।





### चर्चों में रोजाना हो रही प्रार्थना सभाएं

## प्रभु यीशु मसीह की बहुआयामी सेवाओं का लोगों को पालन करना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मसीही समाज के 40 दिन की प्रार्थना सभाओं का संचालन सभी कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट चर्च में रोजाना शाम को फादर, सिस्टर, पास्टर इवीएम एवं प्रचारकों के द्वारा प्रवचन हो रहे हैं। लोगों में इन दिनों में उपवास और प्रार्थना का विशेष महत्व है। फादर अनिल मार्टिन ने अपने संदेश में इन दिनों की शिक्षों के लिए बाकि लोगों को मसीही आदर्श जीवन जीने के लिए प्रभु यीशु मसीह के द्वारा बहु आयामी सेवाओं का पालन करना चाहिए।

उपवास मनुष्य को दिखाने के लिए नहीं, दान मनुष्यों को दिखाने के लिए नहीं, सेवा मनुष्यों से सम्मान पाने के लिए नहीं, परंतु हर एक उस व्यक्ति के लिए जो आवश्यकमंद है, दलित, गरीब, आदिवासी, विधवा, अनाथ सबके लिए समान अधिकार और सेवा भाव से उन्हें प्रत्येक संसाधन प्रदान करना।

### सद्भाव रैली 12 अप्रैल को

*युवा अध्यक्ष अमन मार्टिन सेंट जॉन ने बताया कि शहर के धर्माचार्य स्वामी एसबीडी दुरैराज के नेतृत्व में आर्चडिकों अनिल मार्टिन बिशप विपिन लाल मिस्टर प्रदीप लूथरा फादर अल्फ्रेड डी' सोसा पीआरओ बिशप हाउस के द्वारा से सामूहिक निर्णय लिया गया। सभी कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट चार्ज के लोग प्रभु यीशु मसीह की शिक्षा प्रेम आनंद और शांति हेतु शांति और सद्भाव रैली का आयोजन किया जाएगा। राजधानी में 12 अप्रैल को भारत माता चौक से सेवा सदन तक सभी चर्च के लोगों को आने का निमंत्रण दिया गया है और वह शांति सद्भाव और एकता का संदेश पूरे प्रदेश में और देश में प्रेषित करना चाहते हैं। भोपाल क्रिश्चियन कम्युनिटी के माध्यम से किया गया। आयोजन है जो बिशप दुरैराज और रेव.डॉ अनिल मार्टिन के द्वारा से नेतृत्व प्रदान किया जाएगा।*

### संरक्षा, सुविधा और संरचना का किया निरीक्षण

## मंडल रेल प्रबंधक भोपाल ने बीना खंड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने शुक्रवार को भोपाल-बीना रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य संरक्षा मानकों का परीक्षण, रेलवे अवसंरचना की समीक्षा एवं यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। मंडल रेल प्रबंधक ने समपार फाटकों पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज कार्यों की प्रगति की भी बारीकी से जांच की।

### रेल ओवरब्रिज कार्यों का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने दीवानगंज-सलामतपुर के बीच स्थित समपार संख्या 262, गंजबासौदा-बरेठ के बीच समपार संख्या 291, मंडीबामोरा रोड पर समपार संख्या 300, तथा मंडीबामोरा-कुरवाई कैथोरा के बीच समपार संख्या 302 पर फडइ निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही इन समपार फाटकों का निरीक्षण किया एवं गेटमैनों से संवाद कर संरक्षा पालन के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थलों पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

## समाप्त हो सार्थक एप पर हाजिरी लगाने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी कल्याण संघ ने उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर सार्थक एप के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की है। संघ ने इस एप से होने वाली परेशानियों और कर्मचारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान का हवाला दिया है।

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा आदेश जारी कर स्वास्थ्य कर्मचारियों को सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि संघ का कहना है कि इस एप के माध्यम से वेतन आहरण करने का आदेश अब तक जारी नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों को असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने अपने पत्र में बताया कि सार्थक एप का उपयोग करने में कई तकनीकी परेशानियां आ रही हैं, जिसके कारण इसे सुचारू रूप से लागू कर पाना मुश्किल हो रहा है। एप में बार-बार तकनीकी खराबी आ रही है, जिससे कर्मचारियों की उपस्थिति सही तरीके से दर्ज नहीं हो पा रही।

## हिंदू नववर्ष पर कर्मश्री का कवि सम्मेलन आज

### मंत्री, विधायक और महापौर ने किया स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

कर्मश्री संस्था द्वारा शनिवार को हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात और नामी कवि को आमंत्रित किया है। शुक्रवार को राज्यमंत्री कृष्णा गौर की उपस्थिति में विधायक रामेश्वर शर्मा ने विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवीन्द्र यति सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए।



### हिंदू नववर्ष पर हर घर पर भगवा झंडा फहराएंः रामेश्वर

कर्मश्री आयोजन को लेकर तैयारियां और प्रचार जारी है। विधायक शर्मा ने कहा कि हिंदू नववर्ष हमारी धार्मिक आस्था के साथ भारतीय अस्मिता और गौरव का उल्लास पर्व है। जिस तरह उगता सूर्य अपनी लालिमा की भगवा चादर से पूरे विश्व को ढक देता है उसी तरह नववर्ष के आगमन पर सभी को अपने घरों में भगवा ध्वज लगाकर नववर्ष का स्वागत कर पर्व मनाना चाहिए।

### आज अटल पथ पर होगा आयोजन

गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला यह आयोजन 29 मार्च को रात आठ बजे प्रारंभ होगा। यह कार्यक्रम भोपाल के माता मंदिर स्थित प्लैटिनम प्लाजा के पास अटल पथ पर आयोजित होगा। जहां शहर के हजारों लोग शामिल होकर कविताओं का रसास्वादन करेंगे।

### इस बार 5वीं में ग्रामीण क्षेत्रों का परिणाम 4.82 और 8वीं में 2.73 प्रतिशत अधिक रहा

# 5वीं-8वीं के परीक्षा परिणामों में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों ने शहरी बच्चों को पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रदेश में बोर्ड पैटर्न पर आयोजित पांचवी-आठवीं कक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। जारी परिणाम के अनुसार, इस बार ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। गांवों के बच्चों ने शहरी बच्चों को पीछे छोड़ते हुए 5वीं में 93.97 प्रतिशत और 8वीं में 90.80 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। वहीं कक्षा 5वीं में शहरी स्कूलों के करीब 89.15 और 8वीं कक्षा में 88.07 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यानि 5वीं में ग्रामीण क्षेत्रों का परिणाम 4.82 और 8वीं में 2.73 प्रतिशत अधिक रहा है। ज्वाइंट डायरेक्टर राज्य शिक्षा केंद्र की जय श्री पिल्लई शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों का रिजल्ट अच्छा रहा। गांवों में शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ी है।

**वार्षिक परीक्षा परिणाम में सुधार (समेकित)**

| विवरण | वर्ष 2021-22 | | वर्ष 2022-23 | | वर्ष 2023-24 | | वर्ष 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शासकीय | अशासकीय | शासकीय | अशासकीय | शासकीय | अशासकीय | शासकीय | अशासकीय |
| कक्षा 5 | 90.81% | NA | 87.63% | 83.98% | 91.51% | 90.16% | 93.24% | 91.99% |
| कक्षा 8 | 82.96% | NA | 80.27% | 80.58% | 86.22% | 90.59% | 89.13% | 91.73% |

ए प्लस और ए ग्रेड हासिल करने वाले विद्यार्थियों में आई कमी।

**A+ तथा A ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्रों के प्रतिशत में सुधार (समेकित)**

| विवरण | वर्ष 2021-22 | | वर्ष 2022-23 | | वर्ष 2023-24 | | वर्ष 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शासकीय | अशासकीय | शासकीय | अशासकीय | शासकीय | अशासकीय | शासकीय | अशासकीय |
| कक्षा 5 | 6.30% | NA | 5.48% | 18.58% | 15.26% | 37.33% | 12.54% | 35.09% |
| कक्षा 8 | 14.06% | NA | 13.02% | 31.74% | 19.88% | 48.18% | 19.02% | 48.49% |

पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार 3 प्रतिशत तक इजाफा।

### मदरसों का परीक्षा परिणाम कम

सरकारी स्कूलों में कक्षा 5वीं में 93.24 प्रतिशत छात्र, निजी स्कूलों में 91.99 प्रतिशत और मदरसों के 76.83 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में सरकारी स्कूलों के 89.13 प्रतिशत, प्राइवेट के 91.73 प्रतिशत और मदरसों के 67.72 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

### असफल विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा का मौका

राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिह ने कहा कि हमारा प्रयास बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एवं सीखने के लिए अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर की वस्तुस्थिति के सर्वाधिक आंकड़े विश्लेषण करने में मध्यप्रदेश देश भर में अग्रणी राज्य बनने जा रहा है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बेटे-बेटियां अब कमजोर नहीं रह गए हैं। असफल हुए विद्यार्थियों के लिए जल्द ही पुनः परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### यह है स्थिति

## प्रदेश के 1 लाख स्कूलों के करीब 23 लाख विद्यार्थी हुए थे शामिल

इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1 लाख 12 हजार 323 शासकीय और निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 23 लाख विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित हुए थे। जिनमें से 95 हजार 417 विद्यालय ग्रामीण तथा 16 हजार 906 विद्यालय शहरी क्षेत्रों के हैं। इनमें 86 हजार 553 शासकीय, 25 हजार 101 निजी विद्यालय एवं 669 मदरसे शामिल हैं। कक्षा 5वीं के कुल 11 लाख 17 हजार 961 विद्यार्थियों में से 8 लाख 24 हजार 598 ग्रामीण और 2 लाख 93 हजार 363 विद्यार्थी शहरी क्षेत्रों के हैं। वहीं कक्षा 8वीं के कुल 11 लाख 68 हजार 866 विद्यार्थियों में से 8 लाख 35 हजार 733 ग्रामीण और 3 लाख 33 हजार 133 विद्यार्थी शहरी क्षेत्रों के हैं।



### 12 हजार 623 केंद्रों पर परीक्षा 322 केंद्रों पर हुआ मूल्यांकन

राज्य शिक्षा केंद्र ने इस वर्ष संपूर्ण परीक्षा आयोजन सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कड़ी मेहनत और तकनीक समर्थित रणनीति तैयार की थी। जिसके तहत प्रत्येक जिलें के लिए पृथक-पृथक प्रश्न-पत्रों के सेट तैयार किए गए थे। 12 हजार 623 सर्व सुविधायुक्त विद्यालयों में परीक्षा केंद्रों का निर्माण किया गया। बोर्ड पैटर्न पर उत्तर पुस्तिकाएं एक विकासखंड से दूसरे विकासखंड पर तथा जलि मुख्यालय की उत्तर पुस्तिकाएं जिले के डाइट केंद्र पर मूल्यांकन हेतु भेजी गई थी, जिनके मूल्यांकन उपरांत 322 मूल्यांकन केंद्रों से मोबाइल एप पर ऑनस्पॉट अंकों की प्रविष्टियां के बाद परीक्षा परिणाम तैयार हुआ है।

भोपाल
शनिवार, 29 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या
वर्ष : 11, अंक : 362
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 19


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भारत में नहीं दिखेगा ग्रहण, सूतक काल मान्य नहीं



## आज दोपहर 2:21 पर शुरू होगा साल का पहला 'सूर्य ग्रहण'

**नई दिल्ली।** 29 मार्च को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा, जिसके कारण यह भारत में नजर नहीं आएगा। मूल रूप से ये ग्रहण दक्षिण अमेरिका, आंशिक उत्तरी अमेरिका, उत्तरी एशिया, उत्तर-पश्चिम अफ्रीका, यूरोप, उत्तरी ध्रुव, आर्कटिक महासागर और अटलांटिक महासागर आदि जगहों पर दिखाई देगा। भारतीय समय के अनुसार, 29 मार्च को दोपहर 2:21 से शुरू होगा और शाम 6:14 तक रहेगा। इस ग्रहण की ▸▸ शेष पेज 4 पर



नवरात्र से पहले वैष्णो देवी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से हो रही निगरानी कठुआ एनकाउंटर के बाद सतर्कता और बढ़ाई

एजेंसी ▸▸ जम्मू

नवरात्र में माता वैष्णो देवी श्राइन में किसी प्रकार की भी अनचाही घटना से बचने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से निगरानी की जा रही है। चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इन दिनों बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। कठुआ में हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों के एनकाउंटर के बाद और भी सतर्कता बढ़ गई है। कटड़ा, पवित्र गुफा के बेसकैंप का ऑडिट करते हुए रईसी के एसएसपी परमवीर सिंह ने कहा कि हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी भक्तों को आश्वस्त ▸▸ शेष पेज 4 पर

**30** मार्च से शुरू हो रहे हैं चैत्र नवरात्र

**'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार**

### 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रईस मोहम्मद भट ने बताया कि मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर सीआरपीएफ की कड़ी नजर है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा मार्ग पर उन्नत एआई क्षमताओं से लैस 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्री माता वैष्णों देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने कहा कि लगभग 40,000 तीर्थयात्री प्रतिदिन माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं, सप्ताहांत में यह संख्या और भी बढ़ जाती है।

### अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए विश्राम क्षेत्र

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले त्यौहार के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए नए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है और अधिक सुविधाओं की व्यवस्था की है। अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए सभी मौसम के अनुकूल विश्राम क्षेत्र बनाया गया है। इस क्षेत्र में वाटर एटीएम, प्रसाद कियोस्क, जलपान इकाई और 'गर्भजून आरती' का सीधा प्रसारण होगा। बोर्ड ने कहा कि इसके अलावा, दो मंजिला कतार परिसर के साथ पुनर्निर्मित 'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एक ही रस्सी पर फंदे में लटकी दो युवतियां



**अलीराजपुर।** जोबट थाना क्षेत्र के ग्राम डेकाकुंड में शुक्रवार सुबह एक ही पेड़ पर मौसी और भानजी के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। मृतक लड़कियों की पहचान 16 वर्षीय पूजा (पिता कैलाश सपनीय) और 26 वर्षीय सकरी (पिता छगन बघेल) के रूप में हुई है। दोनों डेकाकुंड तड़वी फलिया की रहने वाली थीं और आपस में रिश्तेदार थीं।

### 100 बीघा की खड़ी फसल जलकर राख



**शमशाबाद।** विदिशा जटपुरा के खरेरा घाट स्थित पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण कुमार माहेश्वरी और बसंत माहेश्वरी का 110 बीघा के खेत की फसल शॉट सर्किट के कारण जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने पेड़ों की डालियों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण कुछ देर में ही पूरे खेत में फसल जलकर राख हो गई।

### छतरपुर सीएमएचओ किए गए निलंबित



**छतरपुर।** सागर कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने छतरपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. आरपी गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर पार्थ जैसवाल की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। डॉ. गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने सेडमेप की आड़ में कर्मचारियों की भर्ती में नियमों का उल्लंघन किया।

सवा करोड़ से अधिक सरकारी कर्मियों और पेंशनरों की जेब में आएगा 'और धन'

# महंगाई भत्ता 2 फीसदी और बढ़ा अब डीए 53% से बढ़कर 55%

पिछली बार डीए में वृद्धि जुलाई 2024 में हुई थी जब इसे 50% से बढ़ाकर 53% किया गया था

*डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपए होगा*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में लगभग सवा करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में दो फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है।

एक जनवरी से देय महंगाई भत्ते की दर अब 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। गत वर्ष केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी। गौर हो कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है।

हालांकि डीए/डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है। अगर तय समय से कुछ माह बाद डीए की घोषणा होती है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में उतने ही माह का एरियर आ जाता है।

चूंकि डीए/डीआर की दरों में हुई बढ़ोतरी से सरकार पर हजारों करोड़ रुपए का भार पड़ता है। ऐसे में सरकार, डीए/डीआर की घोषणा, तीन चार माह देरी से करती है। इस अवधि के दौरान सरकार का पैसा निवेश होता है, जिस पर उसे अच्छा खासा ब्याज मिलता है। डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपए होगा।



**डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 1 जनवरी 2025 से लागू होगा**

कैबिनेट के फैसले का ऐलान करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अतिरिक्त डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 01 जनवरी 2025 से लागू होगा और सरकार इस मद में अतिरिक्त 7,716 करोड़ रुपए खर्च करेगी। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 महीने के औसत में वृद्धि के आधार पर डीए की दर तय की जाती है। डीए वृद्धि मद में सरकार ▸▸ शेष पेज 4 पर

*इस उदाहरण से समझें*

**2 फीसदी डीए से होगा इतना फायदा?**

| बेसिक वेतन | 2% वृद्धि | 53% डीए | 55% डीए |
|---|---|---|---|
| 18,000 | 360 | 9,540 | 9,900 |
| 25,000 | 500 | 13,250 | 13,750 |
| 35,000 | 700 | 18,550 | 19,250 |
| 52,000 | 1,040 | 27,560 | 28,600 |
| 70,000 | 1,400 | 37,100 | 38,500 |
| 85,500 | 1,710 | 45,315 | 47,025 |
| 1,00,000 | 2,000 | 53,000 | 55,000 |

***ताकि, वेतन अपना मूल्य न खो दे***

*महंगाई भत्ता (डीए) सरकारी कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई से निपटने में मदद करने के लिए दिया जाने वाला भत्ता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बढ़ती महंगाई के कारण वेतन अपना मूल्य न खो दे। कर्मचारियों का मूल वेतन हर 10 साल में वेतन आयोग की ओर से निर्धारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, महंगाई के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए डीए में समय-समय पर बदलाव किया जाता है।*

पति ने की आत्महत्या की कोशिश

# पत्नी की हत्या कर शव को सूटकेस में ठूंस दिया



◆ आरोपी पति को पुणे से हिरासत में ले लिया गया

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरू

बेंगलुरू में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की पहले हत्या की और फिर उसके शव को सूटकेस में ठूंसकर फरार हो गया। फ्लैट में ताला लगाकर पुणे भाग गया। काफी मशक्कत के बाद आरोपी पति को पुणे से हिरासत में ले लिया गया है और मामले में जांच की जा रही है। बेंगलुरू में एक सूटकेस में मिली 32 वर्षीय महिला के पति को मुख्य संदिग्ध मानकर पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है।

पुलिस का कहना है कि उसने आत्महत्या का प्रयास किया था और फिलहाल पुणे में उसका इलाज चल रहा है। महिला की पहचान गौरी खेडेकर के रूप में हुई है। उसका शव ▸▸ शेष पेज 4 पर

**पत्नी मास मीडिया की स्नातक थी**

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बेंगलुरू के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि हमारी टीम ने पुणे पुलिस से संपर्क कर लिया है। हत्या के पीछे वैवाहिक विवाद बताया जा रहा है। डोड्डाकम्मनहल्ली में एक फ्लैट में एक महिला की लाश सूटकेस में मिली थी। दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त सारा फातिमा ने बताया कि महिला और उसका पति बीते महीने बंगलुरू शिफ्ट हुए थे। उन्होंने बताया कि गौरी ने मास मीडिया में स्नातक की पढ़ाई की थी। वहीं उसका पति एक निजी फर्म में काम करता है। इस समय वह वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। ये मामला तब सामने आया, जब मकान मालिक ने शाम करीब 5.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

**पत्नी की हत्या के बाद किया सास-ससुर को फोन**

*हत्या को आंजाम देने के बाद आरोपी पति राकेश राजेंद्र ने अपने सास-ससुर को भी फोन किया था और फोन पर उन्हें बताया था कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और उसका शव सूटकेस में है।*

## रायसेन में काली पट्टी बांधने पर दो पक्ष भिड़े



**वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर पढ़ी गई नमाज**

*विधायक रामेश्वर बोले- मुसलमानों के नाम पर राजनीति करने वालों के पेट में दर्द*

**भोपाल।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बांह पर काली पट् टी बांधकर नमाज पढ़ी। ये सभी रमजान के आखिरी शुक्रवार जुमे की नमाज में शामिल हुए। इस मौके पर काजी सैयद अनस अली ने कहा कि बिल के जरिए हमारी संपत्तियां हड़पना चाहते हैं। इस पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुसलमानों के ▸▸ शेष पेज 4 पर

भड़काऊ गाने पर प्रतापगढ़ी को राहत

## बोलने की आजादी भी है लोकतंत्र का अभिन्न अंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद पर दर्ज की गई एफआईआर रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

## जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में हो गया तबादला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



बार एसोसिएशनों का विरोध काम नहीं आया आखिर

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का उनके आधिकारिक आवास से नकदी मिलने के मामले में विवाद के बीच शुक्रवार को उन्हें उनके पैतृक इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जानकारी एक सरकारी अधिसूचना में दी गई। विधि मंत्रालय ने उनके तबादले की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना ▸▸ शेष पेज 4 पर

नर्मदापुरम में दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष

## धारदार हथियारों से बोला हमला एक की मौत, 8 घायल, 2 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम



एक युवक का प्रेम विवाह बन गया विवाद की वजह

जिले के बरंडुआ गांव में एक खेत में आदिवासी और कीर परिवार के दो पक्षों के मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच डंडे, बल्लम और धारदार हथियार चले।

हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं 8 लोग घायल हैं, जिसमें दो की हालत नाजुक है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बरंडुआ गांव की है। सूचना मिलते ही देहात ▸▸ शेष पेज 4 पर

कांग्रेस बोली- पुलिस कार्रवाई करे भी तो कैसे?

# अवैध रेत का डंपर पकड़ा गया, ड्राइवर ने लिया कृषि मंत्री के बेटे बंकू का नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुरैना

बंकू ने कहा- डंपर मेरा नहीं ये मेरे खिलाफ साजिश



मुरैना जिले में चंबल नदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीती रात वन विभाग की टीम ने नेशनल हाइवे-44 के पास कच्चे रास्ते से रेत ले जा रहे एक डंपर को पकड़ा।

डंपर चालक दीवान ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया कि यह वाहन राज्य के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के बड़े बेटे बंकू उर्फ कप्तान कंसाना का है। ड्राइवर ने कहा कि मुझे हर दिन रेत भरकर उनके बताए स्थान पर डालना होता था। इसके बदले मुझे रोज़ 1000 रुपए मिलते थे। ड्राइवर के मुताबिक चंबल से बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और ट्रक अवैध रेत का परिवहन कर रहे हैं, जिसमें लोडर भी लगे हैं। डंपर पर एसएस ▸▸ शेष पेज 4 पर

# नर्मदापुरम में 40.7 और टीकमगढ़ में 40 डिग्री रहा दिन का पारा

अन्य जिलों में 40 से कम रहा दिन का तामपान

## गर्मी-लू से राहत, तीन दिन में फिर गिरेगा दिन और रात का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शिवपुरी, खजुराहो सहित अन्य जिलों में लू और तेज गर्मी के बाद शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में दिन और रात के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सबसे गर्म नर्मदापुरम रहा, जहां दिन का पारा 40.7 डिग्री रहा। वहीं, भोपाल में दिन के तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। अगले 2 से 3 दिन तक ▸▸ शेष पेज 4 पर




लिंक रोड नंबर एक दोपहर के समय गर्मी से सूनी नजर आई

### इन शहरों में यह रहा तापमान

खजुराहो (छतरपुर) में 40 डिग्री, दमोह में 39.5 डिग्री, गुना, सतना-शिवपुरी में 38.2 डिग्री और सागर में पारा 40 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह मंडला-टीकमगढ़ में 39.8 डिग्री, नर्मदापुरम में 40.7 डिग्री, रीवा में 39.4 डिग्री, शाजापुर में 39.3 डिग्री, सिवनी में 38.8 डिग्री, उमरिया में 38.7 डिग्री, मलाजखंड में 38.5 डिग्री, सीधी, धार-खरगोन में 38.4 डिग्री, बैतूल-रतलाम में 38.2 ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अप्रैल में चलेगी लू

पहले मार्च के आखिरी में प्रदेश में लू का असर रहने की संभावना थी, लेकिन पश्चिमी विक्षोव के सक्रिय होने से अब अप्रैल में ही लू का असर रह सकता है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू का असर रहने की संभावना ज्यादा है। जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार आदि शामिल हैं। सामान्यतः दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक ▸▸ शेष पेज 4 पर

# ‘मेगा वितरण’ कार्यक्रम में लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण

- ग्रामोद्योग विकास योजना और खादी विकास योजना में 5 लाख से अधिक खादी कारीगर और लाभार्थी हुए लाभान्वित
- पीएमईजीपी योजना के तहत 14456 नई इकाइयों को 469 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण
- 159016 नए रोजगार का हुआ सृजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) भारत सरकार ने अपने केंद्रीय कार्यालय मुंबई में वर्चुअल माध्यम से अब तक का सबसे बड़ा और व्यापक ‘मेगा वितरण’ कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत 5 लाख से अधिक खादी कारीगर, उद्यमी और लाभार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के लाखों कारीगरों को संबोधित किया।

### ‘विकसित भारत’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ अभियान से जुड़ने की अपील

केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘विकसित भारत’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उत्तर जोन के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी, पूर्वी जोन के सदस्य मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई मंत्रालय से संयुक्त सचिव (एआरआई ) विपुल गोयल, आर्थिक सलहकार ( एमएसएमई) सुश्री सिमी चौधरी और केंद्रीय कार्यालय, केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ आयोग के देश भर के क्षेत्रीय कार्यालय से अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित

### 44 नवीनीकृत खादी भवनों और 750 खादी वर्कशेड का उद्घाटन

कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत देशभर के सभी 6 जोन (पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन, उत्तर जोन, दक्षिण जोन, मध्य जोन और पूर्वोत्तर जोन) के राज्य और मंडलीय कार्यालयों से संबद्ध लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण किया गया। खादी विकास योजना के तहत 44 नवीनीकृत खादी भवनों और 750 खादी वर्कशेड का उद्घाटन भी किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 14456 पीएमईजीपी इकाइयों को 1399.13 करोड़ रुपए के स्वीकृत ऋण पर 469 करोड़ रुपए मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया गया। इसमें 159016 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। 5000 नई पीएमईजीपी इकाइयों का भी ऑनलाइन उद्घाटन भी किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 58850 लाभार्थियों को 2175 करोड़ रुपए की मार्जिन का संवितरण किया गया, जिससे 64,73,50 रोजगार सृजित हुए।

### अब तक के सबसे व्यापक और वृहद टूलकिट वितरण कार्यक्रम आयोजित

वर्चुअल माध्यम से कुल 16,377 टूलकिट और उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें 3,950 बी-बॉक्स, 7,067 विद्युत चालित चाक, 1,350 चर्म उत्पाद मरम्मत टूलकिट, 390 जूता निर्माण उपकरण, 420 इलेक्ट्रिशियन टूलकिट, 80 एसी मरम्मत टूलकिट, 300 प्लंबर टूलकिट, 60 मोबाइल रिपेयरिंग टूलकिट, 971 सिलाई मशीनें, 278 हैंडमेड पेपर मेकिंग मशीनें, 349 स्वचालित अगरबत्ती मेकिंग मशीनें, 60 पैडल चालित अगरबत्ती मेकिंग मशीनें, 320 टर्नवुड मशीनें, 180 वुडन टॉय मेकिंग मशीनें, 460 वेस्टवुड क्राफ्ट मशीनें और 292 कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण मशीनें शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने कहा, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की जाए

# 20 शासकीय सेवकों के विरुद्ध निलंबन और नोटिस जारी करने की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶. भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले 20 अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल प्रदाय में अव्यवस्था के दोषी ठेकेदार को अर्थदंड से दंडित किया गया। शुक्रवार को समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों में से ऐसे प्रकरणों का समाधान किया गया, जिनका 8लंबे समय से समाधान लंबित था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन में शुक्रवार को पेयजल व्यवस्था से संबंधित 3 प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को दंडित करने का निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस भी जिले में पेयजल की व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्राप्त होंगी, वहां संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। सीहोर जिले के भंवर सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत बरखेड़ी में पानी न पहुंच पाने की शिकायत की। अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि ठेकेदार फर्म मे. विश्वा पर 37 हजार 469 की शास्ति अधिरोपित की गई है। मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी समाधान ऑनलाइन में उपस्थित थे।

*समाधान ऑनलाइन में लंबित समस्याओं का हुआ समाधान*

*पेयजल में दोषी ठेकेदार को जुर्माने से दंडित किया गया*

### नल-जल योजना में देरी करने वालों के विरुद्ध एक्शन




नल जल योजना के क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर कर घरेलू नल कनेक्शनों में जलापूर्ति प्रारंभ करवा दी गई है। मऊगंज के शिकायतकर्ता सुनील कुमार साहू की डेढ़ वर्ष से पाइप लाइन के टूट जाने से जल प्रदाय में आ रही दिक्कत को दूर कर दिया गया है। इस प्रकरण में फील्ड इंजीनियर की सेवाएं समाप्त की गई है। शिकायत का निराकरण समय पर न करने के लिए उत्तरदायी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मप्र अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन के उपयंत्री, परियोजना प्रबंधक और सहायक परियोजना प्रबंधक को नोटिस जारी किए गए हैं।

### सहायक यंत्री की दो दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले की दुर्गाबाई विश्वकर्मा ने कूप निर्माण के लिए समय पर कार्रवाई न करने के मामले में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सहायक यंत्री की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किए गया है। गंभीर लापरवाही के दोषी ग्राम रोजगार सहायक को सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी किया गया। सचिव ग्राम पंचायत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शिकायत कर्ता को कूप निर्माण के लिए 72 हजार 372 रुपए का भुगतान करवा दिया गया है।

### कलमे दंपती को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की

खंडवा जिले के दिनेश कलमे ने निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना में राशि मिलने में हुई देरी की शिकायत की। समाधान ऑनलाइन में यह मामले आने के बाद कलमे दंपती को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। लापरवाही बरतने पर सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक, जिला कोषालय अधिकारी और निःशक्त कल्याण शाखा के प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद पंचायत खालवा को भी कारण बताओ नोटिस दिया गया है। विदिशा के रोहित रैकवार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में की गई शिकायत का पर समाधान किया गया।

### इन्हें भी मिली सहूलियतें

रीवा जिले के घनानंद द्विवेदी के आवेदन पर 20 हजार रुपए की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। आकाशीय बिजली गिरने से पशुधन हानि हुई थी। विलंब पर नायब नाजिर को निलंबित कर दिया गया है। तहसीलदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रमेश जाटव को मकान की किस्त, राकेश रिछारिया को आयुष्मान योजना की राशि और आशाराम लोधी को गौ-संवर्धन योजना में लाभ मिला।

- ग्वालियर के रमेश जाटव की आवास योजना की राशि न मिलने के संबंध में कलेक्टर ग्वालियर को परीक्षण कर दोषी कर्मचारियों को दंडित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गलत जानकारी दर्ज करने के दोषी सीएमओ को कारण बताओ नोटिस दिया। गया है। छतरपुर के राकेश कुमार रिछारिया को समाधान ऑनलाइन के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना में 26 हजार 747 रुपए की राशि का भुगतान हो गया है। अस्पताल पर तीन गुना अर्थदंड 80 हजार 241 रुपए अधिरोपित किया गया।
- समाधान ऑनलाइन में गुना जिले से मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) के तहत पात्रता के अनुसार प्रसूति सहायता न मिलने का आवेदन आया था। राशि प्रदान कर दी गई है। विलंब के दोषी मेटरनिटी वार्ड इंचार्ज, मेटरनिटी विंग डाटा एंट्री ऑपरेटर, तत्कालीन सीएम हेल्पलाइन डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखापाल जिला चिकित्सालय गुना को 7-7 दिन के मानदेय, वेतन कटौती का दंड दिया गया। आरएमओ जिला चिकित्सालय गुना, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय गुना और संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ग्वालियर संभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धन वर्ग के व्यक्तियों को इस तरह से परेशान होना पड़े। यह अनुचित ही नहीं अपराध भी है। प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मप्र में बेरोजगार युवा अब कहलाएंगे आकांक्षी युवा

- स्वावलंबी और उद्यमशील बनेंगे प्रदेश के ‘आकांक्षी युवा’
- मप्र है सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य
- प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 15 लाख करोड़ रुपए, वार्षिक विकास दर 12 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बेरोजगारी केवल सरकारी नौकरियों से दूर नहीं होगी। 145 करोड़ जनसंख्या वाले भारत देश में सरकारी नौकरियों का अनुपात एक प्रतिशत से अधिक नहीं है। देश के सबसे बड़े नियोजक सशस्त्र बल में भी थल, जल और वायु सेना में सम्मिलित रूप से केवल 13.5 लाख व्यक्ति ही नियोजित हैं।
उन्होंने कहा कि आकांक्षी युवाओं को स्वावलंबन और उद्यमशीलता के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को अब ‘आकांक्षी युवा’ कहा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश को 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके आधार पर 21 लाख युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। कृषि, पशुपालन तथा हुनर आधारित उद्यमों में भी प्रदेश के युवाओं को नियोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य है, जिसका उन्हें गर्व है। वर्तमान में प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 15 लाख करोड़ रुपए है और वार्षिक विकास दर 12% है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002-03 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रुपए थी, जो अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार रुपए हो गई है। वर्ष 2002-03 में प्रदेश का सिंचित रकबा 7 लाख हेक्टेयर था जो अब बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर हो चुका है, प्रदेश सरकार इसे बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश का वर्तमान बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए है, जिसका केवल 10% ही मार्केट से पूंजीगत निवेश के लिए उधार लिया गया है।

### अवैध निर्माण पर की जाती है नियमानुसार काईवाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में बुलडोजर के माध्यम से न्याय करने का कोई प्रावधान नहीं है। परंतु अवैध निर्माण पर स्थानीय निकायों द्वारा नियमानुसार काईवाई अवश्य की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, लेकिन ऐसी किसी स्थिति में तत्परता के साथ उसका निराकरण कर उदाहरण स्थापित किया जाता है। प्रदेश में खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत खुले में मांस अथवा अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय नियमानुसार किया जा रहा है। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने पर उत्तराखंड और अन्य राज्यों के प्रयोग देखकर निर्णय लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री से विश्वविख्यात बिजनेस कंसलटेंट डॉ. रामचरण ने भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विश्व विख्यात बिजनेस कंसलटेंट, लेखक तथा वक्ता डॉ. रामचरण ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने डॉ. रामचरण को प्रदेश में व्यवसाय अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने, प्रदेश को वैश्विक व्यापार मंचों पर आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने और वैश्विक स्तर पर प्रदेश की निवेश क्षमता के प्रदर्शन के लिए जारी गतिविधियों से अवगत कराया।

सिंगरौली में कांग्रेस का जन आक्रोश प्रदर्शन

## पटवारी बोले, उद्योगपति लेते हैं मप्र में विकास के फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को सिंगरौली में जन आक्रोश आंदोलन में शामिल हुए। इस दौरान पटवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर सभा की।

कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला को मांग पत्र भी सौंपा गया। इस दौरान पटवारी ने केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के साथ है। प्रदेश की भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता ने अपना मुख्यमंत्री तो चुना है, लेकिन जनहित के फैसले मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि देश के पूंजीपति कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने नए भू-अधिग्रहण कानून पर भी सवाल खड़े किए। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश्वर पटेल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वक्फ की लाखों एकड़ भूमि पर गरीब मुसलमानों के लिए मकान, स्कूल बनाए जाएं

# रामेश्वर बोले: वक्फ की जमीन से केवल दो-चार दस परिवार पलते रहे, इससे काम नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वक्फ की जमीन से केवल दो-चार-दस परिवार पलते रहे। इससे काम नहीं चलेगा। करोड़ों मुसलमान जो दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, पंचर की दुकान, हाथ ठेला, कबाड़ी का धंधा कर रहे, जिनके पास शिक्षा का, इलाज का साधन नहीं, रहने का मकान नहीं, अगर प्रधानमंत्री मोदी ने उन गरीब मुसलमानों का सोचा तो क्या गलत किया। आज लाखों एकड़ वक्फ की जो भूमि पड़ी है उस पर गरीब मुसलमानों का मकान बनाए जाएं, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, शिक्षा के लिए स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोले जाएं, इस बात से बड़े मुसलमान लीडर या जो मुसलमानों के नाम पर राजनीति कर अपना पेट भरते हैं, उनको थोड़ा दर्द जरूर होगा। अब जिनके पेट में दर्द होगा उन्हें हाजमा की गोली दी जाएगी पर गरीबों का कल्याण जरूर होगा। शर्मा ने कुछ मुस्लिम नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये नेता मुसलमानों के नाम पर नेतागिरी चला रहे हैं।

### मीठी ईद है, मीठा खाओ, मीठा बोलो: विधायक शर्मा

शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर जुमे की नमाज पढ़ने पर रामेश्वर ने कहा कहा कि पता नहीं काली पट्टी बांधकर दुआ कबूल होगी या नहीं। ईद के मौके पर खुश रहने का संदेश देते हुए कहा कि मिठी ईद है, मिठा खाओ, मीठा बोलो। शर्मा ने यह भी कहा कि मस्जिद, दरगाह या कब्रिस्तान का कोई भी कब्जा नहीं छीना जाएगा। उन्होंने कहा कि जब मुसलमान भारत आए थे तब शुद्ध भारत हिंदू राष्ट्र था, तब मुसलमान को रहने की जगह, मस्जिद बनाने की जगह दी। खतरा उन्हें होगा जो हिंदुस्तान के खिलाफ साजिश रचेंगे।

## कर्मयोग व्यक्तिगत उन्नति के साथ समाज सुधार और सेवा का प्रभावी साधन: राज्यपाल पटेल

# राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रहा मप्र : डॉ. यादव

## राजभवन में ‘कर्मयोगी बने’ विषय पर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ऐसे पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां से साफ दिख रहा है कि 21वीं सदी भारत की होगी। कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत है।

कर्मयोग दैनिक जीवन में उच्चतर उद्देश्य के लिए आगे बढ़ने का वह रास्ता है, जो व्यक्तिगत उन्नति के साथ समाज सुधार और सेवा का प्रभावी साधन है। राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में ‘कर्मयोगी बने’ विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यशाला का आयोजन राजभवन मध्यप्रदेश द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग और यूनाइटेड कॉन्शियसनेस के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे। कार्यशाला प्रतिभागियों में प्रदेश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलगुरु, कुलपति, कुल सचिव, प्राचार्य पीएम एक्सीलेंस और स्वशासी महाविद्यालय शामिल थे।

### कर्मयोगी कार्य संस्कृति को बनाएं सशक्त




राज्यपाल पटेल ने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए कर्मयोगी, भावी पीढ़ी का निर्माण शिक्षकों का दायित्व है। कर्मयोगी बनने के लिए काम की प्रकृति चाहें जो भी हो, सफलता और असफलता किसी की भी चिंता किए बिना लगातार कार्य करना होगा।

### अन्य भाषा के छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी विभिन्न भाषाए, बोलियां, मनोभाव और मूकभाव सभी संस्कृति के वह आभूषण है, जिन पर हमें गर्व है। प्रदेश में अन्य भाषाओं तमिल, तेलगू आदि पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश में प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई जाएगी।

### भारत ने कभी दूसरों पर आक्रमण नहीं किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निष्काम भाव, अहंकार से मुक्त बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के लिए निरंतर कार्य करना ही कर्मयोग है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशालता अद्भुत है, जो अतिरंजित बातों को भी सुन लेती है। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति का दायरा असीमित है, जिसमें सारे ब्रह्मांड के कल्याण का चिंतन है। भारत के तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय जैसे ज्ञान के केंद्र सम्पूर्ण मानवता के लिए कार्य करते थे। भारत ने कभी दूसरे देशों पर आक्रमण नहीं किया।

### कर्मयोग का चिंतन लक्ष्य पूर्ति के लिए कार्य करना

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कर्मयोग का चिंतन लक्ष्य पूर्ति के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। समय और परंपराओं का अनुपालन मात्र राष्ट्र जीवन के लिए पर्याप्त नहीं है। राष्ट्र की आवश्यकता लक्ष्य पूर्ति के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। मानव संसाधन क्षमता निर्माण आयोग, मिशन कर्मयोगी के सदस्य प्रोफेसर बाला सुब्रह्मण्यम ने कहा कि न्यू इंडिया के लिए टीम इंडिया जरूरी है। टीम इंडिया के लिए कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाना होगा। जरूरी है कि कर्मचारी विकसित भारत के भविष्य के लिए तैयार रहे। इसके लिए जीवन की सीख द्वारा उनकी क्षमता को बढ़ाना होगा। उन्होंने मध्यप्रदेश में इस दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर मिशन कर्मयोगी 2021 में शुरू हुआ। वर्ष 2022 में प्रदेश देश का पहला राज्य था, जिसने इसकी पहल की। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर से पहले प्रशिक्षण नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य है।

## कृषि ऋण की राशि जमा करने की तिथि 1 माह बढ़ाने की मांग



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर राज्य की कृषि सहकारी संस्थाओं में किसानों की कृषि ऋण की राशि जमा करने की तिथि एक महीने बढ़ाए जाने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने लिखा है कि कृषि सहकारी संस्थाओं में किसानों की कृषि ऋण की राशि जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। किसानों की फसल की कटाई पूर्ण रूप से नहीं हो पाई है। जिसके कारण किसान ऋण राशि जमा नहीं कर पा रहें हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि किसानों की मांग है कि ऋण राशि जमा करने की अवधि एक माह बढ़ाई जाए।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 मार्च 2025

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.40 शाम (शनि)
सहरी 04.52 सुबह (रवि)



# बैंक में गार्ड को आया अटैक, पुलिसकर्मी निजी वाहन से लेकर पहुंचा एम्स

## बागसेवनिया स्थित साकेत नगर में केनरा बैंक की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया स्थित साकेत नगर में केनरा बैंक शाखा में सेना से रिटायर्ड सैनिक को हार्ट अटैक आ गया। बैंककर्मी और वहां मौजूद लोग समझते रहे कि उन्हें मिर्गी का दौरा आया है। इस दौरान करंसी चेक में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी अविनाश राय खतरा भांपकर रिटायर्ड सैनिक को लेकर तत्काल एम्स पहुंचे, वहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। समय पर उन्हें अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो उनकी जान जा सकती थी।

**बैंककर्मी और वहां मौजूद लोग समझते रहे मिर्गी का दौरा**


पुलिसकर्मी अविनाश राय

प्रेरक खबर


सीसीटीवी में दर्ज हुई घटना।

### अविनाश के काम आई पुलिस की ट्रेनिंग

अविनाश ने बताया कि राम प्रताप(56) सेना से रिटायर्ड हैं। वर्तमान में वे पुलिस लाइन में पदस्थ हैं। गुरुवार को उनकी ड्यूटी केनरा बैंक में थी। दोपहर में एक महिला कर्मचारी ने बताया कि राम प्रताप की तबियत खराब हो गई है और वह कुर्सी से नीचे गिर गए हैं। उन्होंने जाकर देखा कि राम के मुंह से झाग निकल रहा है। लोग इसे मिर्गी बताने में जुटे हुए थे। अविनाश राय ने बताया कि उन्हें पुलिस ट्रेनिंग के दौरान हार्ट अटैक के लक्षणों की जानकारी दी गई थी। अविनाश तुरंत ही भांप गए कि राम प्रताप को दिल का दौरा पड़ा है।

**समय पर मिला इलाज, संकट में पड़ सकती थी जान**

अविनाश अपनी निजी कार से राम प्रताप को एम्स लेकर पहुंच गए। अस्पताल में चेकअप से पता चला कि उन्हें अचानक दो बार हार्ट अटैक आया था। समय पर उपचार न मिलने पर उनकी जान संकट में पड़ सकती थी। शुक्रवार को राम प्रताप की हालत में सुधार हुआ तो। परिजन ने उन्हें एम्स से डिस्चार्ज कर, अरेरा कॉलोनी के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

## मरीजों के परिजनों को मिली गर्मी में छायादार गलियारे में बैठने की सुविधा

एम्स डायरेक्टर सिंह बोले-गर्मी से मिलेगी राहत


एम्स के गलियारे लगे टीन शेड में की गई है व्यवस्था।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप और अस्पतालों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए एम्स ने मरीजों के परिजनों के लिए एक अहम कदम उठाया है। जहां एक दिन की ओपीडी पांच हजार के करीब है, वहीं आपातकालीन और ट्रामा विभाग में भी सैकड़ों मरीजों की आवाजाही होती है। एम्स प्रशासन ने ट्रामा और आपातकालीन विभाग के बाहर छायादार गलियारे में बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई है। यह व्यवस्था उन परिजनों के लिए की गई है, जो मरीजों के साथ अस्पताल में लंबा समय बिताते हैं। गर्मी के दिनों में अस्पतालों में मरीजों के साथ आए परिजनों को बैठने और छांव न होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि ट्रामा और आपातकालीन विभाग के बाहर रेड ट्रायेज क्षेत्र के दोनों ओर बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे मरीजों के साथ आए उनके परिजनों को गर्मी से राहत मिलेगी।

## तीसरे एजेंडे पर ही खत्म हुई बैठक, अफसर पर भड़के सांसद शर्मा

# अफसर नहीं आए तो सांसद शर्मा बैठक स्थगित कर वापस चले गए

ननि के साथ ही नहीं हो सकी विभागों की समीक्षा

◆ सांसद बोले-निगम कमिश्नर न तो मेरा फोन उठाते हैं और न ही महापौर का, उनका आचरण, व्यवहार कार्यप्रणाली ठीक नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण न तो मेरा फोन उठाते हैं और न ही महापौर का। विकास से जुड़ी बैठक में खुद भी नहीं आते हैं और अपने किसी अधिकारी को भी नहीं भेजते हैं। उनका इस तरह का आचरण, व्यवहार कार्यप्रणाली ठीक नहीं है। उनकी वजह से नगर निगम के कार्यों की तो समीक्षा नहीं हुई साथ ही अन्य विभागों की भी समीक्षा नहीं हो सकी। यह कहते हुए भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक स्थगित कर दी।

इधर निगम कमिश्नर का कहना है कि उनको बैठक का सूचना पत्र नहीं मिला। सूचना नगरीय प्रशासन विभाग को दी गई थी, यदि मुझे फोन पर भी सूचना दी जाती तो मैं जरूर जाता। जब उनसे सांसद और महापौर का फोन नहीं उठाने पर सवाल किया गया तो उनका जवाब था कि केंद्र से स्वच्छ सर्वेक्षण करने अपर सचिव आए हैं। उनके साथ बैठक चल रही थी, मोबाइल साइलेंट मोड पर था, अन्य फोन भी नहीं उठाए।

जिला पंचायत में रखी गई बैठक में सबसे पहले बिजली कंपनी का एजेंडा रखा गया। जिसमें निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी सांसद को दी। एक दिन पहले गुरुवार को साधारण सभा की बैठक में बिजली मुद्दे पर हुई बहस को लेकर कंपनियों के अधिकारियों को नसीहत दी कि वह जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करें। जल संसाधन विभाग का एजेंडा रखा गया, लेकिन इसमें कर्मचारी को भेजा गया था।




### निंदा प्रस्ताव लाने का बोले सांसद आलोक


सांसद ने अधिकारी को नोटिस जारी करने के लिए कहा है। तीसरा एजेंडा नगरीय प्रशासन विभाग का रखा गया, लेकिन निगम से एक भी अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचा। सांसद ने महापौर मालती राय से कहा, यह आपत्तिजनक है। महापौर ने आयुक्त को फोन लगाया, लेकिन नहीं उठाया। सांसद ने भी फोन लगाया लेकिन नहीं उठा तो वे और नाराज हो गए। सांसद ने कहा कि यह आचरण निंदा की श्रेणी मे आता है उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाना चाहिए। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि खुद नहीं आए तो अन्य अधिकारी को भेज सकते थे। उनका यह उपेक्षापूर्ण व्यवहार ठीक नहीं है।

### इन कामों की नहीं हो सकी समीक्षा

सांसद ने बैठक में कहा कि अफसरों की लापरवाही से विकास कार्यों की समीक्षा नहीं की जा सकी। कायाकल्प योजना के लिए सरकार ने 95 करोड़ 97 लाख 12 हजार की राशि दी है, प्रदेश सहित भोपाल में संजीवनी क्लीनिक खोले जाना है। सीएम इंफ्रा के लिए 82 करोड़ दो लाख 13 हजार की राशि मिली है। अमृत दो, सीवेज के क्या काम हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, बीसीएलएल बसों का संचालन सहित अनेक विकास कार्यों पर चर्चा की जानी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

## स्टील ब्रिज की मजबूती की दूसरी टेस्टिंग आज

# स्टील ब्रिज पर 750 लोगों के बराबर 900 रेत की बोरियां लेकर खड़ी रही मेट्रो ट्रेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज रेलवे क्रासिंग के ऊपर बने 65 मीटर लंबे मेट्रो के स्टील ब्रिज की मजबूती जांचने मेट्रो प्रबंधन दूसरी बार टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को मेट्रो में 900 रेत की बोरियों को अपलोड किया गया, जिसका वजन 750 लोगों के वजन के बराबर होता है। यह ट्रॉयल शनिवार को भी किया जाएगा।

इस टेस्टिंग में तीन बोगियों में 900 रेत की बोरियां रखी गई हैं। प्रत्येक बोगी में 250 लोगों के वजन के बराबर रेत की बोरियां होंगी। जिससे ब्रिज पर 750 यात्रियों के भार के बराबर दबाव पड़ेगा। इसके बाद फुल स्पीड से मेट्रो का ट्रायल रन होगा, जिससे ब्रिज की स्थिरता और मजबूती का आंकलन पता चलेगा। हालांकि पूर्व में 21 मार्च को मेट्रो प्रबंधन ने 600 टन वजन की रेत की बोरियां ब्रिज के 15 पाइंट पर 24 घंटे तक रख के परीक्षण किया था। अब, इस नए परीक्षण से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ब्रिज 750 यात्रियों के भार को सुचारू रूप से सहन कर पाता है या नहीं।

### जुलाई से आम लोगों के लिए शुरू हो सकती है मेट्रो

मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि यह परीक्षण सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। टेस्टिंग के सफल होने के बाद मेट्रो की प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो सेवा जुलाई तक आम लोगों के लिए खोला जा सकता है।

## राजधानी के बरकत्तउल्ला विश्वविद्यालय का मामला

# 48 में से 42 विद्यार्थी फेल, परीक्षा देने नहीं पहुंची छात्रा हो गई पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा/भोपाल

बरकतउल्ला विवि एक मामले को लेकर चर्चा में है। मामला मैरुंदा शासकीय नहाविद्यालय के 42 विद्यार्थियों का है। कॉलेज के 48 में से 42 विद्यार्थियों को एक ही पेपर में फेल किए जाने का मामला सामने आया है। मजे की बात यह है कि एक ऐसी छात्रा को इस विषय में पास कर दिया है, जो पेपर देने कॉलेज पहुंची ही नहीं थी। महाविद्यालय के रिकॉर्ड में भी छात्रा उस दिन एब्सेंट (अनुपस्थित) है। विद्यार्थियों को इसकी जानकारी परीक्षा परिणाम आने के बाद लगी तो उन्होंने तत्काल इस मामले में बीयू के कुलसचिव के नाम एक ज्ञापन एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य भारत सिंह हरियाले को सौंपा है।



### छात्रों ने दर्ज कराया विरोध

कॉलेज प्राचार्य का कहना है कि बीयू को इसकी सूचना दे दी गई है। एमएससी जूलॉजी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी क्षमा राजपूत, स्वाति पंवार, नेहा कुशवाह, सत्यम ठाकुर, ललित यादव, विपुल कुशवाह ने बताया कि एमएससी जूलॉजी तृतीय सेमेस्टर के एक विषय कशेरुकी प्राणियों की तुलनात्मक शरीर रचना विज्ञान की परीक्षा बीते 10 दिसंबर 2024 को प्रथम पाली में संपन्न हुई थी।

# लो प्रेशर से हुई पानी की सप्लाई, तीसरे दिन भी तरसी ढाई लाख आबादी

**जोन 16 और 17 में तीसरे दिन लोगों को पानी के लिए करनी पड़ी जद्दोजहद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जोन 16 और 17 में रहने वाले करीब ढाई लाख आबादी को तीसरे दिन भी पानी के लिए परेशान होना पड़ा। जबकि निगम का दावा था कि शुक्रवार सुबह से उक्त दोनों जोनों में सुचारू रूप से पानी की सप्लाई की जाएगी, लेकिन शुक्रवार सुबह दोनों जोनों में कम दबाव से पानी सप्लाई हुआ, जिसकी वजह से लोगों को पानी के लिए गर्मी में जद्दोजहद करनी पड़ी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कम दबाव से पानी सप्लाई हुआ। इस कारण लोग पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं भर सके। इसके साथ लोग पानी के टैंकर का भी इंतजार करते रहे, लेकिन सप्लाई शुरू होने की वजह से कॉलोनियों में एक भी पानी का टैंकर नहीं आया। मेट्रो निर्माण में बाधक बनी नर्मदा की 600 एमएम व्यास की फीडर लाइन को शिफ्ट करने के लिए 24 घंटे का शटडाउन लिया था। बुधवार से लेकर गुरुवार सुबह तक सप्लाई बंद थी। गुरुवार शाम को कुछ इलाकों में कम दबाव से पानी सप्लाई हुआ। चूंकि लाइन शिफ्ट का काम पूरा हो गया है। लिहाजा शुक्रवार सुबह सुचारू रूप से प्रेशर से पानी सप्लाई किया जाना था, लेकिन शुक्रवार सुबह भी कम दबाव से पानी सप्लाई हुआ।

### नहीं आई शिकायत

दोनों जोनों में शुक्रवार से पानी सप्लाई हुआ है। हमारे पास कम दबाव से सप्लाई की कोई शिकायत नहीं आई। जहां दिक्कत होगी तो उसको दूर किया जाएगा।

**उदित गर्ग,** अधीक्षण यंत्री, जलकार्य शाखा

## डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

# मरीज की मौत के बाद जेपी अस्पताल में हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जय प्रकाश अस्पताल में गुरुवार रात मरीज की मौत के बाद परिजन और रिश्तेदारों सहित परिचितों ने जमकर हंगामा किया। करीब तीन दर्जन से अधिक लोग अस्पताल में घुस आए थे। लोगों का गुस्सा देखकर अस्पताल में मौजूद ड्यटी डॉक्टर और स्टाफ भाग निकला। इधर, सूचना मिलते ही हबीबगंज, टीटी नगर, कमला नगर और एमपी नगर से पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और हंगामा कर रहे लोगों को समझाइश दी। इसके बाद भी मामला शांत हो सका।

जानकारी के अनुसार 50 साल के करोंद निवासी मंजूर ऑटो चलाते थे। गुरुवार रात वह पंचशील नगर अपने रिश्तेदार के घर गए थे। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मंसूर को मृत घोषित कर दिया। परिजन का आरोप था कि मंसूर खान का का ठीक से इलाज नहीं किया गया और कह दिया गया कि उनकी मौत हो चुकी है। कुछ देर चली बहस के बाद मृतक के परिजन और रिश्तेदार सहित परिचित भी अस्पताल पहुंच गए और हंगामा बढ़ गया। अस्पताल में विवाद की सूचना मिलते ही एसीपी टीटी नगर सीएस पांडे भी मौके पर पहुंच गए थे। साथ ही हबीबगंज, टीटी नगर, कमला नगर और एमपी नगर से पुलिस बल पहुंचा और स्थिति को काबू किया गया।

**ड्यूटी डॉक्टर अस्पताल से भागे, चार थानों की पुलिस ने संभाला मोर्चा**

### अस्पताल में बने सहायता केंद्र पर नहीं थी पुलिस

जय प्रकाश अस्पताल में हुए इस बवाल पर डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ में नाराजगी है। डॉक्टर और स्टाफ का कहना है कि जय प्रकाश अस्पताल में पुलिस सहायता केंद्र बना रखा है, लेकिन यहां कभी सहायता नहीं मिलती। जिस समय हंगामा हुआ उस समय पुलिस सहायता केंद्र में कोई भी पुलिसकर्मी नहीं था। भीड़ से बचकर डॉक्टर और पेरामेडिकल स्टाफ को जान बचानी पड़ी।

### मारपीट की कोई घटना नहीं हुई

लोगों को ऐसी स्थिति में धैर्य रखना चाहिए और अस्पताल परिसर में हंगामा नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई मारपीट की घटना नहीं हुई है।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव,** अधीक्षक, जेपी अस्पताल

## जिला मूल्यांकन समिति ने शहरी में 1070, ग्रामीण में बढ़ाए 242 लोकेशन पर दाम

# 1312 लोकेशन पर बढ़ेंगे प्रॉपर्टी के दाम, 167 पर रिकॉर्ड 50 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी

दस से बीस फीसदी वाली सबसे ज्यादा 382 लोकेशन पर बढ़ेंगे रेट

**केंद्रीय बोर्ड को भेजा प्रॉपर्टी की बढ़ोतरी का प्रस्ताव, तीन दिन बाद होगा लागू**

**एक अप्रैल को बंद रहेगा पोर्टल दो को होगी नए रेट में रजिस्ट्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्लि में प्रॉपर्टी की बेतहाशा बढ़ोतरी अंततः होने जा रही है। जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के विरोध को दरकिनार करते हुए जिला मूल्यांकन समिति ने जिले की 2889 लोकेशन में से 1312 लोकेशन पर बढ़ोतरी का प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेज दिया है।

इसके बाद इन जगहों पर दस से तीन सौ फीसदी तक बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है। जिन 18 जगहों पर बदलाव किया गया है, उसका संशोधन प्रस्ताव भी दिया है, जिससे बढ़ोतरी वाली लोकेशन की तादाद 1212 ही रहेगी। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद एक अप्रैल से नए रेट लागू कर दिए जाएंगे। अब वर्तमान रेट में रजिस्ट्री कराने के लिए सिर्फ तीन दिन ही बाकी बचे हैं। इसके साथ ही प्रस्तावित लोकेशन पर बढ़ोतरी का एवरेज 14 फीसदी बताया जा रहा है।



### शुक्रवार को रिकॉर्ड 625 रजिस्ट्री

जिले में भारी बढ़ोतरी के प्रस्ताव को देखते हुए खरीदारों ने 31 मार्च तक रजिस्ट्री कराना शुरु कर दिया है। जिसके तहत पंजीयन दफ्तरों में खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। शुक्रवार को परी बाजार, आईएसबीटी और बैरसिया के पंजीयन दफ्तरों में रिकार्ड भीड़ देखी गई। पंजीयन दफ्तरों में सुबह से शाम सात बजे तक रजिस्ट्री की जा रही हैं। शुक्रवार को भी देर शाम तक 625 रजिस्ट्री दर्ज की गर्इं, जिससे पंजीयन विभाग को 52 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।

### इन जगहों पर ज्यादा बढ़ोतरी

| लोकेशन | वर्तमान | प्रस्तावित | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सीहोर रेलवे फाटक से आगे | 33000 | 50000 | 51 |
| अलर्क शॉपिंग काम्प्लेक्स | 27000 | 40000 | 48 |
| पुराना बी वार्ड बैरागढ़ | 11000 | 20000 | 82 |
| बीडीए मार्केट | 26400 | 40000 | 51 |
| बेहटा अन्य सड़क पर | 10400 | 22000 | 111 |
| इंदौर मार्ग से हटकर | 36000 | 45000 | 25 |
| सिंधु टॉकीज के पीछे | 28000 | 36000 | 28 |
| गोल्फ लिंक लालघाटी | 20000 | 35000 | 75 |

### खेती की जमीन होगी महंगी

पहली बार पंजीयन विभाग ने शहरी से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र की लोकेशन्स पर बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। दरअसल, वर्तमान में शहरी लोग ग्रामीण क्षेत्र में प्लॉट, मकान और जमीनों की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। दरअसल, ग्रामीण क्षेत्र की अधिकतर लोकेशन को आपस में मर्ज कर दिया गया है। जिसको देखते हुए पंजीयन विभाग ने आर्टिफिशल इंटेलीजेंस से डेटा उठाकर बढ़ोतरी प्रस्तावित कर दी है। ऐसे में अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्लॉट और जमीन खरीदने में ज्यादा राशि खर्च करना पड़ेगी। इसके साथ रजिस्ट्री कराना भी महंगा पड़ेगा।

**इस प्रस्ताव के बाद शहर भर में बढ़ जाएंगे प्रॉपर्टी के रेट**

पंजीयन विभाग ने इस बार भी मनमर्जी से शहर की 3885 लोकेशन्स को 2887 में मर्ज कर दिया। जिसके बाद इन लोकेशन में से 1312 लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावित की है, जिससे शहर भर में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। पंजीयन विभाग के प्रस्ताव में पचास से अधिक फीसदी बढ़ोतरी वाली 167 लोकेशन प्रस्तावित की हैं, जबकि 40 से 50 फीसदी वाली 204 लोकेशन हैं। तीस से 40 फीसदी वाली 176, बीस से तीस फीसदी वाली 234 लोकेशन, जबकि दस से बीस फीसदी वाली सबसे ज्यादा 382 लोकेशन पर दाम बढ़ाए गए हैं। इसके साथ 149 लोकेशन पर दस फीसदी बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा गया है।

# क्याक जूनियर में संतोष ने, महिला वर्ग में डॉली ने दी बेस्ट टाइमिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मध्य प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग संघ की राजधानी के छोटे तालाब स्थित वोट क्लब में 35वी केनो स्प्रिंट जूनियर सब जूनियर स्पर्द्धा का समापन हो गया। शुक्रवार को सभी खिलाड़ियों की सिंगल बोट में के1 सी1 से ट्रायल ली गई है। ट्रायल जूनियर वर्ग में 1000 मी के1 सी1 500 मी के1 सी1 व सब जूनियर हेतु 500 भी 200 मी के1 सी1 में ली गई। इसमें क्याक जूनियर वर्ग में संतोष ने 5:39:326 का, क्याक जूनियर महिला मे डाली विश्नोई ने 6:48:374 व सब जूनियर क्याक बॉयज यहीफवा ने 2:27:668 अपनी बेस्ट टाइमिंग दी। इस प्रतियोगिता के उपरांत चयन समिति द्वारा टीम का चयन किया जाएगा व इवेंट के हिसाब से प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की जाएगी। परंतु मोटे तौर पर अभी सभी वर्गों का 6 क्याक जूनियर पुरुष व महिला 6 कैनो जूनियर महिला व पुरुष व सब जूनियर में 6 क्याक बॉयज एंड गर्ल्स वह 6 केनो बॉयज एंड गर्ल्स का चयन किया जाएगा।


**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
26-Arera Hills, Jail Road, Bhopal
Board/B-2-1/Pr. Va./Vahan Kiraya/24-25/1530 Bhopal Dated : 28.03.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

The M.P. State Agricultural Marketing Board, Bhopal, invites online tenders from reputed and experienced agencies/ service providers for the **Annual Rate Contract for Hiring of Vehicles on Rental Basis** at Head Quarter, Kisan Bhawan, Bhopal for One Year (Extendable) under Tender Number: **2025_MPSAM_413148 (Indicative Cost Rs. 25.00 Lakh)**. The following Tender to be received online up to **17:30 on 21.04.2025**. Technical bid documents with Bid Security & Financial Offer to be received online only as per Tender Document. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Tender and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/119461/2025 **DEPUTY DIRECTOR (VEHICLE)**


## एसीई ने अकीरा को 104 रन से हराया



**भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में गुरुवार को गौतम नगर के ग्राउंड में अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में एसीई अकादमी और अकीरा अकादमी के मध्य मैच खेला गया। एसीई ने टॉस जीतकर पहले करते हुए 187 रन बनाए। लक्ष्य 188 रन का पीछा करने उतरी अकीरा क्रिकेट अकादमी 83 रन पर ऑलआउट हो गई। एसीई ने यह मैच 104 रन से जीत लिया।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal Office Telephone No. 0755-2701663, 2701669
No 40 W.W.D./2025 NOTICE INVITING e-TENDER Bhopal, Dated : 26.03.2025
Third - Call

Online Tender are invited on website http://mptenders.gov.in for following works. Document can be purchased on website from 26.03.2025 and online submission till 09.04.2025. Corrigendum for above NIT shall not be published separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website. Detailed NIT and other information can be seen on website http://mptenders.gov.in.

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Tender Document | Completion of Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 |
| 1 | 2025_UAD _399357_3 | Construction of Additional Room and Toilet Near Clear Water Pump House and Paving Block in Premises At water treatment plant khatpura M.P. | 22,50,313.00 | 16,877.00 | 5000.00 | 120 days including Rainy Season |

T.N. 1593/024/025
Executive Engineer, Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal


## जैकेट का शेष

### 7.7 के झटके ...

हैं। हादसे में 144 लोगों की मौत की खबर है। 110 लोग मलबों में दबे हैं। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में स्विमिंग पूल से पानी निकलता हुआ दिखाई दिया। बैंकॉक के गवर्नर ने बताया कि इमारतों को हुए नुकसान के बारे में 169 कॉल मिले हैं। बैंकॉक में शहरी रेल प्रणाली अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत किसी भी तरह की सहायता देने के लिए तैयार है। भूकंप के झटके म्यांमार, थाईलैंड, पूर्वोत्तर भारत और चीन के कुछ हिस्सों में महसूस किए। भूकंप के झटके ढाका और चटगांव समेत बांग्लादेश के कई इलाकों में महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बता दें कि ढाका से भूकंप के केंद्र की दूरी 597 किलोमीटर है। **भारत में भी कांपी धरती, नुकसान नहीं:** इस शक्तिशाली भूकंप का असर म्यांमार के साथ ही थाईलैंड, बांग्लादेश सहित भारत के कुछ राज्यों में देखा गया। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता, मणिपुर की राजधानी इंफाल में भी हल्के झटके महसूस हुए। इसके अलावा पूर्वोत्तर भारत के राज्य मेघालय में भी भूकंप आया है। हालांकि यहां नुकसान की खबर नहीं है।

### पीएम मोदी का दौरा...

होगी। प्रधानमंत्री मोदी थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। यह थाईलैंड के प्रधानमंत्री के साथ उनकी दूसरी बैठक होगी। इससे पहले उन्होंने पिछले साल 11 अक्टूबर को वियनतियाने में आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान उनसे मुलाकात की थी। थाईलैंड की यात्रा के बाद पीएम मोदी श्रीलंका जाएंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के निमंत्रण पर 4 से 6 अप्रैल तक राजकीय यात्रा पर श्रीलंका जाएंगे। यह प्रधानमंत्री की अपने कार्यकाल के दौरान श्रीलंका की चौथी यात्रा भी होगी।

### 5वीं में शहडोल,...

ग्वालियर, रीवा और सागर रहे। कक्षा 8वी के परिणामों में टॉप 10 जिले क्रमशः नरसिंहपुर, अलीराजपुर, डिंडोरी, झाबुआ, बालाघाट, अनूपपुर, सीहोर, छिंदवाड़ा, बड़वानी, और मंडला रहे।

### इतने बच्चे परीक्षा ...

669 मदरसे शामिल हैं। कक्षा 5वीं के कुल 11 लाख 17 हजार 961 विद्यार्थियों में से 8 लाख 24 हजार 598 ग्रामीण और 2 लाख 93 हजार 363 विद्यार्थी शहरी क्षेत्रों के हैं। वहीं कक्षा 8वीं के कुल 11 लाख 68 हजार 866 विद्यार्थियों में से 8 लाख 35 हजार 733 ग्रामीण और 3 लाख 33 हजार 133 विद्यार्थी शहरी क्षेत्रों के हैं। प्रश्नपत्रों का जलिावार निर्माण, 12 हजार 623 केन्द्रों पर परीक्षा, 322 केंद्रों पर मूल्यांकन उपरांत परीक्षा परिणाम तैयार हुआ।

### शेयर ट्रेडिंग एप...

था। साइबर ठगी से प्राप्त सेकंड, थर्ड, और फोर्थ लेयर के रुपयों को नकद निकालकर अन्य खातों में ट्रांसफर करता था। धार नगर पुलिस अधीक्षक रविंद्र वास्कले ने बताया कि मुख्य आरोपियों लईक पुत्र रईस शेख, सह आरोपियों फैजान पुत्र अनवर, आमिर पुत्र कलीम, जावेद पुत्र रईस व इसरार पुत्र मुख्तियार सभी निवासी धार पर ठगी के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। दरअसल, शहर के कुछ युवाओं के बैंक खातों में लाखों रुपए जमा होने के बाद रकम का ट्रांजैक्शन होने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी।केनरा बैंक की ओर से पुलिस को एक अकाउंट की जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि खाता क्रमांक 120030709974 से 70 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ था।

### काठमांडू में सेना...

सरकार ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। काठमांडू में हुई हिंसा के बाद हालात पर चर्चा के लिए कैबिनेट की एक आपातकालीन बैठक की।

**लोगों के हाथों में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के फोटो:** हजारों प्रदर्शनकारी, जिनके हाथों में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के फोटो और नेपाली झंडे थे, टिंकुने इलाके में जमा हुए। यहां राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगे। उन्होंने पत्थरबाजी की, सीपीएम-यूनिफाइड सोशलिस्ट्स के दफ्तर पर हमला किया और 8 वाहनों को आग लगा दी। चाबहिल स्थित भाटभटेनी सुपरमार्केट को लूटा गया, जबकि कान्तिपुर टीवी और अन्नपूर्ण पोस्ट के दफ्तरों को भी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए। घायलों में आधे से ज्यादा पुलिसकर्मी हैं। इसी दौरान, राजशाही विरोधी समूहों ने भी प्रदर्शन किया। संसद के पास जमा हुए गणतंत्र समर्थकों ने कहा कि नेपाल अतीत में नहीं लौटेगा। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, इसलिए राजशाही समर्थक सिर उठा रहे हैं। लेकिन गणतंत्र ही भविष्य है।

### मुश्किल वक्त में...

क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पांच हितग्राहियों से वर्चुअली बातचीत कर उनके परिजन के अवसान पर संवेदनाएं प्रकट की। इस मौके पर प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से जुड़े संबल योजना के हितग्राहियों से वर्चुअली चर्चा की। उन्होंने मंदसौर की श्रीमती अंजली रैकवार, खरगोन की श्रीमती प्रेमलता कर्मा, शहडोल की श्रीमती मन्नू ढीमर, दतिया की श्रीमती कल्लन वाल्मीक, सीहोर की श्रीमती शिव कुमारी से बातचीत की।

## पेज एक का शेष

### आज दोपहर 2:21...

कुल अवधि करीब 3 घंटे 53 मिनट तक होगी। ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा, जिससे सूतक काल मान्य नहीं होगा। लेकिन मानव जीवन पर इसका काफी असर देखने को मिलने वाला है।

### एआई से लैस ...

करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी। हमने कटड़ा शहर में कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की है और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की संयुक्त टीमों के साथ-साथ त्वरित प्रतिक्रिया दल भी तैनात किए गए हैं और वे सतर्क हैं।

### डीए और डीआर ...

इस वृद्धि के बाद अतिरिक्त 3,622 रुपए खर्च करेगी। वहीं डीआर मद में 2,992 रुपए का अतिरिक्त खर्चा आएगा।

### पत्नी की हत्या ...

गुरुवार को एक सूटकेस में मिला था। शव पर गंभीर चोटों के निशान भी थे। वह मूल रूस से महाराष्ट्र की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि उसका पति राकेश राजेंद्र खेडेकर वारदात को अंजाम देने के बाद पुणे भाग गया था, जहां उसने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

### वक्फ बिल के ...

नाम पर राजनीति करने वालों के पेट में दर्द हो रहा। वक्फ की जमीन से दो-चार परिवारों का ही पेट पल रहा है। इससे काम नहीं चलेगा। भोपाल, इंदौर के अलावा नर्मदापुरम में भी मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। रायसेन में काली पट्टी बांधने को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे पर हथियारों से हमला कर दिया। इसमें 4 लोग घायल हो गए। बता दें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समुदाय से काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध प्रदर्शन की अपील की थी। बोर्ड ने कहा था कि अगर ये बिल पारित हो गया तो मस्जिद, दरगाह, मदरसे, कब्रिस्तान और कई अन्य संस्थान उनके हाथ से चले जाएंगे।

### बोलने की आजादी ...

कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो। कोर्ट ने कहा कि कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। पुलिस को लोगों की बुनियादी अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को पसंद न करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए। सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए। 3 जनवरी को प्रतापगढ़ी पर जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत गाने के लिए मामला दर्ज किया गया था। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापगढ़ी पर अन्य धाराओं के अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, जाति आदि के आधार पर नफरत को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए खतरनाक दावे) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इमरान प्रतापगढ़ी की ओर से एक्स पर अपलोड की गई 46 सेकंड की वीडियो क्लिप में दिखाया गया है कि जब वह हाथ हिलाते हुए चल रहे थे, तो उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थीं और एक गाना बज रहा था। इसे लेकर एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि इसके बोल भड़काऊ, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले थे।

### जस्टिस वर्मा ...

जारी की। इस सप्ताह की शुरुआत में उनके तबादले की सिफारिश करते हुए सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने कहा था कि यह कदम होली की रात आग लगने की घटना के बाद न्यायमूर्ति वर्मा के घर से नकदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच के आदेश से अलग है। उधर, इस मामले में कोर्ट ने उन पर एफआईआर से इंकार कर दिया है।

### धारदार हथियारों से ...

थाना पुलिस मौके के लिए रवाना हुई। घायलों को जिला अस्पताल एंबुलेंस और प्राइवेट वाहनों से लाया गया। तीन को ज्यादा चोट होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया गया है कि एक साल पहले राहुल दायमा ने आदिवासी समाज की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। जिसके चलते मनमुटाव की स्थिति बनी हुई थी दो दिन पहले भी झगड़ा हुआ था। सूरज धुर्वे से राहुल दायमा और भूरू ने झगड़ा किया था। शुक्रवार को सूरज धुर्वे, चंदन धुर्वे, धनसिंह खेत में भूसा लेने गए थे। खेत में दूसरे पक्ष के राहुल दायमा (कीर) और पिता बचन कीर समेत अन्य लोग खेत पहुंचे। जहां दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि डंडे, बल्लम और धारदार हथियार निकल गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष चला।

### अवैध रेत का ...

कंसाना और बंकू लिखा था, साथ ही दो मोबाइल नंबर भी अंकित थे। इस मामले में बंकू कंसाना ने कहा कि इस डंपर से मेरा कोई लेना-देना नहीं है, न ही मैं इस ड्राइवर को जानता हूं। जांच से पता चला कि यह कैलारस के जंडेल सिंह कुशवाह का है। मैं रेत का व्यापार नहीं करता। ट्रक पर मेरा नंबर लिखा है, लेकिन कोई भी इसे लिख सकता है। यह एक साजिश है। वन विभाग के एसडीओ भूरा गायकवाड़ ने कहा कि हमने रेत से भरा डंपर पकड़ा और चालक को गिरफ्तार किया। डंपर का मालिक कौन है, यह जांच का विषय है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा कि रेत माफिया को पेट माफिया कहने वाले मंत्री का बेटा भी रेत की माफियागिरी से पेट पाल रहा है। पुलिस कार्रवाई कैसे करेगी?

### गर्मी-लू से ...

पारे में मामूली गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम से आ रही गर्म हवाओं की वजह से पिछले 3 दिन से तापमान में खासी बढ़ोतरी हुई है। निवाड़ी का पृथ्वीपुर और छतरपुर का खजुराहो सबसे गर्म है। शुक्रवार से कुछ शहरों में पारे में मामूली गिरावट देखने को मिली। हालांकि, सुबह से सूरज के तेवर तीखे रहे। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि गर्म हवा चलने की वजह से गर्मी का असर बढ़ा है। ग्वालियर, उज्जैन और भोपाल संभाग में दिन का तापमान बढ़ा था, जो अब कम हो रहा है। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। हालांकि, यह प्रदेश से दूर है, लेकिन इससे हवा की रफ्तार बढ़ जाएगी और आने वाले दिनों में तापमान में मामूली गिरावट रहेगी। इसका असर शुक्रवार से शुरु भी हो गया है।

### इन शहरों में ...

डिग्री, खंडवा में 38.1 डिग्री, नरसिंहपुर-नौगांव में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अप्रैल में चलेगी ...

या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो लू की स्थिति मानी जाती है।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


**नाम परिवर्तन**

मैं, श्रीमती नसीमबी खान पत्नी श्री अकरम खान आयु वयस्क निवासी खेतिया तह पांसेमल जिला बड़वानी म.प्र. की निवासी हूं। शादी के पूर्व मेरा नाम शासकीय व अशासकीय दस्तावजों में नसीमाबी (Nasima Bee) है। कुछ अन्य शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम नसीमबी (Nasim Bee Khan) है। शादी के बाद से मुझे नसीमबी खान (NasimBee Khan) के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है तथा मुझे भविष्य में नसीमबी खान (Nasim Bee Khan) के नाम व सरनेम से जाना पहचाना जाये।
प्रार्थिनी
नसीमबी खान
(NasimBee Khan)

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5819



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5818 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | बा | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | या |

## सूडोकु नवताल - 5829

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5828 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# केंद्र सरकार ने चने पर लगाया 10 फीसदी आयात शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चना की कीमतों में आ रही गिरावट और भारी आयात को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस पर 10 फीसदी का आयात शुल्क लगा दिया है। जिससे चना किसानों को इसका वाजिब दाम मिल सके। इस साल चना का उत्पादन भी अच्छा है। इन हालात में चना के दाम गिर रहे हैं। महीने भर में चना के दाम 400 से 500 रुपए घटकर 5,600 से 5,650 रुपए प्रति क्विंटल रह गए हैं। ऐसे में चना पर आयात शुल्क लगने से इसकी कीमतों को समर्थन मिल सकता है। केंद्र सरकार ने इस रबी सीजन में 27.99 लाख टन चना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने को भी मंजूरी दी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक देसी चना (बंगाल ग्राम) पर 10 फीसदी आयात शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क एक अप्रैल से लागू होगा। केंद्र सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए पिछले साल मई में चना के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी। यह शुल्क छूट 31 मार्च 2025 तक लागू थी। अब इसके आयात पर आयात शुल्क लगने के साथ ही शुल्क मुक्त चना आयात की अनुमति भी समाप्त हो जाएगी।

## 2,477 करोड़ रुपए के चने का हो चुका है आयात



वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान चना के आयात में भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है। केंद्रीय वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 2,477 करोड़ रुपए मूल्य के चना का आयात हो चुका है। पिछली समान में यह आंकड़ा 929 करोड़ रुपये था। इस तरह मूल्य के लिहाज से चना आयात में 3 गुना इजाफा हुआ है। मात्रा के तौर पर देखें तो इस वित्त वर्ष अप्रैल-दिसंबर अवधि में 3.60 लाख टन चना का आयात हुआ है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में आयात हुए 23,546 टन चना से 15 गुना से भी ज्यादा है। प्रमुख चना निर्यातक देश ऑस्ट्रेलिया से भारत में इस वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 2.70 लाख टन चना का आयात हुआ है। पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा महज 21,164 टन था। चालू वित्त वर्ष में तंजानिया से 69,331 टन चना आयात हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा शून्य था।

# 31 मार्च को रहेगी चेक की विशेष क्लीयरिंग व्यवस्था

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के समापन के मद्देनजर केंद्र एवं राज्य सरकारों के लेन-देन के सुचारू निपटान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 31 मार्च को विशेष क्लियरिंग व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया है। आरबीआई ने शुक्रवार को सभी बैंकों निर्देश दिया है कि यह विशेष क्लीयरिंग केवल सरकारी चेक के लिए होगी और इसे चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) के माध्यम से किया जाएगा।

# एलआईसी के सभी कार्यालय आज से 31 तक खुले रहेंगे

**भोपाल।** पॉलिसीधारकों को किसी भी कठिनाई से बचाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय और मंडल कार्यालयों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कार्यालय 29 से 31 मार्च 2025 को आधिकारिक कार्य समय के अनुसार सामान्य परिचालन के लिए खुले रखे जाएंगे।


**पश्चिम मध्य रेल**

म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 28.03.2025

वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मैंन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 24-25-S-39-146, Date 21.03.2025. **Name of work including Location:** ए) न्यु यार्ड इटारसी कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी तथा आझादनगर कॉनोनी स्थित आवासों के प्लास्टरिंग, पेंटिंग तथा वॉटर प्रुफिंग के भारी मरम्मत का कार्य। बी) इटारसी-खंडवा खंड पर स्थित तलवाडिया स्टेशन पर इआई प्रावधान के सम्बन्ध में एस एन्ड टी इक्विपमेंट बिल्डिंग का निर्माण। (इलेक्ट्रिकल कार्य के साथ)। सी) इटारसी - सीनीयर सेकन्डरी स्कूल न्यू यार्ड इटारसी में इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा अन्य आवश्यकताओं का विकास कार्य. **Published cost of tender:** ₹ 5,31,09,003/-. **Earnest Money:** ₹ 4,15,600/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2025. **NIT No.:** 24-25-HQ-32-147, Date 27.03.2025. **Name of work including Location:** रानी कमलापति डिपो में आइओएच शेड हेतू सरक्युलेटिंग एरिया उपलब्ध करवाना। **Published cost of tender:** ₹ 29,92,379/-. **Earnest Money:** ₹ 59,900/-. **Completion Period:** 6 माह। **Last date for submitting tender:** 17.04.2025. **NIT No.:** 24-25-W-20-148, Date 27.03.2025. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/शाजापुर के अधीन ब्यावरा राजगड स्थित गुडस शेड के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 6,25,79,977/-. **Earnest Money:** ₹ 4,62,900/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 21.04.2025. **NIT No.:** 24-25-W-21-149, Date 27.03.2025. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/शिवपुरी में उपमंडल के अधीन शिवपुरी, कोलारस तथा मोहाना स्टेशन पर ग्रिष्म काल में 2 वर्ष के लिये पीने के पानी की आपुर्ति करना। **Published cost of tender:** ₹ 14,52,384/-. **Earnest Money:** ₹ 29,100/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 21.04.2025.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


# द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बैंक ऑडिट पर दो दिवसीय सम्मेलन आज से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया आईसीएआई की भोपाल शाखा, प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी के सहयोग से 29 और 30 मार्च को क्वालिटीज मोटेल शिराज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बैंक ऑडिट' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रही है।

यह सम्मेलन उभरती तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ऑडिटिंग प्रक्रियाओं में शामिल करने पर केंद्रित रहेगा, विशेष रूप से बैंकिंग क्षेत्र में। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को 12 घंटे सीपीई प्रदान किए जाएंगे और इसका उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं पेशेवरों को आधुनिक ज्ञान और उपकरणों से लैस करना है।

**उद्देश्य पेशेवरों को आधुनिक ज्ञान और उपकरणों से लैस करना**



सीए अर्पित राय, सीए राजेश जैन व सीए प्रदीप मुत्रेजा जानकारी देते हुए

## सम्मेलन में छह तकनीकी सत्र

*शाखा अध्यक्ष सीए अर्पित राय ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में छह तकनीकी सत्र, एक समापन समारोह और वरिष्ठ आईसीएआई सदस्यों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया जाएगा। सीए राजेश जैन व सीए प्रदीप मुत्रेजा ने बताया कि सम्मेंलन के पहले दिन तकनीकी सत्र 1 में सीए दिपेन उपेंद्र भाई शाह सिस्टम-आधारित बैंक शाखा ऑडिट के बारे में जानकारी देंगे। तकनीकी सत्र 2 में सीए शुभम पटेल दैनिक कार्यों में उपयोगी एआई उपकरण के बारे में बताएंगे। इस सत्र के मुख्य अतिथि राजीव मल्होत्रा होंगे। इसके अलावा तकनीकी सत्र 3 में सीए शतनाम अग्रवाल मुकदमेबाजी व ऑडिट दस्तावेजीकरण में एआई के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।*

## देशभर से करीब 300 से अधिक पेशेवर सम्मेलन में आएंगे

*अर्पित राय ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन तकनीकी सत्र 4 में सीए हितेश मनु भाई आईआरएसी प्रुडेंशियल नॉर्म्सल, तकनीकी सत्र 5 में सीए राघवेंद्र गोयल एलएफएआर एवं ऑडिट दस्तावेजीकरण के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। इसके बाद संवादात्मक समापन सत्र, पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रगान होगा। कार्यक्रम के मुख्यन आयोजक सदस्यर सीए मंगेश पी. किनारे, अध्यक्ष, पीडीसी, सीए पुरुषोत्तमलाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष, पीडीसी, सीए अभय छाजेड़, सीसीएम एवं कार्यक्रम निदेशक, सीए अर्पित राय, अध्यक्ष, भोपाल शाखा, सीए प्रदीप मुत्रेजा, सिकासा अध्यक्ष, सीए अभिषेक जैन, सचिव, सीए आदित्य श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष तथा भोपाल शाखा की संपूर्ण प्रबंध समिति शामिल रहेगी। सम्मेलन में देशभर से लगभग 300 से अधिक पेशेवरों की उपस्थिति की उम्मीद है।*

### नवाचार और उद्यमिता को मजबूत करने

# आईसीएफएआई इनक्यूबेटर एवं टी-हब ने की साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

आईसीएफएआई इनक्यूबेटर एवं टी-हब फाउंडेशन ने आईसीएफएआई हैदराबाद परिसर में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य एक मजबूत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो पूरे भारत में प्रौद्योगिकी-संचालित छात्र स्टार्टअप और उद्यमियों का समर्थन करता है। टी-हब के सीआईओ सुजीत जागीरदार एवं आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के कुलपति प्रो. एलएस गणेश ने गणमान्य व्यक्तियों, संकाय और छात्र उद्यमियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। इस मौके पर डॉ.एलएस गणेश ने युवा उद्यमियों को सशक्त बनाने में उद्योग-अकादमिक साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहाकि आईसीएफएआई में, हम एक ऐसा माहौल बनाने में विश्वास करते हैं, जहाँ छात्र और शोधकर्ता अपने विचारों को वृहद व्यवसायों में बदल सकें। टी-हब के सीआईओ सुजीत जागीरदार ने कहाकि टी-हब स्टार्टअप को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है और आईसीएफएआई के साथ यह समझौता ज्ञापन उच्च शिक्षा के संस्थानों में नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।




**स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नॉलोजी, भोपाल**

ए.आई.सी.टी.ई. तथा एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली द्वारा अनुमोदन प्राप्त

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त, बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी तथा आर.जी.पी.वी. से संबद्धता प्राप्त

बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु संस्था में विश्वविद्यालय परिनियम (कॉलेज कोड) 28 के अंतर्गत निम्न पदों पर एन.सी.टी.ई./ राज्य शासन / विश्वविद्यालय के नियम एवं मापदंड अनुसार भर्ती/नियुक्तियां की जानी है:–

- प्राचार्य – 01
- सहायक प्राध्यापक / संकाय सदस्य (शिक्षा के परिवेक्ष) – 04
- सहायक प्राध्यापक / संकाय सदस्य (शिक्षण विषय) – 08
- सहायक प्राध्यापक / संकाय सदस्य (स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा) – 01
- सहायक प्राध्यापक/संकाय सदस्य (ललित कलाएं) – 01
- सहायक प्राध्यापक / संकाय सदस्य (निष्पादन कलाएं–संगीत/नृत्य/रंगमंच) – 01

आवेदन पत्र के साथ नवीनतम बायोडाटा, फोटो एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों सहित 15 दिनों में स्वयं, डाक से अथवा ई–मेल के माध्यम से महाविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नॉलोजी, भोपाल**
बरखेड़ी कलां, नीलबड़ रोड, पी.ओ. सूरज नगर, भोपाल-462044
फोन : 0755-2696771, । मो. : 9630451109, 9425010861
ई-मेल : svcstcollege@gmail.com
डायरेक्टर


## खबर संक्षेप

### टेक महिंद्रा ने की डिजिटल परिवर्तन परियोजना पूरी

**नई दिल्ली।** कंपनी टेक महिंद्रा ने सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कोयल खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के लिए एंटरप्राइस रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सिस्टम को सफलतापूर्वक लागू करने की घोषणा की है। इसके लागू होने से कोल इंडिया को एक मौलिक डेटा लेयर स्थापित करने में मदद मिली है जिससे वह रिपोर्ट और डैशबोड्र्स के जरिए समग्र विश्लेषण और अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकेगी। टेक महिन्द्रा ने कोल इंडिया के सभी कॉरपोरेट कार्यालय, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और नॉर्थ-ईस्टर्न कोलफील्ड्स में एसएपी ईआरपी लागू किया है।

### हेयर ट्रांसप्लांट उद्योग में तेजी से वृद्धि : यूजेनिक्स

**नई दिल्ली।** वैश्विक हेयर ट्रांसप्लांट उद्योग तेजी से वृद्धि कर रहा है, जहां यह बाजार 2032 तक यूएसडी 141.88 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 2018 से 2032 तक 25.2फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की जाएगी। इस बढ़ोतरी का प्रमुख कारण बढ़ती जागरूकता, तकनीकी प्रगति और सेलिब्रिटीज व एथलीट्स सहित हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों के बीच कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं की बढ़ती मांग है। डॉ. प्रदीप सेठी और डॉ. अरिका बंसल द्वारा स्थापित इस प्रतिष्ठित संस्थान ने अब तक 16,000 से अधिक हेयर ट्रांसप्लांट प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं, जिसमें 1,800 से अधिक ग्रेड 6/7 गंजेपन के मामले शामिल हैं।

### यूनीहेल्थ का आईवीएफ सेंटर अब युगांडा में

**नई दिल्ली।** यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स लिमिटेड ने यूएमसी हॉस्पिटल्स ग्रुप के तहत युगांडा के यूएमसी विक्टोरिया हॉस्पिटल में अपने अत्याधुनिक आईवीएफ लैब और फर्टिलिटी क्लिनिक का भव्य शुभारंभ किया है। यह पहल उन हजारों दंपतियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है जो माता-पिता बनने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं। युगांडा में हर पांच में से एक दंपति को गर्भधारण में कठिनाई होती है, और इस समस्या के समाधान के लिए यह क्लिनिक अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञों की देखरेख में श्रेष्ठतम उपचार प्रदान करेगा।

## बिजनेस न्यूज

### एलएन मेडिकल कॉलेज में हुआ विश्व टीबी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम




भोपाल। एलएन मेडिकल कॉलेज, भोपाल में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर क्षय रोग (टीबी) जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी की रोकथाम, पहचान और उपचार के प्रति छात्रों, स्वास्थ्यकर्मियों और आमजन को जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मेघा दुबे (सहायक प्राध्यापक, पल्मोनरी मेडिसिन) और डॉ.श्रीकांत सोनराया (कम्युनिटी मेडिसिन) ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. ए.के. चौधरी, डॉ. सरला मेनन और डॉ.शहजाद हुसैन के मार्गदर्शन में किया गया।

### टाटा न्यू एचडीएफसी ने 2 मिलियन से अधिक कार्ड जारी किए

**मुंबई।** टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने 2 मिलियन से ज्यादा कार्ड जारी किए हैं, जिससे भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। यह उपलब्धि देशभर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने अगस्त 2022 में लांच होने के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### अच्छे साबूदाने की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी की संभावना



**सेलम।** पिछले त्योहारों में थोक बाजार में अच्छे साबूदाने की मांग सामान्य से अधिक रही। पर्याप्त स्टॉक और टेपीयोका कंद की नई फसल की वजह से सेलम (तमिलनाडु) में कीमतें पिछले पांच साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। इसलिए व्यापारी अतिरिक्त स्टॉक से बच रहे हैं और सिर्फ मांग के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम के चेयरमेन गोपाल साबु ने कहाकि इस साल हमने पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा साबूदाना उत्पादन और बिक्री की। यह हमारे ग्राहकों और वितरकों का भरोसा है, जिन्होंने मंदी में भी साबु ट्रेड, सेलम के उत्पादों की क्वालिटी पर यकीन रखा। शोध के मुताबिक, 2009 से 2019 के बीच भारत में टेपीयोका की खेती का क्षेत्र 280,000 हेक्टेयर से घटकर 174,000 हेक्टेयर हो गया। यह भविष्य में सप्लाई कम होने और कीमतें बढ़ने का संकेत है।

### ब्रिक्स सीसीआई और निप्पॉन पेंट इंडिया ने की विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई ने निप्पॉन पेंट इंडिया के साथ मिलकर अपने दूसरे दीक्षांत समारोह में ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूईग्लोबल महिला नेतृत्व कार्यक्रम 2024-25 की विजेताओं को सम्मानित किया। इस दीक्षांत समारोह में सभी उद्योगों में परिवर्तन को गति दे रहीं असाधारण महिला नेताओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया। ब्रिक्स सीसीआई , डब्ल्यूई और निप्पॉन पेंट इंजिया के सहयोग से वह वैश्विक मंच पर अपना कार्य प्रदर्शित करने में समर्थ रहीं।

### ओप्पो एफ29 सीरीज, ड्यूरेबल चैंपियन हुआ भोपाल में लांच



**भोपाल।** ओप्पो इंडिया ने ट्रू ड्यूरेबल चैंपियन ओप्पो एफ29 सीरीज पेश की है। यह ड्यूरेबल स्मार्टफोन और विश्वसनीय नेटवर्क प्रदान करती है। भारत में टेस्टेड और भारत के लिए निर्मित एफ29 सीरीज में विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती, बेहतर कनेक्टिविटी और शक्तिशाली बैटरी परफॉरमेंस का बेहतरीन मिश्रण है। ओप्पो इंडिया के हेड, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, सैवियो डिसूजा ने कहा कि भोपाल में लांचिंग अवसर पर बताया किया ओप्पो एफ29 सीरीज भारत के लिए निर्मित है। इसमें ड्यूरेबिलिटी के साथ मजबूती, कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ आईपी रेटिंग और मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती के साथ शक्तिशाली बैटरी, ये सभी विशेषताएं भारत में सड़क पर चलने वालों के लिए विकसित की गई हैं। ओप्पो एफ29 रॉयल आत्मविश्वास के साथ प्रीमियम सॉलिड पर्पल में और भारत के शांत पहाड़ों का चित्रण करने वाले क्रिस्प आइसी ब्लू से प्रेरित ग्लेशियर ब्लू रंग में उपलब्ध होगा। एफ29 5जी दो वैरिएंट - 8जीबी+128जीबी और 8जीबी+256जीबी में क्रमशः 23,999 रुपए और 25,999 रुपए में ओप्पो ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट, अमेजन और मेनलाइन रिटेल आउटलेट पर 27 मार्च से उपलब्ध होगा। ओप्पो एफ29 प्रो दो रंग मार्बल व्हाइट और बोल्ड, टेक्सचर्ड ब्लैक फिनिश के साथ ग्रेनाइट ब्लैक में उपलब्ध होगा। एफ29 प्रो 5जी के 8जीबी+ 128जीबी, 8जीब+ 256जी, 12जीबी+ 256जीबी वैरिएंट की कीमत क्रमशः 27999 रुपए, 29999 रुपए और 31999 रुपए होगी।


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
// आम सूचना //

क्रमांक 9952/राजस्व/भोविप्रा/25
भोपाल दिनांक 28/03/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की रणथम्भोर कॉम्पलेक्स एम.पी. नगर जोन-2, योजना में स्थित एम.आई.जी. प्रकोष्ठ क्र.-5/3, वर्तमान में श्री अरूण कुमार काले आ. स्व. आर.एम. काले के नाम पर अंकित है। जिनका श्री अरूण कुमार काले स्वर्गवास दिनांक 15/02/2024 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि/पुत्री क्रमशः श्रीमती भारती काले पत्नि स्व. श्री अरूण कुमार काले एवं श्रीमती अनुभा नागदुलियर पत्नि श्री अमित नागदुलियर पुत्री स्व. श्री अरूण काले के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं अन्य अभिलेख संलग्न कर उक्त प्रकोष्ठ का नामांतरण संयुक्त नाम पर चाहा है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, हरदा**

Office Email id : eeresharda@mp.gov.in, Office Phone No. 07577-222519

क्र. 539 / व.ले. लि/ग्रा.यां.से. /2024-25 — हरदा दिनांक 25/03/2025

// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 13/2024-25 //

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

:: ऑनलाईन दो कवर पद्धति ::

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य का विवरण | निविदा की अनुमानित लागत (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 2025_RES _411975 | महाविद्यालयीन आदिवासी बालक छात्रावास हरदा में मरम्मत कार्य । | मरम्मत कार्य | 716587/- |
| 2. | 2025_RES _411976 | सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास हरदा में मरम्मत कार्य । | मरम्मत कार्य | 663871/- |
| | | योग | | 1380458/- |

उक्त निविदाओं को वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक 02.04.2025 को समय 14.00 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 15.04.2025 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है। निविदा में होने वाले विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संसोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
हरदा

G-24885/24 — " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 07/सेतु/2024-25/का.यं. — // निविदा सूचना // — भोपाल, दिनांक 24/03/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_ PWDRB_ 411716_1 | भोपाल | पुल कार्य | भोपाल शहर में मानसरोवर काम्पलेक्स जंक्शन से 7 नं. बस स्टाप तक न्यू डायर्वसन प्लान तथा सर्विस रोड का निर्माण कार्य । | द्वितीय | 84.28 | मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| | | | | योग | | 84.28 | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/04/2025, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले सगस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेगें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
भोपाल (म.प्र.)

G-24897/24 — " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "


# विभाग को कर जमा करने की समय सीमा 31 मार्च से दो माह आगे बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीबीआईसी द्वारा पुराने विवादों में फंसी कर की राशि की भुगतान के लिए करदाताओं को छूट देते हुए धारा 128 ए के अंतर्गत योजना लाई गई थी, जिसमें करदाताओं एवं कर सलाहकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए विभाग द्वारा कुछ स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं ताकि अधिक से अधिक करदाता इस योजना का लाभ ले सकें। किसी व्यापारी की अगर एक से अधिक वर्षों की कोई मांग बकाया है जिसके लिए एक ही आदेश पारित किया गया हो एवं उसकी अपील प्रस्तुत की गई है तो अब अगर वह चाहे कि किसी एक वर्ष में इस योजना का लाभ ले सकता है एवं बाकी वर्षों के लिए उसको अपील वापस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही अगर किसी व्यापारी द्वारा 1 नवंबर 2024 के पहले जीएसटीआर 3बी में कोई कर की राशि जमा कर दी गई है एवं वह विवादित मांग के विरुद्ध जमा की गई है उसे भी इस योजना में जमा की गई राशि मान लिया जाएगा।

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहा कि हमारे द्वारा विभाग को हमारे सदस्यों को आ रही समस्याओं के विषय में जानकारी दी गई थी एवं विभाग ने इस पर काफी देर से स्पष्टीकरण दिया है, लेकिन यह अच्छा कदम है परंतु विभाग को कर जमा करने की समय सीमा 31 मार्च से कम से कम दो माह आगे बढ़ाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक व्यापारी इस योजना का लाभ ले सकें।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी**

क्रमांक/लोक कर्म शाखा /नपाई/2363 — इटारसी, दिनांक 27/03/2025

// ई-निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर पोर्टल क्रं | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 412758_1 | पंप ऑपरेटर / इलेक्ट्रिशियन / मजदूर श्रेणी के कारीगर संलग्न शर्तो के अधीन आवश्यकता है। | 3700000/- | 5000/- 27750/- | 28.04.2025 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, इटारसी

आमचो बस्तर

# ऐसा जादू है मेरे बस्तर में...

चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से 37 किमी और रायपुर से 290 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। भारत का नियाग्रा के नाम से ख्यात यह भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात है। बरसात के मौसम में यह 300 मीटर तक फैल जाता है और यहाँ से बहुत सारे झरने बहते हैं।


SCAN QR

चित्रकोट वॉटरफॉल की ख़ूबसूरती और भव्यता का अनुभव करने के लिए स्कैन करें



### धुड़मारास

धुड़मारास गांव बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा इसका चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। यहाँ की विशेषता अदभुत आदिवासी जीवनशैली और पारंपरिक व्यंजन है। यह गांव प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध है।



### बस्तर दशहरा

रावण वध की प्राचीन परंपरा से अलग हटकर बस्तर का दशहरा राजवंशीय संस्कृति एवं लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। बस्तर दशहरा 75 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी ख्याति देश-विदेश में है। बस्तर दशहरे का इतिहास 500 वर्षों का है।




### कुटुमसर गुफा

यह भारत की सबसे लंबी भूमिगत और दुनिया की दूसरी सबसे लंबी प्राकृतिक गुफा है। यह ज़मीन से 35 मीटर नीचे है और इसकी लंबाई लगभग 1370 मीटर है। स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट की संरचनाएँ इस गुफा को आकर्षक बनाती हैं। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गुफा के अंदर अंधी मछलियाँ पाई जाती हैं।



### इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान

लगभग 2,799.08 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान राज्य के चार टाइगर रिज़र्व में से एक है। साथ ही यह लुप्तप्राय जंगली भैंसों का एक महत्वपूर्ण पर्यावास है। इस क्षेत्र को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया और 1983 में इसे टाइगर रिज़र्व का दर्जा मिला।



### रॉक क्लाइम्बिंग

छत्तीसगढ़ पर्वतारोहण पहल राज्य की साहसिक खेलों की संभावनाओं को उजागर करती है, तथा झरनों, गुफाओं और हरियाली के अद्भुत प्राकृतिक परिदृश्य के बीच एक जीवंत पर्वतारोहण समुदाय को बढ़ावा देती है।



### रामाराम

छत्तीसगढ़ का पहला रॉकगार्डन सुकमा जिले के रामाराम में स्थित है। भगवान राम ने वनवास के दौरान यहाँ माता चिटमिट्टिन की पूजा की थी। यहाँ प्राचीन चिटमिट्टिन माता मंदिर के पास ही रॉक गार्डन स्थित है। इस रॉक गार्डन में स्थित गुफा में भगवान राम के जीवन का सचित्र चित्रण किया गया है।



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## चिंतन

# चालू खाता घाटा बढ़ने का पड़ेगा नकारात्मक असर

बेशक भारत तेज जीडीपी दर वाला देश हो, लेकिन आर्थिक संकेतक चेतावनी दे रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश का चालू खाता घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हो गया। चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि का मुख्य कारण व्यापार घाटे का अधिक होना है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10.4 अरब डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। राजस्व घाटे में भी लगातार वृद्धि हुई है। उद्योग जगत से भी चिंताजनक आंकड़े आए हैं। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई। आठ प्रमुख क्षेत्र (क्रूड ऑयल, प्राकृतिक गैस, कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात व बिजली) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये कमजोर होते जा रहे हैं, शेयर बाजार में उठापटक जारी है। सोने पर भारी दबाव है, पिछले दो तिमाही से जीडीपी दर सिकुड़ रही है, ऐसे में सरकार के लिए आर्थिक मोर्चे पर स्थिति जल्द संभालने की आवश्यकता है। चालू खाता घाटा (करेंट अकाउंट डेफिसिट-कैड) बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं, जैसे कि मुद्रा की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी, और ऋण स्तर में वृद्धि आदि। चालू खाता घाटा लगातार बना रहने पर सरकार को इसका वित्तपोषण करना पड़ता है और ऋण लेना पड़ता है। साथ ही कैड बढ़ने देश में आर्थिक संकट का संकेत मिलता है, जिसका अर्थ है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां देश की रेटिंग घटा सकती हैं। कैड में व्यापार खाता (वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात और निर्यात), सेवा खाता (सेवाओं का आयात और निर्यात) और विदेश से शुद्ध आय (जैसे कि प्रेषण) शामिल हैं। चालू खाता घाटा की स्थिति तब होती है जब किसी देश के वस्तु और सेवाओं के आयात का मूल्य उसके निर्यात से अधिक होता है। कैड बढ़ने का असर विकास पर पड़ता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय निवेश और बचत से निकटता से जुड़ा हुआ है। यह विनिमय दरों को प्रभावित करता है और इस प्रकार किसी अर्थव्यवस्था की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को भी प्रभावित करता है। विदेशी मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। रुपये में गिरावट जारी है। कैड और राजकोषीय घाटा संयुक्त रूप से दोहरा घाटा है जो शेयर बाज़ार और निवेशकों को प्रभावित कर सकते हैं। कैड का बढ़ना देश में निवेश सेंटिमेंट को बढ़ाता है। हाल के महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसे निकाले हैं। पिछले कुछ महीनों से भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ा है, जिसका मतलब है हम निर्यात से अधिक आयात कर रहे हैं, यह स्थिति तब है जब सरकार मेक इन इंडिया व वोकल फोर लोकल अभियान चला रही है। व्यापार घाटा बढ़ने का ही नतीजा है कि केड बढ़ रहा है। आयात पर अंकुश लगाकर व निर्यात को बढ़ावा देकर सरकार चालू खाता घाटा को कम कर सकती है। भारत को ग्लोबल मार्केट में अपने लिए नए अवसर बनाने चाहिए।

# देश में सहकारिता से आएगा बदलाव



विश्लेषण
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है। भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है।

भारत में सहकारिता का यह स्वर्णिम काल है। इस समय देश के गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं सहकारिता आन्दोलन की बयार को तेज कर दिया है। देश में आज़ादी के बाद सहकारिता को लेकर किया जा रहा कार्य स्वर्णाक्षरों में अंकित हो रहा है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भी पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है।

इस मंत्रालय की बागडोर सहकारिता में अभिरुचि रखने वाले नेता अमित शाह ने जब सम्हाली तो उन्होंने कम समय में बहुत कुछ कर दिखाया जिससे आज भारत का आम आदमी लाभान्वित हो रहा है। वस्तुतः भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है। सहकारिता मंत्रालय बन जाने से इस क्षेत्र में फोकस होकर कार्य करने और उपलब्धियों को हासिल करने में बल मिला है। इससे जन सरोकार को बल मिला है और अच्छी बात यह है कि भारत के लोग अपने उद्यम, अपने श्रम और अपनी गरिमा को संयोजित व सुरक्षित करने लगे हैं। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा भी कि सहकारिता एक ऐसा विषय है जो देश में हर परिवार को छूता है। हर गाँव में कोई न कोई ऐसी इकाई है जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के काम में जुटी हुई है और देश के विकास में योगदान करती है। आजादी के 75 वर्षों बाद आज देश को पहला सहकारिता विश्वविद्यालय मिल रहा है। इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा, सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी और नवाचार तथा अनुसंधान में कई नए मानांक स्थापित करने के अवसर भी मिलेंगे। सबसे अहम् बात जो अमित शाह ने कही, वह यह कि इस प्रकार पूरे देश को सहकारिता की भावना से युक्त और आधुनिक शिक्षा से लैस एक नया सहकारिता नेतृत्व मिलेगा।

भारतीय समाज में सहकारिता की यह अलख जगाने की इच्छाशक्ति निःसंदेह प्रशंसनीय है और अनुकरणीय भी है। भारतीय जनमानस को स्वावलंबन देने व अपने संकल्प से देश को विकास पथ पर आगे ले जाने की दिशा में यह अमित शाह का कार्य है। उनकी इस विश्वविद्यालय को स्थापित करने के पीछे मंशा बहुत पवित्र है, सबसे महत्वपूर्ण यह है। वह इस कोऑपरेटिव क्षेत्र के विकास और विस्तारित करने की कोशिश में हैं। वह चाहते हैं कि प्रशिक्षित मानव संसाधन की जरूरत हमें पड़ेगी, उसकी भरपाई त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी से वह पूरा कर सकें। अमित शाह ने उम्मीद ही नहीं विश्वास व्यक्त किया है कि सहकारी यूनिवर्सिटी बनने के बाद इसके डिप्लोमा और डिग्री धारकों को नौकरी



मिलेगी। इस यूनिवर्सिटी से हम डोमेस्टिक के साथ ग्लोबल वैल्यू चैन में भी बड़ा योगदान करेंगे। न्यू एज कोऑपरेटिव कल्चर भी इस यूनिवर्सिटी से शुरू होगा। उनकी चिंता है कि देशभर में हजारों की संख्या में सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान फैले हुए हैं, मगर इनके कोर्स में कोई मानकीकरण नहीं है। वह चाहते हैं कि इसे हम व्यवस्थित कर सकें। उन्होंने इसीलिए लोक सभा में विधेयक पेश करते हुए अपने ज़वाब में कहा कि हमने यूनिवर्सिटी बनने से पहले ही कोऑपरेटिव क्षेत्र की जरूरत को ध्यान में रखकर कोर्स डिजाइन का काम शुरू कर दिया है। यूनिवर्सिटी में डिग्री, डिप्लोमा कोर्स भी होंगे और पीएचडी की डिग्री भी दी जाएगी। साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में काम कर सभी मौजूदा कर्मचारियों के लिए अल्पावधि का सर्टिफिकेट कोर्स भी होगा।

सहकारिता क्षेत्र को समर्पित देश का पहला विश्वविद्यालय आजादी के 75 साल बाद बनेगा और सोचिए कि जब उससे हमारे देश की युवा आबादी प्रशिक्षित होगी तो सहकारिता को बढ़ावा देने वाले लोग, सहकारिता की सोच को आगे बढ़ाने वाले बौद्धिक वर्ग को हम तैयार करेंगे। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि प्रतिवर्ष लाखों युवा लोग डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट लेकर सहकारी आंदोलन में सम्मिलित हों। शाह ने कहा भी कि वे 18 वर्ष की आयु से कोऑपरेटिव से जुड़े रहे हैं और इसकी खूबियों और कमियों का अनुभव किया है। मोदी जी एक समृद्ध भारत की नींव डाल रहे हैं और यह विधेयक इसमें मजबूत स्ट्रक्चर प्रदान करेगा। त्रिभुवन दास पटेल की सोच थी कि सहकारी क्षेत्र में मुनाफा हर गरीब महिला तक पहुंचे, इसलिए यह यूनिवर्सिटी उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव किया गया है। इस विश्वविद्यालय के बनने से निश्चय ही अमित शाह के अपने सहकारिता सोच व स्वप्न को साकार होते हुए भारत के लोग देखेंगे और उससे लाभान्वित होंगे। दुनिया में बहु-क्षेत्रीय स्वनिर्भर सहकारिता संगठन आगे आकर कार्य कर रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली शिक्षण व कौशल निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन विश्व भर में किया जा रहा है। जैसा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस विधेयक के माध्यम से सहकारी सिद्धांतों और सहकारी गतिविधियों का विस्तार होगा, कोऑपरेटिव क्षेत्र को नई प्रोद्योगिकी का फायदा होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। साथ ही अनुसंधान और नवाचार भी बढ़ेंगे और जमीनी स्तर पर कोऑपरेटिव क्षेत्र मजबूत भी होगा। त्रिभुवन दास जैसे महान व्यक्ति के नाम से जुड़े होने के कारण यह सहकारी यूनिवर्सिटी उच्च कोटि की यूनिवर्सिटी सिद्ध होगी। यह देश में बहुत अच्छे सहकारिता कर्मी देने का काम करेगी। यह उनका स्वाभाविक इच्छाशक्ति और अपनी आत्मशक्ति का प्रतिफल है। निःसंदेह अब त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से सहकारी क्षेत्र को संगठनों की कार्यक्षमता में सुधार, प्रशिक्षित मानव संसाधनों से पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल नवाचार के तहत सहकारी प्लेटफार्मों पर अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सहकारी संस्थानों का निर्माण और नई फंडिंग योजनाओं के विकास के लिए वित्तीय रणनीतियों का सृजन होगा तो इससे देश ही विकास करेगा। अमित शाह ने अपने कम समय में जो प्रतिष्ठित अवदान विश्वविद्यालय के रूप में दिया है, उसका अभिनन्दन किया जाना चाहिए। यह सहकारिता के लिए नए नैरेटिव की स्थापना है। यह उनका भारत निर्माण की दिशा में किया जा रहा सद्प्रयास है। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भले ही अभी शुरू हो रहा हो, लेकिन आने वाले 2047 तक यह विश्वविद्यालय लाखों युवा सहकारी पैरोकारों को तैयार कर चुका होगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## वर्ल्ड बाइपोलर डे


खुशी जिंदल



# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना जरूरी

हम अक्सर शारीरिक बीमारियों के बारे में खुलकर बात करते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करने से कतराते हैं। अगर कोई व्यक्ति डिप्रेशन या किसी अन्य मानसिक बीमारी से जूझ रहा हो, तो समाज उसे समझने की बजाय 'पागल' या 'अजीब' कहकर उसका आत्मविश्वास और भी गिरा देता है। यही कारण है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, जबकि ये उतनी ही वास्तविक और गंभीर होती हैं जितनी कोई शारीरिक बीमारी। आज के समय में, जहां तनाव और चिंता हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, मानसिक बीमारियों का बढ़ना स्वाभाविक है।

आज के दिन यानि 30 मार्च को "वर्ल्ड बाइपोलर डे" मनाया जाता है ताकि बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और इस विषय पर खुलकर बात की जा सके। बाइपोलर डिसऑर्डर एक गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति के मूड में तीव्र और अनियमित बदलाव होते हैं। यह बदलाव हफ्तों या महीनों तक रह सकते हैं और व्यक्ति की रोज़मर्रा की ज़िंदगी, रिश्तों और कामकाज पर गहरा असर डाल सकते हैं। इस बीमारी में व्यक्ति के भावनात्मक अनुभव दो विपरीत दिशाओं में जा सकते हैं। एक समय पर वह अत्यधिक उत्साहित, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी महसूस कर सकता है। इस दौरान व्यक्ति को कम सोने पर भी थकान महसूस नहीं होती और उसका दिमाग तेज़ी से विचारों से भरा रहता है। वह एक बात पूरी किए बिना दूसरी पर चला जाता है और अत्यधिक बातें करने लगता है। इस अवस्था में कई बार व्यक्ति बिना सोचे-समझे बड़े फैसले ले लेता है, जैसे बेवजह पैसे खर्च करना, तेज़ गाड़ी चलाना या जोखिम भरे काम करना। दूसरी अवस्था में व्यक्ति अत्यधिक उदास, अकेला और निराश महसूस करता है। उसे ऐसा लग सकता है कि उसकी ज़िंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं है। पहले जिन चीज़ों में रुचि थी, उनमें अब कोई आनंद महसूस नहीं होता। व्यक्ति या तो बहुत ज़्यादा सोता है या बिल्कुल नहीं सो पाता। हर समय थकान और ऊर्जा की कमी बनी रहती है। नकारात्मक विचार हावी हो जाते हैं, यहां तक कि व्यक्ति आत्महत्या के बारे में भी सोच सकता है। अगर कोई व्यक्ति इनमें से कुछ लक्षण महसूस करता है या उसके आसपास कोई इनका अनुभव कर रहा है, तो उसे नजरअंदाज या तिरस्कार करने के बजाय एक अच्छे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, जैसे कि साइकोलॉजिस्ट या साइकियाट्रिस्ट से संपर्क करना चाहिए। बाइपोलर डिसऑर्डर का सही इलाज संभव है और समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।



सबसे ज़रूरी यह है कि इस बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को समाज से समर्थन और समझ मिले, न कि तिरस्कार। इसे नियंत्रित रखने के लिए कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए, नशे और शराब से बचें, क्योंकि ये लक्षणों को और बिगाड़ सकते हैं। समय पर डॉक्टर से सलाह लें। अपने परिवार और दोस्तों को अपनी स्थिति के बारे में बताएं ताकि वे सही समय पर सहायता कर सकें। नियमित दिनचर्या बनाए रखें, तनाव कम करें और पर्याप्त नींद लें। सबसे जरूरी बात, डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं को नियमित रूप से लें और बिना सलाह के बंद न करें। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद, संतुलित आहार और अपनों से बातचीत करना जरूरी है। ये आदतें न केवल तनाव को कम करती हैं, बल्कि गंभीर मानसिक बीमारियों, जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, से भी बचाने में मदद करती हैं। जब हम अपनी भावनाओं को समझते और नियंत्रित करते हैं, तो अचानक आने वाले मूड स्विंग्स, अत्यधिक उदासी या अतिउत्साह जैसी स्थितियों से बच सकते हैं। मानसिक बीमारियों को जितना जल्दी पहचाना जाए, उतना ही जल्दी सही इलाज संभव होता है। इस वर्ल्ड बाइपोलर डे पर हमें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ानी चाहिए, क्योंकि यह भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

(लेखिका क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग




संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो- अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए।

वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं।

## मूर्ख साधू और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती


### न्यायपालिका में सुधार की आवश्यकता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले पर रोक लगा दी है। इससे रेप के मामले चर्चा में आ गए हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब न्यायपालिका के किसी फैसले ने विवाद खड़ा किया हो। इससे पहले भी कई ऐसे निर्णय सामने आए हैं, जिन्होंने यौन हिंसा से जुड़े मामलों में न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए हैं। कई बार पीड़ितों को न्याय मिलने में सालों लग जाते हैं और कई मामलों में फैसले इतने कमजोर होते हैं कि अपराधियों को इसका लाभ मिल जाता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायपालिका को यौन अपराधों के मामलों में अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत है। सिर्फ कानून की किताबों में लिखी धाराओं का पालन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि इनका समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

- प्रभात साहू, धमतरी

## ट्रेंड

### एकजुट होकर काम करेंगे



कर्नाटक के जिला कांग्रेस अध्यक्षों से मुलाकात की। वे पार्टी की विचारधारा की रक्षा और प्रचार में सबसे आगे हैं। हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और लोगों के कल्याण और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### शासन-प्रशासन निष्क्रिय



प्रतापगढ़ में दलित समाज की युवती की मौत पर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता और उदासीनता से भीड़ के आक्रोशित होने के लिए भाजपा सरकार स्वयं ज़िम्मेदार है। शासन-प्रशासन 'पीडीए समाज' में किसी की मौत होने पर भी चुप्पी साधकर बैठ जाता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### सीमाओं को आगे बढ़ाएं



सफलता का मतलब नियमों का पालन करना नहीं है। इसका मतलब है उन्हें फिर से लिखना। अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाएँ, तेज़ी से आगे बढ़ें और हमेशा चादर से ज़्यादा पैर फैलाएं !

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### समय मन की रचना




जितना अधिक आप क्वांटम विज्ञान और रहस्यवाद का अध्ययन करते हैं, उतना ही आपको एहसास होता है कि कुछ भी शुरू नहीं हुआ और कुछ भी समाप्त नहीं हुआ। समय मानव मन की रचना है। इसलिए सबसे अच्छी कहानियाँ अंत का सुझाव देती हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को होगा चुनाव



ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को आम चुनाव के लिए मतदान होगा जिसमें बढ़ती महंगाई और आवास की कमी मुख्य चुनावी मुद्दे हो सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस की वामपंथी 'लेबर पार्टी' लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं। अल्बानीज चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शुक्रवार को गवर्नर जनरल सैम मोस्टिन के आधिकारिक आवास पर गए और उन्होंने बाद में संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव की तारीख की घोषणा की। अल्बानीज ने कहा, ''हमारी सरकार ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तरीका चुना है: भविष्य के लिए निर्माण करते हुए जीवनयापन की लागत के दबाव से जूझ रहे लोगों की मदद करने के तरीका।'' कई विश्लेषकों ने विपक्षी नेता पीटर डटन की 'लिबरल पार्टी' के नेतृत्व वाले रूढ़िवादी गठबंधन के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना जताई है। अल्बानीस के सत्ता में आने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में जीवनयापन की लागत में वृद्धि हुई है। पिछले चुनाव के बाद से ब्याज दरों में 12 बार बढ़ोतरी की गई है।

## ऑफ बीट

# स्टेम सेल से मानव भ्रूण बनाने पर शोध



कृत्रिम मानव भ्रूण – जिन्हें भ्रूण शरीर, भ्रूण जैसी संरचनाएं या भ्रूण मॉडल भी कहा जाता है – 'प्राकृतिक मानव भ्रूण' के विकास की नकल करते हैं, जो निषेचन द्वारा निर्मित होते हैं। सिंथेटिक मानव भ्रूण में 'कोशिकाएं शामिल होती हैं जो आम तौर पर भ्रूण, प्लेसेंटा और जर्दी थैली का निर्माण करती हैं, और रोगाणु कोशिकाओं के अग्रदूत बनने के लिए विकसित होती हैं (जो शुक्राणु और अंडे का निर्माण करेंगी)।' यद्यपि प्राकृतिक मानव भ्रूण से संबंधित अनुसंधान कई देशों में कानूनी है, फिर भी यह विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों के लिए, कृत्रिम मानव भ्रूण से जुड़ा शोध कम विवादास्पद है क्योंकि ये भ्रूण 'प्रसवोत्तर चरण के मनुष्यों के बराबर विकसित नहीं हो सकते हैं।' दूसरे शब्दों में, ये भ्रूण अव्यवहार्य हैं और इनसे आगे जाकर किसी का जन्म नहीं हो सकता। इसके अलावा, कुछ का मानना है कि सिंथेटिक मानव भ्रूण का निर्माण 14-दिन की सीमा से परे अनुसंधान की अनुमति देगा जो आमतौर पर प्राकृतिक मानव भ्रूण पर लागू होता है। लेकिन क्या ऐसा होगा? यू.के. कानून मानव भ्रूण के अनुसंधान उपयोग को विकास के 14 दिनों तक सीमित करता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

रीवा जिले में शराब ठेकों के आवंटन में हेराफेरी का खुलासा

# फर्जी बैंक गारंटी से शराब ठेकों के आवंटन मामले में ईओडब्ल्यू ने तत्कालीन आबकारी अफसर सहित आठ पर दर्ज की एफआईआर

## शराब ठेकेदारों, जिला आबकारी कार्यालय और जिला सहकारी बैंक शाखा मोरबा की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईओडब्ल्यू की जांच में रीवा जिले में फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर शराब ठेकों के आवंटन मामले में हेराफेरी का खुलासा हुआ है। साथ ही यह भी पता चला है कि शराब ठेकेदारों, जिला आबकारी कार्यालय और जिला सहकारी बैंक शाखा मोरबा की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की हेराफेरी हुई है। इस मामले में एक एडवोकेट द्वारा आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद जांच शुरू हुई।

जांच में पता चला कि नियमों का उल्लंघन करते हुए शराब ठेकेदारों को फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर लाइसेंस प्रदान किए गए। गुरुवार को




इस मामले में बैंक अधिकारी, ठेकेदार सहित 8 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। पूरा मामले को देखा जाए तो जिला सहकारी बैंक शाखा मोरबा (सिंगरौली) के तत्कालीन प्रभारी शाखा प्रबंधक नागेन्द्र सिंह ने 15 करोड़ 32 लाख 23 हजार 440 रुपए की 14 फर्जी बैंक गारंटी जारी की, इनमें से 9 गारंटी शराब ठेकेदारों को दी गईं, जिनका इस्तेमाल रीवा, सिंगरौली, उमरिया और सतना जिलों में शराब ठेकों के लाइसेंस प्राप्त करने के लिए किया गया। जिन अफसरों और ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें तत्कालीन आबकारी अधिकारी रीवा अनिल जैन, सहकारी बैंक प्रभारी शाखा प्रबंधक, शाखा मोरबा नागेन्द्र सिंह, प्रो. मेसर्स मां लक्ष्मी इंटरप्राइजेज, बैकुंठपुर नृपेंद्र सिंह, प्रो. मेसर्स आशा इंटरप्राइजेज, इटौरा अजीत सिंह, मऊगंज शराब दुकान समूह उपेन्द्र सिंह बघेल, आदित्य प्रताप सिंह रायपुर कर्चुलियान शराब दुकान समूह सहित अन्य शामिल है।

### ऑटो पाट्‌र्स की दुकान में बेचे जा रहे थे नकली पाट्‌र्स, मामला दर्ज

तलैया थाना पुलिस ने चौकी इमामवाड़ा के सामने ऑटो पाट्‌र्स की दुकान पर छापामार कार्रवाई करते हुए नकली ऑटो पाट्‌र्स जब्त किए हैं। जब्त ऑटो पाट्‌र्स टाटा, महिंद्रा एंड महिंद्रा के थे। दुकानदार से पाट्‌र्स के बारे में जानकारी जुटाई तो उसने पाट्‌र्स कॉपी होने की बात स्वीकार ली। पाट्‌र्स कंपनी के जानकार को दिखाए गए तो उन्होंने भी पुष्टि की है कि पाट्‌र्स नकली है। इसके बाद पुलिस ने ऑटो पाट्‌र्स संचालक पर कॉपी राइट एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारी के कार्यालय से शिकायत आई थी। शिकायत में चौकी इमामवाड़ा के सामने संचालित होने वाले अशोक ऑटो पाट्‌र्स में नकली सामान बेचे जाने की बात लिखी थी। पुलिस की टीम अशोक ऑटो पाट्‌र्स पहुंची और महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के पाट्‌र्स देखे। इस दौरान वहां से सात बॉक्स बरामद किए। बॉक्स में सामान के बारे में पूछताछ करने पर ऑटो पाट्‌र्स संचालक रमित थरैजा पिता अनिल थरैजा (37) राजदेव कॉलोनी सिंधी मार्केट हनुमानगंज ने स्वीकार किया कि उक्त पाट्‌र्स असली पाट्‌र्स की कॉपी हैं। पाट्‌र्स ईआईपीआर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मुंबई के विशेषज्ञ अजय कुमार को दिखाए गए तो उन्होंने भी पाट्‌र्स नकली होने की पुष्टि की है।

### फर्जी हस्ताक्षर कर साझेदारी फर्म में बदलाव कर धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी की जमानत खारिज

विधिक संवाददाता, भोपाल। फर्जी हस्ताक्षर कर साझेदारी फर्म में बदलाव कर धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी शुभम झंवर एवं अहान्वी झंवर के अग्रिम जमानत आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने सुनवाई के बाद अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया। फरियादी उमेश उप्पल ने एक लिखित शिकायती आवेदन पिपलानी पुलिस थाना में देते हुए बताया था कि उन्होंने 5 अप्रैल 2023 को आरोपी शुभम झंवर के साथ ओम साईं इंटरप्राइजेज के नाम से साझेदारी फर्म पचास प्रतिशत साझेदारी में व्यवसाय करने के लिए बनाई थी। 5 जून 2023 को फर्म के नाम से इंद्रपुरी पिपलानी में एक बहुमंजिला मकान 1 करोड़ 80 लाख रुपए में खरीदा गया था। आरोपी शुभम झंवर ने 4 सितंबर 2024 को उनके फर्जी और कूटरचित हस्ताक्षर बनाकर कर अपनी पत्नी अहान्वी झंवर को दस प्रतिशत का पार्टनर बताते हुए एचडीएफसी बैंक पिपलानी भोपाल में एक फर्जी ज्वाइंट खाता खोलकर धोखाधड़ी करते हुए करोड़ों रुपयों का लेने देन कर लिया, जिसकी फरियादी को भनक भी नहीं लगने दी। इसके बाद फरियादी ने पिपलानी पुलिस थाना में लिखित शिकायती आवेदन दिया था।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 40 यूरोलॉजी मरीजों का ऑपरेशन

**संतनगर।** विधायक भगवानदास सबनानी ने शुक्रवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में आयोजित 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर में रोगियों से मिले। विधायक ने मरीजों से शिविर की उपचार गुणवत्ता, सेवा और देखभाल के बारे में जानकारी ली। सबनानी अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर भी देखा। शुक्रवार को पहले दिन विभिन्न मूत्र व्याधियों से पीड़ति 40 रोगियों के ऑपरेशन किए।

### श्मशान घाट बनवाने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर के वार्ड 10, 11 और 12 में श्मशान घाट बनवाने के लिए अर्जुन नगर के नेता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम सिंह चौहान ने नगर परिषद के दफ्तर में शुक्रवार को सीएमओ राजकुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। इस पर सीएमओ राजकुमार शर्मा ने कहा मैं यह बात परिषद में रखूंगा। वचन लोधी ने बताया कि अर्जुन नगर में तीन वार्ड हैं और वार्ड 9 भी लगा हुआ है। सभी रहवासियों को दाह संस्कार के लिए बरखेड़ा रोड स्थित श्मशान घाट जाना पड़ता है।

### कार्यकारिणी में जगह पाने नेता लगा रहे जुगाड़

**औबेदुल्लागंज।** जिला भाजपा अध्यक्ष और मंडलों के अध्यक्ष बने दो माह हो गए हैं, मगर दो माह में जिला और मंडलों में कार्य करने के लिए रणनीति नहीं बन पाई है। कई नेता जिले कार्यकारिणी में जगह पाने के लिए सक्रिय हैं, तो कुछ नेता मंडल कार्यकारिणी में शामिल होने के लिए प्रयासरत हैं। कोई जिला एवं मंडल अध्यक्ष के चक्कर काट रहे हैं, तो कोई विधायक से कार्यकारिणी में जगह पाने की जुगाड़ लगा रहा है।

### समाजसेवी मोहर सिंह का निधन, दी श्रद्धांजलि

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में



दीपक पाल व राजा पाल के पिता समाजसेवी एवं मंडीदीप थाने में पदस्थ पूर्व एसआई मोहरसिंह पाल का आकस्मिक निधन हो गया। वे लम्बे समय से नगर के प्रमुख खेड़ापाति माता मंदिर समिति में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्रीसिंह चौहान, चतरनारायण साहू, विजय कठनेरा, सहित पुलिस विभाग के व स्थानीय अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3861 | | |
| दिन: | 257 | 41 | 155 |
| रात: | 599 | 32 | 480 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 289 | 97 | 124 |
| रात: | 289 | 96 | 457 |

साइबर क्राइम ब्रांच ने बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से पकड़ा

# साइबर ठगी करने वालों को बैंक अकाउंट बेचने वाले 5 युवक धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुस्तफा मुशारफ हुसैन
आरोपी



निहार आलम
आरोपी



आशीफुल हक
आरोपी




तामस गणेश शेडमाक
आरोपी



पिंटू सुरेश सिंह बेस
आरोपी

शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले साइबर ठगों को बैंक अकाउंट बेचने वाले पांच अकाउंट होल्डरों को साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले ठगों को बैंक अकाउंट बेचे थे, जिसमें ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी फरियादी ने शिकायत करते हुए बताया कि अप्रैल 2024 के अंत में मोबाइल पर अज्ञात आरोपी के वाट्सएप ग्रुप पर मैसेज आया। उन्हें एक्सल ऑनलाइन नाम के ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर चर्चा हुई। वाट्सएप पर चार अलग-अलग नंबरों से केसेय एलवर्ड नामक महिला से चर्चा हुई। महिला ने उन्हें बताया कि हमारी कंपनी एक्सेल में इन्वेस्ट करने पर कम समय में अधिक लाभ कमाया जा सकता है। बाद में उक्त महिला ने फरियादी को एसीवीवीएल ऑनलाइन नामक एप्लीकेशन की लिंक भेजकर एप्लीकेशन डाउनलोड कराई। उन्हें यूजर नेम एवं पासवर्ड दिया गया। पैसे जमा करने के लिए वाट्सएप पर अकाउंट नंबर दिया गया। फरियादी ने दिए गए बैंक अकाउंट में रुपए जमा कर दिए। फरियादी ने दो महीने में 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपए जमा कर दिए। जब फरियादी ने वॉलेट से अपना लाभ निकालना चाहा तो आरोपी कहने लगे कि लाभ का 20 फीसदी आपको कंपनी में जमा करना होगा, तभी पैसे निकाल सकेंगे। वे समझ गए थे कि उनके साथ ठगी की बड़ी वारदात हो चुकी है। आरोपियों के पास से 6 मोबाइल, 19 सिम कार्ड, 12 एटीएम कार्ड, 2 चेकबुक, 1 बैंक पासबुक व अन्य दस्तावेज जब्त किए गए।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

मुस्तफा मुशारफ हुसैन, ग्राम सोनाखुली जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल। डी फार्मा के बाद स्वयं के नाम पर खाते खुलवाकर अन्य आरोपियों को बेचता था। निहार आलम, टकागच, जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल। बारहवीं पास है और गिरोह को बैंक अकाउंट उपलब्ध कराना एवं अकाउंट में रुपए आने पर अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित करता था। आशीफुल हक, ग्राम कुसामारी, जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल। बीएड की पढ़ाई करने के बाद ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाते उपलब्ध कराता था। तामस गणेश शेडमाके, गांव चिचोली जिला, गढ़चिरोली महाराष्ट्र। 12वीं पास है और ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाते उपलब्ध कराता था। पिंटू सुरेश सिंह बेस नागपुर, महाराष्ट्र, 10वीं पास है। अकाउंट उपलब्ध कराता था।

### फर्जी शेयर ट्रेडिंग एक्सल नामक एप्लीकेशन की लिंक भेजकर डाउनलोड कराते थे

आरोपियों द्वारा लोगों को फर्जी शेयर ट्रेडिंग एक्सल नामक एप्लीकेशन की लिंक भेजकर, डाउनलोड कराया जाता है। यूजर आईडी पासवर्ड बनवाकर कम समय में अधिक मुनाफा देने के नाम पर शेयर ट्रेडिंग करने का कहकर फर्जी अकाउंट में पैसा जमा करवा लेते थे। उसके बाद फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप में अधिक मुनाफा दिखा देते थे। जब पीड़ित रुपए निकालने के लिए कहते तो आरोपियों द्वारा टैक्स के नाम पर और पैसों की मांग करते थे। एप पर अधिक पैसा जमा होने पर विड्रॉल को बंद कर देते थे। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा बैंक खाते खुलवाकर साइबर अपराधियों को बेच देते थे एवं उक्त अकाउंट में पैसा आने पर अन्य बैंक अकाउंट में ऑनलाइन स्थानांतरित कर दिया जाता था, जिसके लिए आरोपियों को प्रति लेन-देन के हिसाब से पैसा मिलता था। आरोपियों को ठगी में उपयोग किए जाने वाले फर्जी बैंक खातों को उपलब्ध कराने पर आरोपियों को प्रति अकाउंट 50 हजार रुपए लिए जाते थे।

### चार मई को होगी नीट यूजी परीक्षाः 23 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी होंगे शामिल

**भोपाल।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस टेस्ट-नीट यूजी 2025 की परीक्षा मध्य प्रदेश समेत देशभर के 552 शहरों तथा देश के बाहर विदेशों के 14 शहरों समेत कुल 566 शहरों में चार मई 2025 को आयोजित होगी। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश समेत देशभर में मेडिकल एमबीबीएस के 776 कॉलेज की एक लाख 17 हजार 906 सीटें, आयुष के 950 कॉलेजों जिसमें बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस की 65 हजार से ज्यादा सीटें शामिल है। डेंटल बीडीएस के 329 कॉलेजों की 27 हजार 868 सीटों समेत लगभग दो लाख 10 हजार 774 सीटें संचालित हैं।

इलाके का निगरानी बदमाश है आरोपी

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ मोबाइल छोड़कर भागा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर में गुरुवार सुबह एक बदमाश बालकनी से घर में घुस गया। बदमाश ने कमरे में सो रही 25 साल की युवती से अश्लील हरकत शुरू कर दी। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग निकला।

इस दौरान आरोपी का मोबाइल युवती के घर में ही गिर गया था। युवती की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी नशे का आदी है और निगरानी बदमाश है। पुलिस के अनुसार 25 साल की युवती थाना क्षेत्र में रहती है और प्राइवेट जॉब करती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि नेहरू नगर इलाके में वह परिवार के साथ किराए के मकान में रहती है। गुरुवार सुबह वह अपने कमरे में सो रही थी। इसी बीच आरोपी अंकित चिकना बालकनी से कमरे में घुस आया और बुरी नियत से उसे बेड टच करने लगा। उसकी नींद खुली तो शोर मचाया। इसके बाद आरोपी अंकित चिकना बालकनी से ही भाग निकला। इस दौरान उसका मोबाइल कमरे में ही गिर गया था। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### पीटीआरआई में आज आयोजित होगा पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन का विशिष्ट सदस्य सम्मान समारोह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा शनिवार को 22वें विशिष्ट सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जहांगीराबाद स्थित पुलिस पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही समारोह में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आरसी पवार की किताब अपराध अनुसंधान और एसोसिएशन की वार्षिक पत्रिका सात्विक का विमोचन भी डीजीपी मकवाणा द्वारा किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष गणेश प्रसाद दुबे और सचिव नरेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में डीजीपी द्वारा भारतीय पुलिस सेवा और राज्य पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।



### भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदवंशी ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैया नंदवंशी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई विषयों पर चर्चा की। इन्होंने विधायक सुरेंद्र पटवा से भी उनके निवास पर जाकर सौजन्य भेंट की।

जल गंगा संवर्धन अभियान 30 से होगा शुरू

### वर्षा जल को सहेजने, नवीन जल संरचनाओं का होगा निर्माण पुरानी का करेंगे जीर्णोद्धार

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान, वर्षा जल के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य के साथ 30 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान का सफल क्रियान्वयन हो, बारिश का अधिक से अधिक पानी जल संरचनाओं में एकत्रित हो इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए।

अभियान के तहत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण तथा पहले से मौजूद जल संरचनाओं की साफ-सफाई, गहरीकरण तथा जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। इन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, प्रत्येक स्तर पर इसकी सघन मॉनीटरिंग की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान, विक्रम महोत्सव तथा स्कूल चले हम अभियान की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने एसडीएम और जनपद सीईओ से कहा कि सभी जनपद, पंचायतों में जल चौपाल का आयोजन किया जाए।

### परिषद के कार्यक्रम से भाजपा के वरिष्ठ नेता नदारद

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के वार्डों में भूमिपूजन कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता नदारद रहते हैं। भाजपा के मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर भी नहीं दिख। मंडल अध्यक्ष से फोन पर चर्चा की तो उन्होंने कहा कि हिरानिया के भूमिपूजन का आमंत्रण नहीं आया।

नगर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं का कहना है कि हमारी पूछपरख विधायक पटवा तो करते हैं, मगर नगर परिषद के जिम्मेदार नहीं करते है। 26 जनवरी के कार्यक्रम में यह सिलसिला प्रारंभ हुआ था, जिसमें वरिष्ठ नेताओं को सम्मान न देना, कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित नहीं किया था। यह दौर अब भी चल रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि हम पटवा से चर्चा करेंगे।

प्रॉपर्टी खरीदी के नाम पर धोखाधड़ी

### फर्जी पेपर दिखाकर जमीन का कर रहे सौदा, बयाना के रुपए लेकर फरार हो जाते हैं दलाल

**औबेदुल्लागंज।** जमीन, मकान, दुकान सहित अन्य प्रॉपर्टी खरीदी के नाम पर दलाल फर्जी तरीके से ग्राहकों को फंसा कर उनसे बयाना के रूप में रुपए लेकर फरार हो जाते हैं।

गौहरगंज तहसील और औबेदुल्लागंज में फर्जी दलाल सक्रिय

दादा आसाराम और हर प्रसाद ने बताया कि हम अपनी जमीन बेचने की सोच भी नहीं सकते, मगर कुछ अनजान दलालों ने हमारी जमीन का खसरा खतौनी के कागजात निकलवा कर जमीन खरीदारों को बता रहे हैं। उनसे सस्ते दामों में जमीन दिलवाने की बात कर बयाना के रूप में हजारों रुपए लेकर दलाल गायब हो गए हैं। गौहरगंज तहसील और औबेदुल्लागंज क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलिंग के नाम फर्जी दलाल सक्रिय हैं, जो जमीन बेचने और खरीदने के नाम पर ग्राहकों को लूटने में लगे हैं।

औबेदुल्लागंज के खिलाड़ियों का नेपाल में बजा डंका

## बालक वर्ग ने सिल्वर, बालिका वर्ग ने जीता गोल्ड मेडल

### 21 से 25 मार्च तक आयोजित की बास्केटबॉल और खो-खो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल के 7 छात्र-छात्राओं का चयन एसबीएसएसएफ इंडो नेपाल इंटरनेशनल टूर्नामेंट बास्केटबॉल और खो-खो प्रतियोगिता के लिए किया गया था, जो कि नेपाल में आयोजित की गई थी। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 21 से 25 मार्च तक आयोजित हुई, जिसमें चार टीमों ने भाग लिया। श्रीलंका, भूटान, नेपाल, इंडिया। उसका फाइनल मैच नेपाल और इंडिया के बीच खेला गया, जिसमें नेपाल ने 40 30 से इंडिया को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बालक वर्ग में इंडिया ने प्राप्त किया।

बालिका वर्ग का फाइनल भूटान और इंडिया के बीच खेला गया, जिसमें इंडिया ने भूटान को 30-10 से हराकर इंडिया ने विजय प्राप्त की। इस प्रतियोगिता के लिए मॉडर्न कान्वेंट स्कूल के विजेता बालिका वर्ग ने गोल्ड मेडल और बालक वर्ग ने सिल्वर मेडल जीतकर



औबेदुल्लागंज का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों में अंकुर धुर्वे, हर्ष यादव, वंशिका सोनी, आदर्श यादव, अक्षत चौहान, अनुश इमने, देव गौर है। पूरे टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड औबेदुल्लागंज के हर्ष यादव को मिला। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन फूल सिंह राजपूत, प्रिंसिपल विशाखा शर्मा और स्कूल के सभी स्टाफ ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी है।


वारदात के बार दहशत में रहवासी, पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ाई गश्त

# देर रात इलाके में घूम रहा बदमाशों का गिरोह, घर में घुसते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आधा दर्जन संदिग्ध


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में देर रात आधा दर्जन संदिग्धों का गिरोह घूमने से लोगों में दहशत का माहौल है। गुरुवार रात भी गिरोह कस्तूरी होम्स में देखा गया। गिरोह घर में घुसने की कोशिश करते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया।

जानकारी के अनुसार इससे पहले भी कुछ संदिग्ध इस इलाके में घुमते नजर आए हैं। कस्तूरी होम्स में एक मकान में गिरोह ने घुसने का प्रयास किया था। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में गिरोह के सदस्य कैद हो गए। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में संदिग्ध



एक घर में घुसने की कोशिश करते दिख रहे है। घटना रात 3 बजे के आसपास की है। इलाके के लोगों का कहना है कि आसपास के इलाकों में



अन्य मकानों में भी गिरोह ने वारदात को अंजाम दे चुका है। इसके अलावा अन्य लोगों के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुका है।

### अधिकतर कॉलोनियों से लगे खेत बने परेशानी

कटारा हिल्स इलाके में अधिकतर कॉलोनियों के आसपास खेत और खुला हुआ क्षेत्र है। पुलिस इलाके में सड़कों पर गश्त करती है। इसके विपरित गिरोह और चोर खेतों में छिपकर बैठते है। लिहाजा पुलिस को उनकी भनक तक नहीं लग रही है। पुलिस का कहना है कि गिरोह की तलाश के लिए गश्त बढ़ाने के अलावा मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर रखा है। इसके अलावा खेतों के मालिक को भी कहा गया है कि अपने खेत में आसामाजिक तत्वों को प्रवेश न दे। कॉलोनियों के कार्ड को भी अलर्ट रहने और पुलिस को तत्काल सूचना देने की बात कही है।

**वारदात के बाद खेत में हो जाते हैं फरार**

अधिकतर वारदातों में देखा गया है कि गिरोह दिन में रैकी करता है और रात में खेत में पार्टी करता है। इसके बाद सही समय पर सूने मकानों में घुसने का प्रयास करता है और कई बार वारदात करने में कामयाब हो जाता है।

नशामुक्त भारत अभियान के लिए बैठक आयोजित

## कलेक्टर ने जिले को नशामुक्त बनाने अफसरों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने जिले को नशामुक्त बनाने की जा रहीं गतिविधियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने गतिविधियां आयोजित की जाए। विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर



विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि संयुक्त दल बनाकर मेडिकल दुकानों और दवाइयां बनाने वाले औद्योगिक संस्थाओं की नियमित जांच की जाए। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग मनोज बाथम ने नशामुक्ति के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया।

## उर्दू शायर पर केंद्रित पहला एकल कार्यक्रम

# छतनारा के तसव्वुर में सुनी अमीर इमाम की शायरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खुद को हर आरजू के उस पार कर लिया है, हमने अब उसका साया दीवार कर लिया है..., जहां पे खत्म हूं मैं उस निशान से आगे, ये कौन रहता है मेरे गुमान से आगे......, रेत के जर्रों पे पानी का गुमां रहने दिया, उसने सहराओं को सहरा भी कहां रहने दिया.... अमीर इमाम के इन शेरों पर सभागार में बैठे श्रोताओं ने जमकर दाद दी। मध्य प्रदेश के उर्दू शायरों पर केंद्रित अपनी तरह के इस पहले कार्यक्रम का आयोजन किया छतनारा समूह ने। जिसमें तसव्वुर कार्यक्रम के अंतर्गत मेहमान शायर के तौर पर विख्यात उर्दू शायर अमीर इमाम ने शिरकत की। भवंस भारती स्कूल में आयोजित तसव्वुर, छतनारा समूह की नयी श्रृंखला है जिसमें उर्दू शायरों पर केंद्रित एकल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में होस्ट किया कवि निशान्त उपाध्याय ने।




### शायर को हों सभी जानकारी

*अमीर ने कहा कि इल्म हवा की तरह होता है। अगर सहरा के ऊपर से गुजरे तो गरमी लाती है और दरिया के ऊपर से निकले तो ठंडी हवा लाती है। ऐसे ही बुद्धि से नहीं, तासीर से दृष्टिकोण निश्चित होता है। अमीर ने कहा कि शायर को साहित्य के अलावा अन्य विषयों की भी जानकारी होनी चाहिए।*

### शायर सोच कर नहीं लिखता

अपनी साहित्यिक यात्रा और रुचि के प्रश्न पर अमीर ने कहा कि मुझे ज्ञान विरासत में परिवार से मिला। मेरी मां ने मुझे छोटी उम्र से ही भाषा और कविता की समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, उन्होंने कुछ वरिष्ठ शायरों को भी अपने गुरु के तौर पर याद किया। वहीं निराशावद और अस्तित्ववाद के द्वंद के सवाल पर उन्होंने कहा कि शायर किसी वाद के तहत सोच कर नहीं लिखता है। शेर की जमीन बहुत गहरी बैठी रहती है।

## विश्व संवाद केंद्र में पुस्तक विमोचन

# परिवार के बीच बढ़ती दूरियों को समाप्त करने में बरोह की होगी मुख्य भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संघ ने शताब्दी वर्ष में कुछ पुस्तकों को आमजन तक पहुंचने का निर्णय लिया है। यह पुस्तक इसी श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा है। मुझे याद आता है कि प्रा.प्र.ग. सहस्त्रबुद्धे द्वारा लिखित तरुण भारत में प्रकाशित होने वाले लेख पढ़ने के लिए मैं प्रत्येक शनिवार को उत्सुक रहता था। यह बात मुख्य अतिथि के रूप में आए अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ डॉ. मनमोहन वैद्य ने विश्व संवाद केंद्र में आयोजित पुस्तक विमोचन एवं परिचर्चा कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने गिरीश जोशी द्वारा अनुवादित पुस्तक बरोह का विमोचन किया।



### पुस्तक की हर कहानी है प्रासंगिक

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि मैंने कई किताबें पढ़ी, जिनका अन्य भाषाओं में अनुवाद हुआ और वह किताब कहीं न कहीं अपने प्रवाह छोड़ देती है। इस पुस्तक की हर कहानी है प्रासंगिक है।

## खबर संक्षेप



### आज आंशिक सूर्यग्रहण

**भोपाल।** आज शनिवार को आंशिक सूर्यग्रहण होगा। भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2 बजकर 20 मिनट 43 सेकंड से आरंभ होकर शाम 6 बजकर 13 मिनट 45 सेकंड तक यह घटना होगी। इसे यूरोप, उत्तरी एशिया, नार्थ अमेरिका का कुछ भाग, नार्थ वेस्ट अफ्रीका में देखा जा सकेगा,लेकिन भारत में यह दिखाई नहीं देगा। नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि ग्रहण का आरंभ पृथ्वी के एक हिस्से से आरंभ होकर दूसरे भूभाग पर समाप्त होगा। एक गणना के अनुसार आंशिक ग्रहण का कुछ न कुछ भाग विश्व की जनसंख्या का लगभग 9.94 प्रतिशत लोग देख सकेंगे।

### 'द गुरु शिष्य जुगल्स' की प्रस्तुति आज

**भोपाल।** रवीन्द्र भवन में देवांश फाउंडेशन 'द गुरु शिष्य जुगल्स' की संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन करेगा। विख्यात भारतीय शास्त्रीय गायक श्री सुप्रियो मैत्रो और उनके शिष्य श्री आकाश तिवारी की सांगीतिक प्रस्तुति शाम 7:00 बजे से होगी। इसमें प्रवेश निशुल्क रहेगा। संगीतमय आयोजन में संगीत प्रेमी भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्राचीन सुरों और रागों की मधुरता का आनंद उठा सकेंगे। इस संगीतमय संध्या का संचालन विनय उपाध्याय करेंगे।

### निराला सृजनपीठ का वर दे कविता आज

**भोपाल।** निराला सृजनपीठ, साहित्य अकादमी द्वारा 29 मार्च को वर दे शीर्षक से कविता, व्यंग्य एवं गजल पाठ का आयोजन किया जा रहा है। निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रशांत चटर्जी व गौतम मुखर्जी की सरस्वती वंदन प्रस्तुति से सुबह 10 बजे से होगी। इसके पश्चात निरालाजी की कविताओं की स्वरबद्ध प्रस्तुति दी जाएगी।

## रवीन्द्र भवन में 'सबके लिए जल, जल के लिए सभी' महोत्सव शुरू

# निवाड़ी, पन्ना, छतरपुर जिले के करीब 150 बच्चों ने सीखा जल संरक्षण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सभी को जल की महत्ता से अवगत कराना है। हम सेव वाटर की बात तो करते हैं लेकिन इस बात को केवल बातों से नहीं बल्कि खेल-खेल में रोचक ढंग से समझाया जा सकता है। इसमें हमारे साथ निवाड़ी, पन्ना और छतरपुर जिले के करीब 150 बच्चे आए हैं जो पानी संरक्षण का कार्य करते हैं। हरिभूमि से बातचीत में यह कहा मप्र के बुंदेलखंड के जल पुरुष संजय सिंह का। जो शुक्रवार को रविंद्र भवन में दो दिवसीय वाटर फॉर ऑल, ऑल फॉर वॉटर फेस्टिवल-2 में आए। मुख्य अतिथि मंत्री इंदर सिंह परमार ने जल जागरुकता एवं संरक्षण के उपायों पर जोर दिया।

### सबके लिए जल, जल के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का उद्देश्य





### सेव वाटर पर बनाई पेंटिंग



*निवाड़ी से आई पूर्वा कुशवाहा और महक कुशवाहा ने सेव वाटर पर आधारित पेंटिंग बनाई। इस पेंटिंग में उन्होंने पानी बचाने का संदेश दिया।*

### हिप हॉप, ओडिसी नृत्य ने बांधा समां

कार्यक्रम के अंतिम भाग में बुंदेलखंड की कठपुतली, लखन अहिरवार की लोक कला, आंचल का रैप गीत, हिप हॉप नृत्य, अरुंधति और कायषा का ओडिसी नृत्य और अंत में टिमरनी के संगत बैंड द्वारा कला संवाद सहित विभिन्न कला प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके साथ ही बुंदेलखंड अंचल से आए बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से सेव वॉटर का संदेश दिया।



### छोटे से हो, लेकिन बहुत बोलते हो



वहीं, पन्ना से आए शिवम अहिरवार ने चार पोस्टर्स के माध्यम से पानी बचाओ का संदेश दिया। आठवीं कक्षा के शिवम ने कहा कि मेरे मुंह से सेव वाटर की बातें सुनकर मेरे ताऊ कहते हैं छोटे से हो, लेकिन बहुत बोलते हो।



### फुटबॉल से जाना पानी का महत्व

आठवीं कक्षा की संध्या अहिरवार ने फुटबॉल गेम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मैंने अपने इस खेल के माध्यम से पानी संरक्षण को जाना।

## वूमंस पॉलिटेक्निक के वार्षिकोत्सव का समापन

# उत्साह-उल्लास-उमंग की अभिव्यक्ति बना वाणी- 2025

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तू ही मेरी शब है....., दिल पर पत्थर..., दर्दे दिल... जैसे नए पुराने गीतों पर जब 'द रूटस बैंड' ने परफार्मेंस दी तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जहां एक ओर बैंड परफार्मेंस ने माहौल को संगीत की धुन से सजाया तो वहीं दूसरी ओर उमंग और उल्लास से भरी छात्राओं के रैंप वॉक ने कहर ढाया। यह नजारा था वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिकोत्सव वाणी - 2025 की समापन संध्या का। जिसमें फेशन शो के साथ साथ विजेताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।





### फैन्सी ड्रेस कॉम्पटीशन रहा खास

अनिरुद्ध सक्सेना और उनके म्यूजिकल 'द रूटस बैंड' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें उन्होंने नए पुराने हिंदी फिल्मी गीतों से समा बांधा वहीं कार्यक्रम की सबसे आकर्षक कड़ी फैन्सी ड्रेस काम्पिटिशन रही। जिसमें छात्राओं ने आकर्षक परिधानों में रैंप पर अदाओं का जलवा बिखेरा।




## एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'ओजस-2025' का आयोजन

**भोपाल।** एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'ओजस-2025' में पेंटिंग, स्केचिंग, रंगोली, पोस्टर, फोटोग्राफी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें छात्रों के लिए 'से नो टू पॉलिथिन' विषय पर डूडल आर्ट प्रतियोगिता, 'मेंटल हेल्थ' विषय पर डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके अलावा, 'इनोवेटिव रीयूजेबल रंगोली' एक विशेष गतिविधि रही, जिसे छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।



# प्रमुख वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और सहयोगी संस्थाओं द्वारा विकसित भारत-नया भारत विषय पर अंतर्राष्ट्रीय शोध और नवाचार सम्मेलन शोध शिखर 2025 के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उपस्थित रहे।

### रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय का शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025



## संस्कार भारती में नाट्य संगोष्ठी नाटक उत्तर कामायनी का मंचन

# संगोष्ठी में भरत मुनि के नाट्य शास्त्र पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संस्कार भारती में नाट्य संगोष्ठी में भरत मुनि के नाट्य शास्त्र पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता ने बताया कि भरत मुनि का नाट्य शास्त्र सनातन धर्म का नाट्य शास्त्र है। ब्रह्म द्वारा रचित नाट्य शास्त्र लोगों को आनंदित करता है। व्याख्यान के बाद विंग्स थिएटर के हिम्मत गोस्वामी के मार्गदर्शन में नाटक उत्तरकामायनी का एकल नाटक का मंचन राहुल बहरोलिया ने किया।



### अपने चरित्र को दिया जीवंत रूप

*राहुल ने अपने अभिनय से 30 मिनिट तक दर्शकों को बांध के रखा एवं अपने चरित्र को जीवंत कर दिया। नाटक की थीम में कई तरह की आपदाओं के बाद देश में बनी स्थिति का मंचन किया गया।*

### ओडिसी नृत्यांगनाओं ने दी प्रस्तुति

*इसके साथ ही उड़ीसा की नृत्य कला ओडिसी का नृत्यांगनाओं ने प्रस्तुति दी। देवकी मल्लिक ने गीतगोविन्द पर सोलो डांस किया।जबकि सुनीमा प्रधान ने मधुरास्टकम पर नृत्य किया।*

## 11 कलाकारों ने प्रस्तुत किए अनुभव



# हास्य से परिपूर्ण नाटक 'कथा कोलाज' में दिखी सामाजिक ढांचे की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित अनन्य नाट्य समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को नाटक कथा कोलाज का प्रदर्शन किया गया। कबीला सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर से आयोजित समारोह में कलाकारों ने समाज के विभिन्न ज्वलंत विषयों को दर्शकों के सामने रखा। समाज के विभिन्न पहलुओं को एक के बाद मंच पर अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करते इस नाटक का निर्देशन उज्ज्वल सिन्हा ने किया। लगभग 55 मिनट की अवधि वाले इस नाटक में 11 कलाकारों ने अपने जीवन के अनुभवों को लघु कहानी के माध्यम से बड़ी ही सूझबूझ के साथ मंच पर प्रदर्शित किया।

### वर्चुअल दुनिया में फंसते युवा की कहानी

इसके बाद काकी नाम की कहानी को गर्वित ने मंच प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने मां की कमी को भावनात्मक ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। इस दौरान यशराज ने वर्चुअल दुनिया में युवा किस तरह फंसता चला जा रहा है जहां से बाहर निकलने का उसके पास कोई उपाय नहीं उसे बहुत ही सूझ बूझ के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कलाकारों ने प्रतिशोध, साया उसकी यादों का, मॉडर्न भिखारी, वो ट्रैफिक लाइट, शोषण आदि से जुड़ी कहानियों को मंच पर प्रदर्शित किया।

## चार दिवसीय स्व. गुल बर्द्धन राष्ट्रीय नृत्य, नाट्य, बैले समारोह स्वयंसिद्धा-2' का शुभारंभ

# किसी न किसी मकड़जाल में जकड़ा है हर किरदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा शुक्रवार से रंग श्री लिटिल बैले में चार दिवसीय स्व.गुल बर्द्धन राष्ट्रीय नृत्य, नाट्य, बैले समारोह चार दिवसीय स्व.गुल बर्द्धन राष्ट्रीय नृत्य, नाट्य, बैले समारोह ' स्वयंसिद्धा-2' के शुभारंभ अवसर पर स्व. के.जी. त्रिवेदी (चच्चा) के निर्देशन में तैयार नाटक 'बस इतना सा ख्वाब है? ' का मंचन किया गया। जिसमें प्रस्तुति त्रिकर्षि नाट्य संस्था के कलाकारों ने दी।

### देह में व्याप्त अराजकता की पीड़ा नासूर की भांति सालती है

*यह नाटक दरअसल हैसियत का एक तिलिस्मी आईना है, जिसमें हर किरदार जकड़ा हुआ है। जो अपनी जद में, हमारे आसपास बिखारी झूठ का परिधान पहनी उन सच्चाइयों को दिगम्बर ही नहीं करता जिनकी दबिश में मानवीय अधिकार आहत होते आए हैं। नाटक के किरदार विवशताओं के मकड़जाल में कुछ यूं उलझे दिखाई देते हैं, बाहर निकलने की जिनकी हर कोशिश उन्हें पहले से कहीं ज्यादा तंग करती है। किरदारों की यही कसमसाहट, सामाजिकता एक मुकम्मल बयान रचती है। आलेखा का रोचक मिजाज देह पर उभरी मीठी-मीठी खुजली की तरह है जिसे सहलाते खुजलाते वक्त ढेर सा आनंद मिलता है।*



### प्रेम और नियति के धागों को बुनती कहानी

■ कहानी 'बादशाहत का खात्मा' का मंचन

सारथी सोशियो कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सआदत हसन मंटो की कहानी 'बादशाहत का खात्मा' का मंचन यूथ हॉस्टल न्यूमार्केट में किया गया। निर्देशन राजेंद्र सोनी का रहा। यह कहानी फुटपाथ पर रहने वाले बेरोजगार युवक मोहन की है, जो एक दोस्त के दफ्तर में ठहरने आया। संयोग से उसी दफ्तर के टेलीफोन पर एक अंजान लड़की का फोन आता है। यह बातचीत धीरे-धीरे मोहन के जीवन का अहम हिस्सा बन जाती है।



### सृजन महोत्सव में इस्मत के नाटक 'इंतखाब' का मंचन

### कुंवारी चिड़चिड़ी खाला बी के इर्दगिर्द घूमती कहानी

*भोपाल। यंग्स थिएटर फाउंडेशन द्वारा बैठक द आर्ट हाउस में सृजन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत इस्मत चुगताई के नाटक 'इंतखाब' का मंचन, सरफराज हसन के निर्देशन में किया गया। नाटक एक अधेड़ उम्र की कुंवारी चिड़चिड़ी खाला बी के इर्दगिर्द घूमता मजाहिया कथानक है।*





***नाटक की कहानी:** अपनी बहन के बच्चों को पालने वाली 50 की उम्र को छूती खाला बी के पड़ोस में रहने वाला आलम पहले तो खाला बी को बेहद पसंद था, लेकिन अब गरीबी के आने से खाला बी आलम को नापसंद करती है और बहन की बेटी शम्मो को भी उसके करीब नहीं आने देतीं। लेकिन वक्त बदलता है और खाला बी आलम को चाहने लगती है। इसी बीच खाला बी आलम को एक खत लिखती है जो शम्मो पढ़ लेती है और इस प्रकार सम्पूर्ण नाटक हास्य के रस से सराबोर हो जाता है।*

पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में फैसले

# देश को आत्मनिर्भर बनाने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग योजना लागू

## कैबिनेट ने 22,919 करोड़ रुपए की योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की पैठक हुई। इसमें कई अहम फैसले लिए गए। केंद्र ने शुक्रवार को भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला को आत्मनिर्भर बनाने 22,919 करोड़ रकी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य देश में एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना है, जिससे घरेलू और वैश्विक स्तर पर बड़े निवेश आकर्षित किए जा सकें। योजना के तहत 59,350 करोड़ का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है, जिससे 4,56,500 करोड़ र मूल्य के उत्पादों का उत्पादन होगा। इस योजना से 91,600 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भी बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**6 साल होगी योजना की अवधि**

इस योजना की अवधि 6 साल की होगी, जिसमें एक साल का गेस्टेशन पीरियड शामिल है। प्रोत्साहन का एक हिस्सा रोजगार सृजन लक्ष्यों को पूरा करने से भी जोड़ा जाएगा, जिससे अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।



**भारतीय निर्माताओं को मिलेगी तकनीकी मदद**

इस योजना में विभिन्न कंपोनेंट्स और सब-असेंबली के लिए अलग-अलग प्रोत्साहन दिए जाएंगे, ताकि भारतीय निर्माताओं को तकनीकी चुनौतियों से निपटने और बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में मदद मिल सके। इस योजना के तहत डिस्प्ले और कैमरा मॉड्यूल जैसे सब-असेंबली, नॉन-एसएमडी पैसिव कंपोनेंट, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल्स, मल्टी-लेयर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और ली-आयन सेल जैसे कंपोनेंट शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, हाई-डेंसिटी इंटरकनेक्ट और एसएमडी पैसिव कंपोनेंट जैसे बड़े कंपोनेंट्स पर भी फोकस किया जाएगा।

किसानों को दी खुशखबर

## केंद्र सरकार ने पीएंडके उर्वरकों पर दी 37,216 करोड़ की सब्सिडी की मंजूरी

कैबिनेट ने खरीफ फसलों 2025 के लिए फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत सरकार किसानों को उचित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए खरीफ 2025 (1 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025) के लिए 37,216.15 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान करेगी। गौरतलब है कि यह राशि रबी 2024-25 के लिए तय बजट से लगभग 13,000 करोड़ रुपए अधिक है।



**कृषकों को मिलेंगे सस्ते उर्वरक**

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत केंद्र सरकार 28 ग्रेड के फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरकों जैसे डाई-अमोनियम फॉस्फेट , म्यूरिएट ऑफ पोटाश और नाइट्रोजन-फॉस्फोरस-पोटाश-सल्फर आदि पर सब्सिडी देती है।

**सिंगल सुपर फॉस्फेट की सब्सिडी को आगे बढ़ाया**

कैबिनेट ने सिंगल सुपर फॉस्फेट पर फ्रेट सब्सिडी को भी खरीफ 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे एसएसपी की ढुलाई लागत में कमी आएगी, जिससे किसानों को यह खाद सस्ती दर पर उपलब्ध होगी। सरकार का यह फैसला किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। इससे उन्हें सब्सिडी वाले रेट पर उर्वरक मिलेंगे, जिससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादकता बढ़ेगी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल (यूरिया, डीएपी, एमओपी और सल्फर) की कीमतों में उतार-चढ़ाव का बोझ किसानों पर नहीं पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### रेप केस में बजिंदर दोषी 1 को सजा का ऐलान

**नई दिल्ली।** 2018 रेप मामले में स्वयंभू ईसाई धर्म प्रचारक बजिंदर सिंह को दोषी करार दिया गया है।



इस मामले में कोर्ट एक अप्रैल को सजा सुनाएगा। सिंह पर कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। उन पर जीरकपुर की महिला ने यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। महिला ने आरोप लगाया था कि उसने यौन उत्पीड़न का वीडियो बनाया और धमकी दी थी।

### शर्मा को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा को फिर से जान से मारने की धमकी दी गई। यह



धमकी बीकानेर सेंट्रल जेल में बंद आदिल नाम के एक कैदी ने दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीएम को चौथी बार जान से मारने की धमकी दी गई है। एसपी कविंद्र सिंह सागर ने बताया कि आरोपी ने बीकानेर सेंट्रल जेल से फोन किया।

### हरियाणा को मिला अपना राज्य गीत

**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन हरियाणा को अपना राज्य गीत मिल



गया। सदन में राज्य गीत के चयन पर गठित समिति द्वारा राज्य गीत पर रखा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। सीएम नायब सिंह सैनी ने गीत को मूर्तरूप देने वाले सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त किया और लोगों की भावनाओं में जोश भरने वाला गीत बताया।

### दिल्ली के मुस्तफाबाद का बदलेगा नाम, प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट मुस्तफाबाद का नाम बदलने का



प्रस्ताव ला रहे। दिल्ली में नाम बदलने को लेकर सियासत शुरू हो गई है। इस पर आप के नेता बयान दे रहे हैं। बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद क्षेत्र का नाम बदलने मैंने प्रस्ताव दिया है। 1998 से 2008 के बीच जब मैं विधायक था, तब क्षेत्र का नाम करावल नगर था।

### केंद्र ने दूसरे राष्ट्रीय जीन बैंक की स्थापना की

**नई दिल्ली।** केंद्र ने भविष्य की खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए 10 लाख फसल जीन बैंक के संरक्षण



के लिए दूसरे राष्ट्रीय जीन बैंक की स्थापना की घोषणा की है। यह घोषणा बजट के 'नवाचारों में निवेश' विषय के अंतर्गत की गई पहलों में से एक है। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

राज्यसभा में सांगा को लेकर सपा सांसद के बयान पर मचा बवाल

# जब तक सुमन व खरगे माफी नहीं मांगते तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी पर विरोध किया। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे पर भी निशाना साधा। भाजपा का आरोप है कि खरगे मामले को जाति से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने मांग की है,जब तक रामजी सुमन और विपक्ष के नेता खरगे मामले में माफी नहीं मांगते, तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इससे पहले सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कह दिया था। इस पर शुरू हुआ बवाल अब भी थमता नहीं दिखाई दे रहा है। उनकी बाबर और राणा सांगा को लेकर कुछ ऐसा कह दिया था कि वे भाजपा के तमाम नेताओं के निशाने पर आ गए थे। भाजपा ने रामजी लाल सुमन से मांगी की मांग की है। सपा सांसद के इस बयान पर दिल्ली से उत्तर प्रदेश तक सियासी हलकों में हंगामा हो गया। भाजपा नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बयान की निंदा की।

**बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में हंगामा, दोनों पक्षों में तकरार**

नेता प्रतिपक्ष ने जाति से जोड़ने की कोशिश की तो लगी 'आग'

**सोच-समझकर दिया गया बयान**



**अग्रवाल बोले- स्पष्टीकरण तो देते**

इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि राधा मोहन दास अग्रवाल को गुस्सा आ गया। भाजपा सांसद ने सांगा को लेकर कहा- 'उन्होंने कह दिया होता कि गलती से बोल दिया। स्पष्टीकरण दिया होता कि मैं ऐसा नहीं कहना चाहता था। अपनी बयान पर माफी मांग ली होती तो विवाद उसी समय खत्म हो गया होता। अग्रवाल ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि सांसद (रामजी लाल) का बयान आया- मैं मरते मर जाऊंगा बात वापस नहीं लूंगा। ये बताता है कि जो इन्होंने कहा था वो सोच समझकर और नियोजित तरीके से कहा था।

**धनखड़ बोले- बोलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए**

सभापति जगदीप धनखड़ ने राजपूत राजा को राष्ट्रीय नायक बताया। उन्होंने उनकी बहादुरी का जिक्र किया और उनके खिलाफ टिप्पणी को अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि सदस्यों को संवेदनशील मुद्दों पर बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

**भाजपा बोली खरगे का मुद्दे को जाति से जोड़ना निंदनीय**

अग्रवाल ने कहा कि सुमन ने दोहराया है कि वे अपने शब्दों को वापस नहीं लेंगे और जीवन भर उन पर कायम रहेंगे। यह अपमान है । किरेन रिजिजू ने भी मामले में बयान दिया। उन्होंने कहा कि सुमन का बयान अपमानजनक और अत्यधिक निंदनीय है। रिजिजू ने कहा कि वे खरगे की टिप्पणी की निंदा करते हैं कि सुमन के घर पर इसलिए हमला किया गया, क्योंकि वह दलित थे। उन्होंने कहा कि यह जाति या धार्मिक मुद्दा नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि खरगे मामले को जाति की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

**भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन ने उठाया मुद्दा**



भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने सुमन के राजपूत राजा राणा सांगा पर दिए गए बयान का मुद्दा उठाया। इससे बाद ही राज्यसभा में हंगामा शुरू हुआ। अग्रवाल ने कहा कि जब तक कांग्रेस और सुमन माफी नहीं मांग लेते, हम इस मुद्दे पर समझौता नहीं करेंगे।

**खरगे के बयान पर भड़की भाजपा**

इस बीच खरगे ने कहा कि वह और उनकी पार्टी उन सभी देशभक्तों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने देश के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी जान कुर्बान की, लेकिन किसी को भी कानून और व्यवस्था को अपने हाथ में लेने और एक सांसद के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सुमन के घर और संपत्ति पर उनके विवादास्पद बयान के बाद हुए हमलों का जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की दलित विरोधी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरगे की टिप्पणी से सत्तारूढ़ पार्टी भड़क गई।

**भाजपा सांसदों ने की नारेबाजी**

खरगे ने कहा कि सांगा हो या महाराणा प्रताप सभी सम्मानीय थे। उन्होंने कहा कि उनकी आपत्ति हिंसा के इस्तेमाल पर है, क्योंकि संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। इस पर सुमन बोलने के लिए उठे, लेकिन भाजपा सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। धनखड़ ने कहा कि सुमन ने जो कहा है वही रिकॉर्ड में दर्ज होगा।

बंदरगाह विधेयक लोकसभा में पेश


**एकीकृत विकास और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा**



भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 लोकसभा में पेश कर दिया गया है। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसे पेश किया। इसका उद्देश्य बंदरगाहों से संबंधित कानूनों को मजबूत और बंदरगाह विकास को बढ़ाना देना है।

ऑक्सफोर्ड में ममता के खिलाफ विरोध

# भाषण के बीच लगे 'गो बैक' के नारे तो भड़की टीएमसी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में 27 मार्च को पहुंची थी। छात्रों ने ममता के भाषण के बीच में गो बैक के नारे लगाए। बंगाली हिंदू समुदाय के सदस्यों सहित स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया इन यूके के छात्रों ने ममता बनर्जी को बंगाल से जुड़े कई मुद्दों पर घेरते हुए खुलेआम चुनौती दी। इस व्यवहार की टीएमसी के नेता सौगत राय ने आलोचना की है और इसे प्रचार का तरीका बताया। उन्होंने कहा इस तरह के विरोध प्रदर्शन केवल ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से किए गए थे। सौगत रॉय ने तर्क दिया कि यह आयोजन स्थल ममता के अधिकार क्षेत्र में नहीं था और इसलिए, ऐसी घटनाओं को संभालने की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी अधिकारियों और इंग्लैंड की पुलिस की थी। उन्होंने कहा विरोध प्रदर्शन एसएफआई यूके ने प्रचार पाने के लिए किया।

**मैं सभी के लिए हूं, हिंदू... मुस्लिम सिख और ईसाई**

इनका जवाब देते हुए पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैं सभी के लिए हूं, हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई, जिसके जवाब में कुछ उपस्थित लोगों ने गो बैक के नारे लगाए। तनाव के बावजूद, बेनर्जी ने प्रदर्शनकारियों को शांति से संबोधित करने का प्रयास किया, उनसे राजनीति और नकारात्मक आख्यानों में शामिल न होने का आग्रह किया। उन्होंने खुद को रॉयल बंगाल टाइगर बताया।

**बढ़ती अर्थव्यवस्था पर ममता ने जताई असहमति**

### भाजपा ने शर्मनाक और देश के लिए निंदनीय बताया


ऑक्सफोर्ड में बेनर्जी ने 2060 तक भारत के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भविष्यवाणी पर असहमति जताई है। उनके इस बयान पर भाजपा उनकी खूब



आलोचना कर रही है। आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें ममता से सवाल किया कि अब ब्रिटेन छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। 2060 तक, यह अनुमान लगाया गया है कि यह दुनिया की पहली अर्थव्यवस्था होगी। बेनर्जी ने कहा कि मैं इससे असहमत हूं। मालवीय ने कहा कि ममता को भारत के दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से परेशानी है। यह शर्मनाक है। विदेशी धरती पर ऐसा व्यवहार कौन कर सकता है?

मद्रास हाई कोर्ट ने 7 तक लगाई रोक

# विवादित टिप्पणी में कामरा को मिली अंतरिम जमानत



■ अदालत ने शर्तों के साथ आदेश जारी किया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को महाराष्ट्र के राजनेता के बारे में कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के संबंध में अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने शर्तों के साथ 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत का आदेश दिया। कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें दावा किया गया कि उनके हालिया व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के बाद उन्हें कई धमकियां मिल रही हैं।

मप्र-छग की सड़क परियोजनाएं भी शामिल

# 'प्रधानमंत्री सड़क' के लिए 4011 करोड़ राज्यों को जारी



■ ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज ने दी सदन को जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले एक माह के दौरान 4 हजार 11 करोड़ रुपए का केंद्र का अंश राज्यों को प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जारी किया गया है। इस दौरान 2612 किलोमीटर लंबाई की 231 सड़कों और 96 पुलों के निर्माण की स्वीकृति भी अलग-अलग राज्यों में दी गई है। मध्य प्रदेश को 508 करोड़ 29 लाख रुपए की 738.99 किलोमीटर की 377 सड़कों की स्वीकृति दी गई है।

# लोकसभा अध्यक्ष की अनुमति से ही चलेगा सदन में सांसदों का माइक

## बंदरगाह बिल-25 को पेश करते वक्त तिवारी को बिरला की दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में यूं तो आए दिन कार्रवाई के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई मामलों पर नोकझोंक देखने को



मिलती है। जो कि स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करती है। लेकिन कभी कभार ऐसे वाकिए भी होते हैं जो लंबे समय तक याद रहते हैं। जी हां, ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को शून्यकाल में देखने को मिला। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी के बीच हल्के-फुल्के चुटीले अंदाज में गंभीर टिप्पणी का आदान-प्रदान हुआ।

**बंदरगाह बिल से जुड़ा मामला**

स्पीकर ने कांग्रेस सांसद को भारतीय बंदरगाह बिल 2025 पर बोलने की अनुमति दी। तिवारी बोलने के लिए खड़े हुए कि तभी उनके दल के उपनेता गौरव गोगोई, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल व अन्य सांसद अध्यक्ष से शिकायत करने लगे कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। इसके बीच में मनीष बोले, अध्यक्ष जी आप ही बताइए कि सदन में बोलने के लिए माइक कैसे चालू होगा? उनका इशारा भी उक्त मुद्दे पर अपने दल के अन्य सांसदों के साथ जुड़ा हुआ था। बिरला ने उन्हें साफ शब्दों में बता दिया कि लोकसभा में माइक तभी चालू होगा जब अध्यक्ष उसके लिए अनुमति प्रदान करेंगे। बिरला ने कहा कि क्या कांग्रेस सांसद बिल पर अपनी बात नहीं रखना चाहते हैं और फिर उन्होंने अन्य दलों के सदस्यों को विषय पर अपनी बात रखने के लिए बुलाना शुरू कर दिया।

बागेश्वर धाम दरबार में लगाई दारोगा ने अपनी अर्जी

सिविल लाइंस में तैनात दारोगा ने लापरवाही की

# ड्यूटी छोड़ दर्शन को पहुंचे तो एसपी बोले-स्टेज से उतारो सस्पेंड कर दूंगा

एजेंसी ▶▶ मेरठ

जागृति विहार एक्सटेंशन में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सिविल लाइंस में तैनात दारोगा वीरपाल की भी दरबार में अर्जी लगा दी। वीरपाल भी भीड़ के बीच से ड्यूटी छोड़कर स्टेज पर पहुंच गया। उसके बाद अफसरों को मामले की जानकारी मिली। एसपी सिटी आयुष विक्रम ने वीरपाल को स्टेज पर भीड़ के बीच बैठा देखकर तत्काल सीओ सिविल लाइंस को कहा कि उसे स्टेज से उतारो। वरना उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करनी पड़ेगी। तत्काल ही आयोजक से बताया गया कि दारोगा को स्टेज ने नीचे लेकर आओ। आयोजक बीरपाल को स्टेज से नीचे लेकर आए। तक सीओ ने उसे समझाकर वहां से ड्यूटी पॉइंट पर भेज दिया।

**ड्यूटी के दौरान दारोगा का स्टेज पर बैठना उचित नहीं**



### चरित्र को बनाने के लिए रामचरितमानस को बनाइए आधार

जागृति विहार एक्सटेंशन में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से श्री हनुमंत कथा का अमृतमयीरस प्रवाहित हो रहा है। कथा के तृतीय दिवस पर गुरुवार को दिव्य दरबार व कन्हैया मित्तल के भजनों के बाद शाम सात बजे शास्त्री ने व्यासपीठ से श्री हनुमंत कथा के क्रम को आगे बढ़ाया। उन्होंने सीताराम-हनुमान, सीताराम-हनुमान से शुरुआत की।

**हनुमानजी असुरों और दानवों का सर्वनाश करने वाले :** हिंदू राष्ट्र की जय, बागेश्वर धाम की जय, बाबा औघड़नाथ की जय, बिल्वेश्वर की जय, मनसा देवी की जय, पंचमुखी हनुमान की जय के जयकारे लगवाए। शास्त्री ने कहा कि मेरठ की क्रांतिधरा पर हनुमान जी की महिमा का गुणगान चल रहा रहा है।

**मुस्तैदी से काम करने की सलाह दी**

एसपी सिटी का कहना था कि ड्यूटी के दौरान दारोगा का स्टेज पर बैठना उचित नहीं था। इसलिए उसे नीचे उतार लिया गया। जीडी में डाला तस्करा सीओ की जांच के दौरान हनुमंत कथा परिसर में ड्यूटी प्वाइंट पर दस पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिले। उक्त पुलिसकर्मी अपने पॉइंटों को छोड़कर इधर उधर घूम रहे थे। तत्काल ही कथा स्थल पर बनी अस्थाई चौकी पर सभी पुलिसकर्मियों की रपट लिखा दी गई। उसके बाद पुलिसकर्मियों ने चौकी पर पहुंचकर अपनी सफाई दी। लेकिन तब तक अफसर रपट लिखकर निकल गए थे। उसके बाद चौकी से सभी को अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैदी से काम करने की सलाह दी गई।

7 मिनट लेट हो गया था कैब ड्राइवर

# महिला ने चालक के मुंह पर थूका और की गाली-गलौज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इंटरनेट पर वायरल हो रहे दोक वीडियो में अलग-अलग महिलाओं को कैब ड्राइवरों से बदतमीजी करते हुए देखा गया। एक महिला ने तो हद ही पार कर दी। गाली-गलौज के बाद ड्राइवर के मुंह पर थूक दिया। वीडियो में दिखाया गया है कि एक महिला कैब की पिछली सीट पर बैठते ही ड्राइवर पर बरस पड़ती है। इसका कारण केवल यह था कि वह ड्राइवर 7 मिनट लेट था। महिला पहले तो नाराजगी जाहिर करती है, लेकिन धीरे-धीरे उसकी भाषा गाली में तब्दील होने लगती है। वीडियो में दिखाया गया है कि वह महिला कहती हैं जब हम लेट होते हैं तो तुम हर मिनट के दो रुपए काट लेते हो, लेकिन जब तुम लेट होते हो तो कुछ नहीं? ड्राइवर ने समझाने की कोशिश की कि ट्रैफिक की वजह से देर हुई, लेकिन महिला ने एक नहीं सुनी। ताने मारते हुए बोली कि तू तो पूरी जिंदगी ड्राइवरी करेगा, अपने बच्चों को भी ड्राइवर बना देना।

## म्यांमार और थाईलैंड में थर्राई धरती

# पलक झपते ही जमींदोज हुई कई इमारतें, सदमे में लोग, घरों के बाहर सड़कों पर बैठे, आंखों के सामने तबाही का मंजर, भूखे बच्चे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए। झटके थाईलैंड तक महसूस किए गए। पहला भूकंप सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.7 मापी गई। इसके बाद दूसरा झटका दोपहर 12 बजकर दो मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.4 मापी गई।

फिर तीसरा झटका एक बजकर सात मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.9 मापी गई। लोग खुद को संभाल पाते कि दोपहर दो बजकर 48 मिनट पर चौथा भूकंप आया इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है। भूकंप इतना तेज था कि करीब 900 किलोमीटर दूर बैंकॉक में भी इसके झटके महसूस किए गए। भूकंप के चलते 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। म्यांमार के मांडले में जहां 20 लोगों की मौत हो गई, वहीं ताउंगू में 5 लोग मारे गए हैं। जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। भूकंप के बाद के आए झटकों से भी दहशत मची हुई है। कई इलाकों में राहत कार्य जारी है। भूकंप में कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। भीषण भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है।

**म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल घोषित**

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए।

**51 साल पुराना पुल गिरा**



म्यांमार के मंडाले में 51 साल पुराना ऐतिहासिक 'अवा ब्रिज' इरावदी नदी में गिर गया। इसके अलावा, एक मस्जिद का हिस्सा ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई।

**धर्मस्थल धराशाई**



म्यांमार की राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा। धार्मिक इमारतों के कुछ हिस्से जमीन पर गिर गए और कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए।

**दहशत में सड़कों पर लोग**



भूकंप के बाद बैंकॉक में दहशत में घरों से निकले सैकड़ों लोग सड़कों पर आ गए।

### कोलकाता, इंफाल मेघालय में हल्के झटके लगे

*बैंकॉक में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने के बाद शुक्रवार को कोलकाता, इंफाल और मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों से भूकंप के झटके महसूस किए गए। मणिपुर के उखरुल जिले में दोपहर 1:07 बजे भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 2.5 दर्ज की गई। मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी हल्की तीव्रता का भूकंप आया।*

### मेट्रो, रेलवे व हवाई सेवाएं बंद

*थाईलैंड के उपपीएम फुमथाम वेचयाचाई ने जानकारी दी कि यह हादसा म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कारण हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है। राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, बैंकॉक के लोकप्रिय चतुचक मार्केट के पास घटना हुई।*

### संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रास जुटा रहे जानकारी

संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के प्रभाव की प्रारंभिक रिपोर्ट से देश के मध्य भाग में काफी नुकसान पहुंचने की आशंका है। प्रवक्ता ने कहा, हम प्रभावित लोगों, बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान और तत्काल मानवीय जरूरतों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। वहीं, रेड क्रॉस ने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से उनकी टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रेड क्रॉस ने कहा कि शुरुआती जमीनी खबरों से संकेत मिल रहा है कि भूकंप से काफी नुकसान हुआ है। मानवीय सहायता को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

### बांग्लादेश में भी भूकंप

बांग्लादेश में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। ढाका और चटगांव सहित बांग्लादेश के कई इलाकों में 7.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बांग्लादेश मौसम विभाग के मुताबिक, दोपहर 12:25 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र बांग्लादेश सीमा के पास म्यांमार के मांडले में था। ढाका से भूकंप के केंद्र की दूरी 597 किलोमीटर बताई गई। चीन के यूनान प्रांत में भी भूकंप के झटके लगे।

**भूखे प्यासे लोग**



सदमें में घरों से निकले सैकड़ों लोग और बच्चे ने सड़क का बनाया आश्रयस्थल।

**राहत कार्य में जुटे लोग**



बैंकॉक में भूकंप के बाद लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

**सड़कें टूटीं**



म्यांमार में आए अचानक से आए भूकंप के तेज झटकों की वजह से राजधानी में कई स्थानों पर सड़कें टूट गईं। लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**निर्माणाधीन इमारत ढही**



थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भूकंप के बाद एक 30 मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने से 8 मजदूरों की मौत हो गई और 76 लोग मलबे में फंस गए।

**बड़े पैमाने पर राहत और बचावा कार्य जारी**





राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

---

## खबर संक्षेप

### काबुल में फिर खुल सकता है अमेरिकी दूतावास



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और तालिबान अब पुरानी बातों को पीछे छोड़ना चाहते हैं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के अफगानिस्तान दौरे और अब काबुल में यूएस दूतावास के फिर से खुलने की संभावना यही संकेत देते हैं कि काबुल और वाशिंगटन के रिश्ते नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। दरअसल, इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि वाशिंगटन में अफगान दूतावास को कार्यवाहक सरकार को सौंपने और काबुल में अमेरिकी एंबेसी को फिर से खोलने के लिए बातचीत चल रही है।

### व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी, रमजान मुबारक



**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अमेरिका के व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी हुई। वार्षिक इफ्तार पार्टी की मेजबानी करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी अमेरिकी मुस्लिमों को रमजान मुबारक कहा। ट्रंप ने कहा कि हम मुस्लिम समुदाय से किए गए वादों को निभा रहे हैं। मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनका समर्थन करने वाले लाखों मुस्लिम-अमेरिकियों का शुक्रिया अदा किया। इफ्तारी से पहले संबोधन में ट्रंप ने कहा कि नवंबर में मुस्लिम समुदाय हमारे साथ था और रहेगा।

---

### लोकसभा में बोले विदेश मंत्री, पाक में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति पर भारत की पैनी नजर

# पाकिस्तान की मानसिकता बदलना असंभव, ये काम इंदिरा गांधी भी नहीं कर पाईं: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार के बारे में चिंताओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाया गया है ताकि इस मामले पर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके*

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह साफ कर दिया कि भारत अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान की कट्टरता और धर्मांधता वाली मानसिकता को नहीं बदल सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी ऐसा नहीं कर पाई थीं। उन्होंने कहा, हमारे पड़ोसी देश में हिंदू समेत अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों और उनके उत्पीड़न के कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान की सरकार अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए कोई कार्रवाई नहीं करती है।

भारत सरकार अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले व्यवहार पर बेहद करीब से नजर रखती है। हम इस विषय को समय-समय पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाते रहते हैं, आगे भी ऐसा करते रहेंगे। 2014 से अब तक पाकिस्तान से भारत आने वाले अल्पसंख्यकों को 15 हजार 19 लांग टर्म वीजा प्रदान किए गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने सदन में पाकिस्तान में घटती हिंदुओं की जनसंख्या और उनके उत्पीड़न को लेकर विदेश मंत्री से एक पूरक प्रश्न पूछा था।

- ❑ पाक के मानवाधिकार रिकॉर्ड की कड़ी आलोचना की
- ❑ पाक आतंकवाद पर किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं



### अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न राज्य की नीतियां

पाकिस्तान एक ऐसा देश है जहां मानवाधिकारों का उल्लंघन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित क्षरण राज्य की नीतियां हैं। पाकिस्तान ने अपने देश में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह दी हुई है। इसलिए उसे मानवाधिकार के मुद्दे पर किसी और को लेक्चर देने की कोई जरूरत नहीं है। जबकि उसका ध्यान अपने लोगों के लिए वास्तविक प्रशासन के साथ-साथ न्याय मुहैया की तरफ होना चाहिए।

### फरवरी 2025 में सामने आए 15 मामले

विदेश मंत्री ने बताया कि पाकिस्तान में इस साल फरवरी महीने में हिंदू सहित अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों के कुल 15 मामले सामने आए हैं। इसमें हिंदुओं से जुड़े 10, सिखों से जुड़े 2, ईसाई समुदाय से जुड़ा 1 मामला और अहमदिया समुदाय से संबंधित 2 मामले शामिल हैं। हिंदुओं के 10 मामलों में 7 अपहरण और जबरन धर्मांतरण से संबंधित हैं। जबकि 2 अपहरण और 1 मामले में पुलिस ने हिंदू छात्रों पर होली खेलने पर कार्रवाई की। जयशंकर ने कहा कि सिख समुदाय के उत्पीड़न के मामलों में पहला एक सिख व्यक्ति पर हमले से जुड़ा है। दूसरे में एक सिख को पुराने गुरुद्वारे को खोलने को लेकर धमकाया गया। ईसाई समुदाय से जुड़े 1 मामले में पाकिस्तान ने समुदाय के एक मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति के साथ ज्यादती की।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के 72 मामले**

जयशंकर ने बताया कि बांग्लादेश में भी अल्पसंख्यकों पर चरमपंथियों के हमले जारी हैं। पिछले साल हिंदू अल्पसंख्यकों पर ऐसे हमलों के 2 हजार 400 मामले सामने आए थे। इस साल इनकी संख्या 72 रही है। मैंने बांग्लादेश के विदेश मंत्री के साथ बातचीत में मामले को उठाया है।

---

### कठुआ में भीषण मुठभेड़

# जैश के 5 आतंकी ढेर, 4 जवान शहीद और 5 सुरक्षाकर्मी घायल



एजेंसी ▶▶ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुआ। इस मुठभेड़ में जैश के 5 आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। वहीं, चार जवान बलिदान हो गए हैं और डीएसपी सहित पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। इनमें एक पैरा कमांडो भी शामिल है। ये सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के मुखौटा संगठन पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट के बताए जा रहे है। गुरुवार सुबह से देर शाम तक रुक-रुक कर दोनों तरफ से गोलीबारी जारी रही।

### पुलिस ने राकेट लांचर छोड़े

*डीएसपी बार्डर धीरज कटोज के अलावा पांच जवान जख्मी हुए। डेढ़ घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद अचानक गोलीबारी बंद हो गई। बाद में पुलिस ने राकेट लांचरों का इस्तेमाल किया। आतंकियों ने फिर गोलीबारी शुरू कर दी जो देर शाम तक चली। मुठभेड़ में बलिदान पुलिस के तीन जवान एसओजी का हिस्सा थे। इनके पेट और सिर पर गोलियां लगी हैं। पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। घायलों में अखनूर निवासी एसपीओ भरत चलोत्रा को जीएमसी जम्मू में, हीरानगर के एसपीओ हैप्पी शर्मा को जीएमसी कठुआ में लाया गया। बाद में उन्हें जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया।*

### एक ग्रामीण ने दी थी सूचना

*सुबह आठ बजे हीरानगर के राजबाग क्षेत्र के जुथाना के अंबानाल में एक ग्रामीण ने हथियारों से लैस पांच आतंकियों को देख पुलिस को जानकारी दी। ये आतंकी बिलावर की तरफ निकल रहे थे। कुछ ही देर में पुलिस की टुकड़ी मौके पर पहुंच गई। 9:15 बजे तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने खुद को घिरा देख गोलीबारी शुरू कर दी।*

---

### समझौते की कीमत 62 हजार 700 करोड़, एचएएल से खरीदे जाएंगे हेलिकॉप्टर

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक

# सीसीएस ने दी 156 स्वदेशी प्रचंड हेलिकॉप्टरों की खरीद से जुड़े मेगा रक्षा सौदे को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन-पाक की तरफ से बढ़ते युद्ध के साझा खतरे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में सशस्त्र सेनाओं के लिए 156 हल्के युद्धक हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' (एलसीएच) की खरीद से जुड़े कुल 62 हजार 700 करोड़ रुपए (टैक्स की धनराशि शामिल नहीं) के अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी प्रदान की गई है। 156 में से 90 हेलिकॉप्टर भारतीय सेना को और 66 वायुसेना को मिलेंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। दोनों सैन्य बलों को हेलिकॉप्टरों की सप्लाई देश के रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा की जाएगी। सीसीएस की मंजूरी के तुरंत बाद रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में एचएएल के साथ दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा मंत्रालय ने 2 लाख 9 हजार 50 करोड़ रुपए के कुल 193 रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें से घरेलू उद्योगों के साथ किए गए समझौतों की संख्या 177 है और उनका कुल मूल्य 1 लाख 68 हजार 922 करोड़ रुपए है।



### तीन साल में शुरू होगी आपूर्ति

मंत्रालय ने कहा कि एचएएल से दोनों सेनाओं को प्रचंड हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति समझौते के तीसरे साल में शुरू की जाएगी। जो कि अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगी। इसकी मदद से अत्यधिक ऊंचाई वाले सुदूर सीमावर्ती इलाकों में सेना और वायुसेना की युद्धक, रणनीतिक क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्रचंड भारत का स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ विकसित किया गया हेलिकॉप्टर है। जो 5 हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर ऑपरेट कर सकता है। इसमें बड़ी तादाद में लगे हुए कलपुर्जे और उपकरणों को भारत में तैयार किया गया है। साथ ही इसकी खरीद के क्रियान्वयन के समय पर हेलिकॉप्टर में 65 फीसदी स्वदेशी तत्व को शामिल करने की योजना है। इस खरीद में 250 घरेलू कंपनियां शामिल होंगी। जिसमें ज्यादातर एमएसएमई हैं। 8 हजार 500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन भी होगा।

---

### युद्धक्षेत्र में सफलता से उत्साहित पुतिन बोले

# यूएन प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रहे यूक्रेन, लोकतांत्रिक चुनाव करवाए

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्र में सफलता से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी उत्साहित है। शुक्रवार की सुबह टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में उन्होंने रूसी परमाणु पनडुब्बी के चालक दल को संबोधित किया। इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रखा जाए। पुतिन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के तहत, अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ, वे यूक्रेन में अस्थायी शासन स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं।



### शांति सेना स्वीकार नहीं

रूस ने चेतावनी दी है कि वह नाटो देशों के सैनिकों को शांति सेना के रूप में स्वीकार नहीं करेगा। पुतिन ने इस दौरान मांग की है कि कीव उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना वापस ले ले, जिन पर मॉस्को ने आंशिक रूप से कब्जा कर लिया है। वह यह भी चाहते हैं कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने से इनकार करे, अपनी सेना में भारी कटौती करे और देश को मॉस्को की कक्षा में रखने के लिए कानूनी रूप से रूसी भाषा और संस्कृति की रक्षा करे।

### जेलेंस्की गैरकानूनी शासक

पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को गैरकानूनी शासक बताया, क्योंकि उनका कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था और उनके अनुसार, कोई भी समझौता जो वर्तमान यूक्रेनी सरकार के साथ किया जाएगा, उसे उनके उत्तराधिकारी चुनौती दे सकते हैं। बता दें कि, यूक्रेन के संविधान के तहत देश में मार्शल लॉ के दौरान राष्ट्रीय चुनाव कराना अवैध है।



# आईपीएल : 17 साल बाद बेंगलुरु ने चेन्नई को उसके घर में हराया

## आरसीबी लगातार दूसरी जीत से तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ चेपॉक पर आईपीएल के मैच में मात देते हुए शुक्रवार को 50 रन से जीत दर्ज की। आरसीबी के सात विकेट पर 196 रन के जवाब में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। आरसीबी की 2008 में आईपीएल के पहले सत्र के बाद चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत है। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर मजबूत स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने मेजबान टीम के शुरुआती विकेट जल्दी चटकाकर दबाव बनाया जो अंत तक कायम रहा।



### पाटीदार का अर्धशतक

कप्तान पाटीदार के 51 रन और टिम डेविड के आठ गेंद में 22 रन की मदद से आरसीबी ने सात विकेट पर 196 रन बनाए पाटीदार को चेन्नई के फील्डरों से तीन बार जीवनदान मिला और इसका फायदा उठाते हुए उन्होंने 32 गेंद में 51 रन बनाए। इससे पहले फिल साल्ट ने 16 गेंद में 32 रन और देवदत्त पड्डिकल ने 14 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आरसीबी को शानदार शुरुआत दी। विराट कोहली हालांकि संघर्ष करते दिखे और 30 गेंद में 31 रन ही बना सके।



### धोनी के नाबाद 30 रन

लगातार विकेट गिरने से रविंद्र (41) पर दबाव बढता गया और वह 13वें ओवर में यश दयाल का शिकार हुए जिन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए। दयाल ने शिवम दुबे (19) को भी रवाना किया। इसके बाद चेन्नई ने धोनी की बजाय आर अश्विन को भेजा जिस पर सभी को हैरानी हुई। आखिर में धोनी ने 16 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन बनाए और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट स्ट धोनी बो नूर | 32 | 16 | 5 | 1 |
| विराट कोहली का रविंद्र बो नूर | 31 | 30 | 2 | 1 |
| पड्डिकल का गायकवाड़ बो अश्विन | 27 | 14 | 2 | 2 |
| पाटीदार का कुरेन बो पथिराना | 51 | 32 | 4 | 3 |
| लियाम लिविंगस्टोन बो नूर | 10 | 09 | 0 | 1 |
| जितेश शर्मा का जडेजा बो खलील | 12 | 06 | 1 | 1 |
| टिम डेविड नाबाद | 22 | 08 | 1 | 3 |
| कृणाल पंड्या का हुड्डा बो पथिराना | 00 | 03 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 196/7
गेंदबाजी : खलील 4-0-28-1, अश्विन 2-0-22-1, कुरेन 3-0-34-0, अहमद 4-0-36-3, जडेजा 3-0-37-0, पथिराना 4-0-36-2.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र बो दयाल | 41 | 31 | 5 | 0 |
| त्रिपाठी का साल्ट बो हेजलवुड | 05 | 03 | 1 | 0 |
| ऋतुराज का भंडागे बो हेजलवुड | 00 | 04 | 0 | 0 |
| दीपक हुड्डा का शर्मा बो कुमार | 04 | 09 | 1 | 0 |
| कुरेन का पंड्या बो लिविंगस्टोन | 08 | 13 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे बो दयाल | 19 | 15 | 2 | 1 |
| जडेजा का साल्ट बो हेजलवुड | 25 | 19 | 2 | 1 |
| अश्विन का साल्ट बो लिविंगस्टोन | 11 | 08 | 1 | 0 |
| एमएस धोनी नाबाद | 30 | 16 | 3 | 2 |
| नूर अहमद नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, योग : 20 ओवर में 146/8
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 3-0-20-1, हेजलवुड 4-0-21-3, दयाल 3-0-18-2, लिविंगस्टोन 4-0-28-2, शर्मा 4-0-32-0, कृणाल 2-0-26-0.

खास खबर

## धोनी के प्रति जुनून अजीब यह खेल के लिए अच्छा नहीं



**चेन्नई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी के प्रति चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों का अभूतपूर्व समर्थन धीरे-धीरे हानिकारक जुनून में बदल गया है जो अन्य बल्लेबाजों के लिए अच्छा नहीं है। इससे भविष्य में टीम की ब्रांडिंग को नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि टीम हमेशा एक खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती रही है। रायुडू ने कहा, 'यह किसी नए बल्लेबाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती होती है। दर्शकों का समर्थन अभूतपूर्व होता है लेकिन जब आप खेलने के लिए मैदान पर उतरते हो तब आपको पता चलता है कि यह समर्थन चेन्नई सुपर किंग्स से पहले महेंद्र सिंह धोनी के लिए है। यह बिल्कुल स्पष्ट है और सही भी है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से टीम को इसी तरह से तैयार किया गया है। उन्हें थाला (नेतृत्वकर्ता) नाम सही दिया गया है और उन्होंने चेन्नई की तरफ से अपना प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने चेन्नई की टीम के लिए जो कुछ किया है उससे लोग उन्हें प्यार करते हैं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल 2025 में निकोलस ने अपने बल्ले से किया जोरदार धमाका

# 13 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड जायसवाल के नाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सीजन का 2025 में धमाकेदार आगाज हो चुका है। इस सीजन में भी बल्लेबाजों के बेट आग उगल रहे हैं। इम्पेक्ट प्लेयर नियम के कारण भारत सहित विदेशी प्लेयर अंतिम ओवर में आकर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर अपनी टीमों में जीताने में अहम भूमिका निभाई है। अब तक सत्र के 7 मैचों में युवा क्रिकेटरों के साथ दिग्गजों ने अपनी छाप छोड़ी है। आईपीएल 2025 में निकोलस पूरन ने अपने बल्ले से जोरदार धमाका किया। पूरन ने मात्र 18 गेंदों में अर्धशतक बना डाला। आईपीएल के 17 साल के इतिहास में सबसे तेज अधेशतक का रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम पर है। उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों पर 50 रन ठोकर डाले थे।


### केएल राहुल

केएल राहुल का बल्ला भी आईपीएल में खूब गरजा है। राहुल ने साल 2018 में पंजाब की तरफ से खेलते हुए मात्र 14 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। यह मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला गया था।



### पैट कमिंस

वैसे तो पैट कमिंस एक तेज गेंदबाज हैं। लेकिन जब वह बल्लेबाजी करने उतरते हैं तो बल्ले से भी कोहराम मचा देते हैं। आईपीएल 2022 में ऐसा ही कुछ हुआ था। तब कमिंस केकेआर के खेमे में थे। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में मात्र 14 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी।






### यशस्वी जायसवाल

आईपीएल के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम पर दर्ज है। राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी ने यह कारनामा आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में किया था। यशस्वी मात्र 13 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की थी।

### ट्रैविस हेड



ट्रैविस हेड के नाम पर भी आईपीएल में तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड है। हेड ने 2024 के सीजन में दोनों अर्धशतक लगाए हैं और दोनों बार 16 गेंद का ही सामना किया है। इसमें से एक पारी एलएसजी के खिलाफ आई थी, जबकि दूसरी पारी डीसी के खिलाफ।

### इन खिलाड़ियों ने जड़ा 15 गेंद में अर्धशतक

#### यूसुफ पठान



यूसुफ पठान भी जब खेलते थे तो उनका बल्ला खूब रन बरसाता था। आईपीएल 2014 में यूसुफ पठान ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 15 गेंद में यह अर्धशतक बनाया था।

#### निकोलस पूरन

निकोलस पूरन के नाम आईपीएल में 15 गेंद में अर्धशतक लगाने का भी रिकॉर्ड है। पूरन ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से खेलते हुए यह अर्धशतक आरसीबी के खिलाफ 2023 में लगाया था।

#### सुनील नारायण



सुनील नारायण ने भी 15 गेंदों में अर्धशतक जमाया है। उन्होंने साल 2017 में केकेआर और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइजर्स के बीच हुए मुकाबले में यह पारी खेली थी।

#### जैक फ्रेजर मैक्गर्क


जैक फ्रेजर मैक्गर्क ने भी दो बार 15 गेंदों पर अर्धशतक पूरा करने का कारनामा किया है। उन्होंने यह दोनों पारियों 2024 में खेली थीं। एक बार मुंबई इंडियंस के खिलाफ और एक बार एसआरएच के खिलाफ।

## शिखर धवन से मिली सीख ने मेरे खेल को बदल दिया : आशुतोष



**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि वह अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन से मिली सीख के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 साल के आशुतोष ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल की सबसे यादगार पारियों में से एक खेलते हुए 31 गेंद पर नाबाद 66 रन बनाकर टीम को आखिरी ओवर में एक विकेट की रोमांचक जीत दिलाई। जीत के बाद आशुतोष ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार धवन को समर्पित करते हुए इस खब्बू बल्लेबाज के उनके करियर पर पड़ने वाले प्रभाव को स्वीकार किया। आईपीएल की पिछली नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने आशुतोष को 3.8 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में चुना।

## पंड्या की वापसी से मुंबई मजबूत सिराज की लय से गुजरात चिंतित



**अहमदाबाद।** कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीगटी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया।

## खबर संक्षेप



### गुरिंदर ने 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**बेंगलुरु।** गुरिंदरवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 1 में 10.20 सेकंड की तेज दौड़ के साथ पुरुषों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 वर्षीय पंजाब के धावक ने अक्टूबर 2023 में मणिकांत होबलीधर द्वारा निर्धारित 10.23 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरविंदर का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.27 सेकंड था। उन्होंने इसे 2021 में बनाया था। रिलायंस के ही होबलीधर 10.22 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### बीसीसीआई को नए स्पिन गेंदबाजी कोच की तलाश

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' को साईराज बहुतुले की जगह जल्द ही नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिलेगा। बहुतुले ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। 'सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रूप में जाना जाता था। यह अब बेंगलुरु में नए स्थल पर स्थानांतरित हो गया है। यह पद बहुतुले के जाने के बाद से रिक्त पड़ा है और अब बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से दी शिकस्त



**बार्सिलोना।** फेरान टोरेस और दानी ओल्मो के शुरू में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत की। कोच हांसी फ्लिक ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को मैच के अंतिम क्षणों में मैदान पर उतारा। पोलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने एक अन्य स्थानापन्न खिलाड़ी फर्मिन लोपेज़ के क्रॉस पर हेडर से खूबसूरत गोल किया। यह लेवांडोव्स्की का स्पेनिश लीग में वर्तमान सत्र का 23वां गोल था।इस जीत से बार्सिलोना 10 राउंड शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड से तीन अंक और एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है।

रॉयल्स के अशोक की कहानी

## संघर्ष करके बने नेट बॉलर और फिर पाया आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छह साल पहले, राजस्थान के एक किसान का 16 वर्षीय बेटा जयपुर में एक क्रिकेट अकादमी के बाहर खड़ा यह सोच रहा था कि क्या उसके सीमित साधन उसे क्रिकेट खेलने की अनुमति दे पाएंगे, लेकिन उसकी मेहनत और लगन ने यह सब संभव कर दिखाया है। नेट बॉलर से सफर शुरू करने वाले अशोक शर्मा राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बन गए हैं।

राजस्थान के क्रिकेट इतिहास में पहली बार, राज्य के 10 क्रिकेटर आईपीएल 2025 में खेलेंगे। एक सीजन में अब तक का सबसे ज्यादा। इनमें 22 वर्षीय अशोक शर्मा भी शामिल हैं। मीडियम पेसर गेंदबाज ने 2022 का सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ बिताया, हालांकि उन्हें कोई गेम नहीं मिला, और 2023 और 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट बॉलर थे। अब, उन्हें आईपीएल 2025 के लिए उनकी टीम में शामिल किया गया है।

### तेंदुलकर के समान कहानी

जैसे अजीत तेंदुलकर ने अपने भाई सचिन तेंदुलकर के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैसे ही जयपुर के पास रामपुरा गांव में जन्मे अशोक इस कहानी से खुद को जोड़ सकते हैं। क्योंकि उनके बड़े भाई ने उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया। अशोक ने अपनी क्रिकेट जर्नी पर खुलकर बात की। अशोक ने बताया कि वह सीनियर्स से क्रिकेट किट उधार लेते थे।

### घर में रही आर्थिक तंगी

अशोक ने बताया, मेरे पिता किसान थे, इसलिए हमें हमेशा आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता था। मेरे भाई अक्षय ने मुझे छोटी उम्र में ही क्रिकेट से परिचित कराया और हम कुछ अन्य बच्चों के साथ गली क्रिकेट खेलते थे। अक्षय और हम दोनों ही क्रिकेट को अपना करियर बनाना चाहते थे, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण पिता केवल एक को ही कोचिंग दे सकते थे।

### इस टीमों के रह चुके हिस्सा

साल 2022 में केकेआर ने अशोक को 55 लाख रुपए में खरीदा। हालांकि, उन्हें पूरे सीजन बेंच पर ही बैठना पड़ा। उन्होंने एक बार फिर आईपीएल 2023 और 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट गेंदबाज की भूमिका निभाई। इसके बाद साल 2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा और टीम में शामिल किया। बता दें कि 17 जून, 2002 को जन्मे अशोक अपने तीखे बाउंसर के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने 2019 में राजस्थान की अंडर-19 स्टेट टीम के हिस्से के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

## जिओ हॉटस्टार ने पार किया 10 करोड़ सब्सक्राइबर्स का आंकड़ा


**नई दिल्ली।** जिओहॉटस्टार ने घोषणा की है कि इसके सब्सक्राइबर्स 100 मिलियन (10 करोड़) को पार कर गए हैं, जो भारत के स्ट्रीमिंग लैंडस्केप में एक बड़ा माइलस्टोन है। प्लेटफॉर्म इस ग्रोथ को अपने कंटेंट ऑफरिंग्स, प्राइसिंग स्ट्रैटेजीज और एक्सेसिबिलिटी के कारण मानता है। जब ये डिजनी+हॉटस्टार था, मई 2022 में इसके 50.1 मिलियन पेड सब्सक्राइबर्स थे, यानी करीब 3 साल में 50 मिलियन और जुड़े। वहीं, जिओसिनेमा और डिजनी+हॉटस्टार का कॉम्बिनेशन जिओहॉटस्टार पिछले महीने लॉन्च हुआ था। प्लेटफॉर्म ढेर सारा एंटरटेनमेंट देता है, जिसमें टीवी शोज, हॉलीवुड फिल्में, अलग-अलग भाषाओं में ओरिजिनल डिजिटल कंटेंट और रियलिटी शोज शामिल हैं। स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग ने भी जिओहॉटस्टार की सब्सक्राइबर ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म के पास आईसीसी टूर्नामेंट्स, आईपीएल और डब्लूपीएल जैसे बड़े स्पोर्टिंग इवेंट्स के राइट्स हैं। ये प्रीमियर लीग और विंबलडन जैसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के साथ-साथ प्रो कबड्डी और आईएसएल जैसे डॉमेस्टिक लीग्स भी ब्रॉडकास्ट करता है।

# जोकोविच खिताब से दो कदम दूर फाइनल में पहुंचे सबालेंका-पेगुला

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डंस

नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जोकोविच ने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया।

सेमीफाइनल में उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका



ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने फिलिपींस की 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से जीत दर्ज की।

### गैरवरीय जैकब की शानदार जीत

पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। विश्व में 54वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मेन्सिक का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने माटेओ बेरेटिनी को तीन सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 7-5, 6-7 (9-7), 7-5 से हराया।

### पेशेवर सर्किट से उन्हें सहनशीलता विकसित करने में मिलेगी मदद

# मुक्केबाज निशांत की ओलंपिक पदक पर नजर

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

भारतीय मुक्केबाज निशांत देव का मानना है कि शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण पेशेवर सर्किट में खेलने से उन्हें सहनशीलता विकसित करने में मदद मिलेगी, जो 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के उनके सपनों को पूरा करने में मददगार होगा।

पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में करीबी हार का सामना करने वाले निशांत इस खेल की ओलंपिक में बने रहने की अनिश्चितता के बीच पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ गए। एमेच्योर मुक्केबाजी में एक मुकाबला अधिकतम नौ मिनट तक चलता है जिसमें तीन-तीन मिनट के तीन राउंड



होते हैं, जबकि पेशेवर मुक्केबाजी में मुकाबले 12 राउंड तक भी चल सकते हैं। निशांत ने यहां महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आखिरी दिन कहा, 'मेरे लिए पेशेवर मुक्केबाजी में जाने का सबसे बड़ा कारण यह था कि मेरी सहनशक्ति और ताकत कम थी। मैं इसे सुधारने के लिए पेशेवर मुक्केबाजी में शामिल हो गया क्योंकि मैं पेशेवर मुक्केबाजी में ज्यादा राउंड खेलने का आदी हो जाऊं और जब मैं एमेच्योर मुक्केबाजी में वापस आऊं, तो मैं तीन दौर तक आराम से खेल सकूं।'

विश्व चैम्पियनशिप(2023) लाइट मिडिल वर्ग (71 किग्रा) के कांस्य पदक विजेता निशांत हाल के वर्षों में भारत के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुक्केबाजों में से एक रहे हैं। उन्होंने 'मैचरूम बॉक्सिंग' के साथ तीन साल का करार किया है, जो लॉस एंजिल्स ओलंपिक से एक साल पहले समाप्त होगा।

### वापसी में खेलूंगा क्वालीफायर

ओलंपिक पदक का सपना संजोए निशांत ने कहा, 'मुक्केबाजी ओलंपिक में बना रहेगा और मेरा अनुबंध ओलंपिक के करीब समाप्त हो रहा है। इसलिए मैं भारत वापस आऊंगा और क्वालीफायर खेलूंगा।' बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने भी निशांत की राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए दरवाजा खुला रखा है। सिंह ने कहा, 'हम ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों का चयन करेंगे, चाहे वह शौकिया हो या पेशेवर। निशांत निश्चित रूप से इस देश के सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों में से एक है।'

सीएम डॉ. यादव ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अभियान के संबंध में कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता के लिए सरकार और समाज दोनों की सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निमाण आवश्यक है। प्रदेश की नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समाज दोनों सजग रहें, यह आवश्यक है। इस उद्देश्य से प्रदेश में तीन माह अवधि का जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हो रहा है। प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार की शाम मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अभियान के संबंध में कलेक्टर्स को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया।

उन्होंने अभियान को सफ़ल बनाने के लिए कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़ें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी की सहभागिता जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव के कार्यों के अच्छे परिणाम दिलवाने में सहायक होगी।

### प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा राज्य स्तरीय अभियान



मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन का अमला और विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मिलकर कार्य करें। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नगरीय विकास एवं आवास, उद्यानिकी, कृषि, पीएचई उद्योग, पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, संस्कृति, जनसंपर्क, राजस्व, वन विभागों के साथ ही जन अभियान परिषद को प्रमुख सहभागी विभाग बनाया गया है। अभियान के अनुसार जिलों में अन्य विभागों का सहयोग कलेक्टर स्तर पर लिया जा सकेगा।

### स्वच्छता और नदियों के घाटों की सफाई का कार्य किया जाए: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े स्थान, विशेष रूप से नर्मदा के किनारे स्थित धार्मिक स्थानों में स्वच्छता और नदियों के घाटों की सफाई का कार्य किया जाए। छोटी नदियों और अन्य जल संरचनाओं के सौन्दर्यीकरण और स्वच्छता के कार्य निरंतर किए जाएं। प्रमुख धार्मिक केन्द्रों एवं ग्रामों में स्थित मंदिरों के परिसर में भी श्रृद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

### पर्व-त्यौहारों के लिए करें आवश्यक तैयारियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्व त्यौहार पर कानून व्यवस्था की स्थिति सुधर बनाए रखने के निर्देश प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां 30 मार्च को गुड़ी पड़वा, चेटीचंड और वर्ष प्रतिपदा के कार्यक्रम होंगे वहीं चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं। इसके साथ ही 31 मार्च को ईद भी है। इन सभी पर्व-त्यौहारों के दृष्टिगत जिलों में प्रशासनिक अमला सजग और सक्रिय रहे। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि यदि विद्यार्थियों की कोई परीक्षा नजदीक है तो उस दृष्टि से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मानकों के अनुसार प्रयोग हो।

महिला के हुए कोर्ट में 164 के बयान

# पीड़िता बोली, लेफ्टिनेंट कर्नल डाल रहा समझौते का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तराखंड में पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाने वाली पीड़िता आरक्षक आत्महत्या करने वाली थी, लेकिन किसी के समझाने के बाद उसने महिला थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। वहीं शुक्रवार को पीड़िता के 164 के बयान भी दर्ज करवाए गए। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि आरोपी ने 2 अन्य महिलाओं को भी अपने प्रेम जाल में फंसाया था, जिनकी उससे बात हुई थी। उन महिलाओं ने पीड़िता से संपर्क किया था। सभी ने जब कॉन्फ्रेंस कॉल पर बात की, तब पता लगा कि आरोपी वरुण प्रताव सिंह (48) सभी को धोखा दे रहा है।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर फर्जी खाते बनाए हुए हैं, जिनसे कई महिलाएं जुड़ी हैं। एक आईडी उसने आदित्य के नाम से बनाई है और इसके अलावा भी कई फर्जी आईडी वो चला रहा है। वहीं पीड़िता के एफआईआर दर्ज करवाने के बाद अब आरोपी और उसका परिवार पीड़िता पर समझौते का दबाव डाल रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसे आरोपी ने कॉल कर पैसों का लालच देकर समझौता करने की बात कही है।

### कई महिलाओं का किया शोषण

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल वरूण प्रताप सिंह जहां भी पोस्टेड रहा है, वहां उसने महिलाओं को अपनी पोस्ट की दम पर बहकाया है। पीड़िता के संपर्क में दो महिलाएं आई है, लेकिन इसके अलावा भी कई और महिलाओं को भी आरोपी ने फंसाया है। पीड़िता का कहना है कि जिन महिलाओं को आरोपी ने फंसाया है, उनमें एक गर्भवती भी है।

# 50 स्टेशन के 600 फुटेज खंगाले, तब पकड़ में आए युवक को ट्रेन से फेंकने वाले 4 किन्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा जिले की गंजबासौदा पुलिस ने 14 मार्च को चलती ट्रेन में पीट–पीटकर युवक की हत्या के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी किन्नर हैं। इनमें दो आरोपियों को उप्र के शामली और दो को पानीपत से पकड़ा है।

आरोपियों को पकड़ने पुलिस ने दिल्ली, भोपाल से रायपुर और हरियाणा तक 50 रेलवे स्टेशनों के 600 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले। पकड़े गए आरोपियों में बिलाल उर्फ बिल्लो (25), वाजिद अली उर्फ तानिया शेख (21), आरिस अंसारी उर्फ छोटी (20) और सौम्या उर्फ सावेज (21) शामिल हैं। एक अन्य आरोपी जोया उर्फ लल्ला फरार है। सभी आरोपी उत्तरप्रदेश के शामली जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है। 26 मार्च को पुलिस आरोपियों को गंजबासौदा लेकर पहुंची। यहां से पूछताछ के बाद 28 मार्च को कोर्ट में पेश किया और यहां से जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि 14 मार्च को गंजबासौदा-पवई के बीच रेलवे ट्रैक पर झाड़ियों में आदर्श विश्वकर्मा (34) नाम के युवक की लाश मिली थी। वह विदिशा से भोपाल रोजाना अपडाउन करता था। वह भोपाल में मोबाइल दुकान पर काम करता था।

विश्वविद्यालय डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे नए कोर्स करें शुरू

# विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज शुरू करें अस्पताल की व्यवस्था करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने-अपने क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज आरंभ करें, राज्य सरकार अस्पतालों को उनके साथ संबद्ध करने की व्यवस्था करेगी। इन अस्पतालों के वेतन-भत्तों का भार राज्य सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र विश्वविद्यालयीन संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवि पठन-पाठन-परीक्षा आदि की व्यवस्था करेंगे और परीक्षा फीस का उपयोग मेडिकल कॉलेज, संचालन-प्रबंधन, विस्तार में किया जा सकेगा। डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे कोर्सेज सहित सभी संकाय विश्वविद्यालय अपने क्षेत्र में संचालित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश के शासकीय विवि के पेंशनर्स, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी संगठनों ने सम्मान किया।



*मप्र विवि संयुक्त संघर्ष समिति ने किया सीएम का अभिनंदन*

### आईपीएस शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित...



**भोपाल**। चार इमली स्थित आईएएस ऑफीसर्स बेस में आईपीएस रहे स्वर्गीय मनीष शंकर शर्मा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी, उनके पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान विभाग में शर्मा के किए गए उत्कृष्ट कार्यो को याद किया कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## लाइफ स्टाइल




# 25 अप्रैल को रिलीज होगी 'ज्वेल थीफ'

**मुंबई**। 'वार' और 'पठान' फेम सिद्धार्थ आनंद जल्द ही अपनी एक नई फिल्म ला रहे हैं। फिल्म का नाम 'ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स' है। फिल्म मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। फिल्म का निर्देशन रोब्बी ग्रेवाल और कूकी गुलाटी कर रहे हैं। क्राइम फिल्म में सैफ अली खान, जयदीप अहलावत और कुणाल कपूर अहम भूमिका में होंगे। 'ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स' 25 अप्रैल को नेटफिलिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म में सैफ अली खान एक शातिर ठग की भूमिका में हैं। सैफ अली खान की जयदीप अहलावत के साथ उलझते हैं।

लाइफ Style

# शनाया


## हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म

एजेंसी ⏭ मुंबई

शनाया कपूर अपनी पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है।

एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया 'मुंजा' स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी। इन फिल्मों से पहले शनाया की फिल्म 'तू या मैं' का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें वह आदर्श गौरव के साथ नजर आईं। यह एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म है, जिसे आनंद एल. राय ने सपोर्ट किया है। प्रशंसकों को यह टीजर बहुत पसंद आया और वह लगातार शनाया की तारीफ कर रहे हैं। इसके अलावा शनाया विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' में भी आएंगी।

सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं। शनाया बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने 'निगोड़ी कैसी जवानी है' में देखा होगा।



## हॉलीवुड मसाला




# फिर प्रोड्यूसर बने लियोनार्डो

**लॉस एंजिल्स**। ऑस्कर विजेता अभिनेता और निर्माता लियोनार्डो डिकैप्रियो फिल्ममेकर शैनन क्रिंग के साथ एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। दोनों ने आगामी डॉक्यूमेंट्री 'नाइन लिटिल इंडियंस'के लिए हाथ मिलाया है। इसमें अमेरिकन मूल निवासी बच्चों के साथ एक अमेरिकी बोर्डिंग स्कूल में हुई दर्दनाक कहानी को दिखाया जाएगा। लियोनार्डो डिकैप्रियो इसे प्रोड्यूस करेंगे। ये डॉक्यूमेंट्री मौजूदा वक्त में पोस्ट प्रोडक्शन में है। इसकी कहानी चारोबोन्यू या शार बोह नोह बहनों और उनके बचपन के स्कूल के साथियों के बीच लगभग दो दशक लंबी कानूनी लड़ाई पर आधारित है।



# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट लिस्ट का ऐलान

**लॉस एंजिल्स**। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। फिल्म में डॉक्टर डूम यानी रॉबर्ट डाउनी जूनियर से भिड़ने के लिए एमसीयू ने 26 लोगों की फौज तैयार की है। फिल्म की कास्ट डिटेल की घोषणा हुई है। क्रिस हेम्सवर्थ जहां फिल्म में 'थॉर' के रूप में नजर आएंगे। वहीं, एंथनी मैकी भी 'कैप्टन अमेरिका' बनेंगे। इसी तरह सेबेस्टियन स्टेन के बकी बार्न्स, पॉल रुड के एंट-मैन और टॉम हिडलेस्टन के लोकी जैसे एवेंजर्स की टुकड़ी वापस लौट रही है। इसके साथ 'एवेंजर्स' की टोली में 'एक्स-मेन' फ्रेंचाइज के हीरोज भी शामिल होंगे। वैनेसा किर्बी, जो इस जुलाई के 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' में इनविजिबल वुमन सू स्टॉर्म की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, वो भी 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए तैयार हैं।



# अनन्या 'केसरी 2' में आएंगी नजर

**मुंबई**। अनन्या पांडे 'केसरी 2' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार और आर. माधवन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा अभिनेत्री के पास लक्ष्य के साथ रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' और 'कॉल मी बे'का दूसरा सीजन भी है। अभिनेत्री अनन्या पांडे फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। पिछले कुछ समय से वॉकर ब्लैंको के साथ अपने कथित रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अटकलों के बीच हाल ही में वॉकर ब्लैंको ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। उनकी पोस्ट पर अनन्या ने तुरंत अपनी प्रतिक्रिया दी। रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर अनन्या खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाईं। अभिनेत्री ने एक प्यारा सा कमेंट करते हुए लिखा, 'मिस्टर वर्ल्ड वाइड।'



# ऋतिक खुद ही डायरेक्ट करेंगे 'कृष 4'

**मुंबई**। अभिनय के क्षेत्र में अपना दमखम दिखाने के बाद अभिनेता ऋतिक रोशन 'कृष 4' से अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके पिता राकेश रोशन ने घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म की कमान वह ऋतिक को सौंप रहे हैं। लंबे समय से फिल्म के निर्देशन को लेकर चर्चा चल रही थी। लगातार यह संशय बना हुआ था कि फिल्म का निर्देशन कौन करेगा? आदित्य चोपड़ा की अगुवाई में यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण होगा। राकेश रोशन ने कहा, 'मैं 'कृष 4' के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी को शुरू से ही मेरे साथ जिया, महसूस किया और इसके बारे में सपने देखे हैं। ऋतिक के पास अगले दशकों तक दर्शकों के साथ 'कृष' की यात्रा को आगे बढ़ाने का एक साफ और बहुत ही महत्वाकांक्षी विजन है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930